

- पश्चिम बंगाल में झारखंड और ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे - 12



- एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का - 12



- डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप - 13



- भारत के खिलाफ हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी: जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स - 14


आज का मौसम
29.0⁰ अधिकतम तापमान
14.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.36
सूर्यास्त 06.07

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी 02:41 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 25 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 186, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# सिंगापुर से यूपी को मिला भारी निवेश का प्रस्ताव, 60 हजार करोड़ के हुए एमओयू

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा- मील का पत्थर साबित होंगे एमओयू, एक लाख करोड़ के प्रस्ताव अब तक मिल चुके
- सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व से हुई मुलाकात एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**सिंगापुर :** एमओयू ड्राफ्ट के साथ मुख्यमंत्री योगी। साथ में यूपी और सिंगापुर के अधिकारी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के आखिरी दिन एलान किया कि टीम यूपी को सिंगापुर में करीब एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिनमें से 60 हजार करोड़ के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' के माध्यम से हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह निवेश उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029–30 तक एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में निर्णायक मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी है। निवेशकों को यूपी में हो रही हर गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में राज्य को इतना बड़ा भरोसा और निवेश मिला है। आज भारत और यूपी की छवि वैश्विक स्तर पर अत्यंत सकारात्मक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री सहित शीर्ष नेतृत्व से उनकी सार्थक और सकारात्मक बातचीत हुई। इन बैठकों में एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और स्किलिंग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक सहमति बनी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में 100 से अधिक शीर्ष प्रतिनिधियों से संवाद हुआ, जिनमें कई कंपनियां पहले से भारत और यूपी में निवेश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप बीते साढ़े आठ–नौ वर्षों में यूपी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जनकल्याण में तेज प्रगति की है। निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिसका असर गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में दिख रहा है।

### सिंगापुर में क्या तय हुआ

- कुल निवेश प्रस्ताव : एक लाख करोड़ रुपये
- संपन्न एमओयू : 60 हजार करोड़ रुपये
- फोकस सेक्टर : एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग

### शीर्ष स्तर की मुलाकातें

- सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री, ऊर्जा मंत्री
- 100 वैश्विक कंपनियों/प्रतिनिधियों से संवाद
- फिनटेक, एविएशन और इंफ्रास्ट्रक्चर में साझेदारी पर सहमति

### जेवर से एमआरओ कार्गो हब की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की अत्याधुनिक एविएशन सुविधाओं का अध्ययन किया। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने की दिशा में ठोस रुचि सामने आई है। वर्तमान में बड़ी संख्या में विमान एमआरओ के लिए सिंगापुर आते हैं– यह सुविधा भारत में, विशेषकर जेवर में विकसित की जा सकती है। निवेशकों ने इस पर गंभीर तैयारी दिखाई है।

### यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ा जाएगा

योगी ने सिंगापुर के विश्वस्तरीय आईटीई स्किलिंग मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ने और सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन के जरिए 'एम्प्लॉयमेंट–रेडी' इकोसिस्टम बनाने की पहल को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलेगा। योगी ने वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों और भारतीय उच्चायुक्त व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि सिंगापुर में हुए करार और प्रस्ताव यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर इकानमी के लक्ष्य तक तेजी से ले जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### पुरुष मित्र के सामने युवती से सात लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**सिलचर।** असम के कछार जिले के सिलचर शहर के पास अपने पुरुष मित्र के साथ घूमने आई 28 वर्षीय युवती के साथ सात लोगों ने दुष्कर्म किया और उससे जबरन पैसे भी वसूले। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने 19 फरवरी को हुई इस घटना की शिकायत की जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुरू में इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी, लेकिन मंगलवार को सिलचर स्थित एक पत्रकार पर आरोपियों में से एक के परिवार के सदस्यों द्वारा हमला किए जाने के बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### मोदी आज जाएंगे इजराइल, रणनीतिक संबंध करेंगे प्रगाढ़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार से इजराइल का दो दिवसीय दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य अमेरिका और ईरान के बीच बिगड़ते संबंध सहित पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच, द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार सहयोग को प्रगाढ़ करना है। मोदी के कार्यक्रमों में इजराइल की संसद को संबोधित करना, समकक्ष नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात भी शामिल है। नेतन्याहू बुधवार रात मोदी के लिए निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। यह नौ वर्षों में मोदी की इजराइल की दूसरी यात्रा होगी।

### निधि छिब्बर को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह निधि छिब्बर को मंगलवार को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। आईएएस की 1994 बैच की छत्तीसगढ़ कैडर की अधिकारी छिब्बर वर्तमान में नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकार ने छिब्बर को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दे दी है।


# सेवातीर्थ में कैबिनेट का पहला फैसला 'केरलम' नाम से जाना जाएगा केरल

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक, 12,236 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसले मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी गई। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपये है। कच्चे जूट के लिए नई एमएसपी को मंजूरी के साथ पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए और केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की मंजूरी भी दे दी गई।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर में अपनी पहली बैठक में यह संकल्प लिया कि सेवा तीर्थ में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा और हर भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि सेवा तीर्थ से संचालित शासन का हर प्रयास देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने की भावना से जुड़ा रहेगा। सेवा संकल्प प्रस्ताव के अनुसार, नए भवन में लिया गया प्रत्येक निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र-निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा। प्रस्ताव के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल यह संकल्प दोहराता है कि इस परिसर में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा। यह स्थान शक्ति के प्रदर्शन का नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। इसमें कहा गया है, हम यह दोहराते हैं कि अपनी दृष्टि के मुताबिक उस तरह के शासन को और मजबूती देंगे, जो पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक की संवेदनाओं के प्रति सजग हो। सेवा तीर्थ की कार्य-संस्कृति में यही भावना निहित होगी, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों के प्रति उत्तरदायी होगा।



### रेलवे की 9,072 करोड़ की 3 परियोजनाएं मंजूर

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन तीन परियोजनाओं में गोंदिया–जबलपुर खंड का दोहरीकरण और पुनारख–किऊल तथा गम्हरिया–चांडिल खंड के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाना शामिल है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार व झारखंड के आठ जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

### श्रीनगर हवाई अड्डे का 1,677 करोड़ से होगा विकास

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ रुपये की लागत से सिविल एन्क्लेव बनाने को मंजूरी दे दी है। सिविल एन्क्लेव का विस्तार कश्मीर घाटी में विमानन बुनियादी ढांचे और संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। सिविल एन्क्लेव भारतीय वायुसेना या सशस्त्र बलों के हवाई अड्डे के भीतर स्थित वह विशेष क्षेत्र है, जिसे नागरिक उड़ानों के उपयोग के लिए आवंटित किया जाता है।

### कच्चे जूट का एमएसपी 275 रुपये बढ़ाकर 5,925 रुपये प्रति क्विंटल किया

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026–27 में कच्चे जूट के लिए 5,925 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 275 रुपये ज्यादा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, जूट उगाने वालों को फायदा होगा। भारत दुनिया में कच्चे जूट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। टीडी–3 ग्रेड के कच्चे जूट के लिए तय किया गया एमएसपी, किसानों को उत्पादन की अखिल–भारतीय भारित औसत लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ देगा।

# एआई समिट में हंगामे का मुख्य साजिशकर्ता युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब, गिरफ्तार

- दिल्ली पुलिस ने आरोपी को भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मास्टरमाइंड बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों के एक समूह द्वारा कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन के संबंध में संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब को मुख्य साजिशकर्ता करार देते हुए गिरफ्तार कर लिया। चिब की गिरफ्तारी मेमो में उन्हें भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताया गया है, जहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रविरोधी नारे लगाए और दंगे जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की। दिल्ली की एक अदालत ने चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

चिब की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका को देखते हुए पुलिस ने राजधानी के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। चिब की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। पुलिस ने गत शुक्रवार को भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था, जिनमें से तीन को मध्यप्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया था। उनकी पहचान जितेंद्र यादव, राज गुज्जर और अजय कुमार के रूप में की गयी है।



दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में उदय भानु चिब।

### युवा कांग्रेस के गिरफ्तार सदस्यों पर दंगे का आरोप भी लगाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कमीज उतार कर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ दंगा करने का आरोप भी दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(1) (दंगा) और 192 जोड़ी गई है। विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने आरोपियों को आक्रामक तत्व करार दिया और कहा कि 20 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों की उपस्थिति में सुरक्षा घेरा भंग करने की पूर्व नियोजित कोशिश देखी गई।

# सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और पत्नी के खिलाफ धनशोधन मामले में आरोपपत्र

- अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने उप्र से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी के खिलाफ कथित अवैध कब्जे और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है।

ईडी ने मंगलवार को कहा कि अभियोजन शिकायत, जो ईडी की ओर से दाखिल आरोपपत्र के समान होती है, सोमवार को लखनऊ में पीएमएलए अदालत में दायर की गई। बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा सीट से वर्ष 2007 से 2017 के बीच दो बार सपा के विधायक रहे हाशमी और उनकी पत्नी रोजी सलमा को इस मामले में आरोपी बनाया गया है। ईडी का यह मामला उप्र पुलिस द्वारा हाशमी और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज की गई कई प्राथमिकियों और आरोपपत्रों से उत्पन्न हुआ है। उन पर अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, हाशमी और उनकी पत्नी के बैंक खातों में बड़ी मात्रा में 'बेहिसाबी' नकदी जमा पाई गई है, जो उनके घोषित आय स्रोतों के साथ स्पष्ट रूप से असंगत थी।

# सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सरकार का बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** महिलाओं में रोके जा सकने वाले कैंसर को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, केंद्र सरकार जल्द ही 14 वर्ष की आयु की लड़कियों को लक्षित करते हुए राष्ट्रव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत एकल खुराक के रूप में 'गार्डासिल' नामक 'क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन' का इस्तेमाल किया जाएगा। यह इंजेक्शन सर्वाइकल कैंसर का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है। सूत्रों ने कहा कि यह अभियान एक विशेष टीकाकरण अभियान होगा और सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि यह डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के अनुरूप है, जिनमें एचपीवी टीकाकरण को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उन्मूलन की वैश्विक रणनीति का एक केंद्रीय स्तंभ माना गया है।

इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, मजबूत वैश्विक और भारतीय वैज्ञानिक प्रमाण इस बात की पुष्टि करते हैं कि अनुशंसित आयु वर्ग की लड़कियों में टीके की एक खुराक ही मजबूत और दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करती है।




- 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी

# अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तारी का डर हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई

प्रयागराज/वाराणसी, एजेंसी

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। सूत्रों के अनुसार, अदालत में आवेदन दाखिल करने से पहले इस संबंध में सरकारी वकील के कार्यालय को नोटिस भेजा गया है।

प्रयागराज के झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ताओं में स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और एक नाबालिग सहित दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिन्होंने गुरुकुल में और माघ मेले सहित धार्मिक सभाओं के दौरान यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया था। इस बीच, वाराणसी में विद्यामठ में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, हमारे शुभचिंतक अधिवक्ता हमारे पास आए थे। हमसे कहा कि हम आपकी सहायता करने के लिए तैयार हैं तो हमने कहा ठीक है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कुछ वकीलों ने सहायता की पेशकश करते हुए उनसे संपर्क किया था, लेकिन उन्हें अब तक उठाए गए किसी भी कदम के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अविमुक्तेश्वरानंद ने एक तस्वीर दिखाई और आरोप लगाया कि प्रयागराज का एक पुलिस अधिकारी उनके खिलाफ साजिश रचने के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि तस्वीर में अधिकारी केक काटते हुए और आशुतोष ब्रह्मचारी उनके पास खड़े दिखते हैं।



- बोले- प्रयागराज में रची जा रही साजिश, पूरा सिस्टम मेरे खिलाफ

**बदलाव** एनसीईआरटी ने पुस्तक में किया बदलाव, भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे

# 8वीं के छात्र पढ़ेंगे कोर्ट में कितने पेंडिंग केस, क्या हैं न्यायिक चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

अब स्कूली बच्चे कम उम्र में ही न्यायपालिका के सामने मौजूद वास्तविक चुनौतियों से परिचित होंगे। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नई किताब के न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक वाले संशोधित अध्याय में न्यायालयों के पदानुक्रम और न्याय तक पहुंच की व्याख्या करने से आगे बढ़कर न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान तक का जिक्र है।

पाठ्यपुस्तक के पहले के संस्करणों में मुख्य रूप से न्यायालयों की संरचना और भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अध्याय में लिखा है, न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। गरीबों और वंचितों के लिए इससे न्याय तक पहुंच का मुद्दा और भी गंभीर हो सकता है। इसलिए न्यायिक प्रणाली में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी का उपयोग भी शामिल है और जहां भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आएं, उनके खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है।




### पुस्तक में सुप्रीम कोर्ट में 81,000, हाईकोर्ट में 62.40 लाख और जिला अदालतों में 4.70 करोड़ लंबित मुकदमों का जिक्र

पुस्तक के अनुसार, उच्चतम न्यायालय में लंबित मुकदमों की अनुमानित संख्या 81,000 है, उच्च न्यायालयों में 62.40 लाख और जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं। पुस्तक में न्यायपालिका की आंतरिक जवाबदेही प्रणालियों को रेखांकित किया गया है और शिकायतें प्राप्त करने की स्थापित प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है, जो केंद्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) के माध्यम से संचालित होती है। पुस्तक में लिखा है कि 2017 से 2021 के बीच इस तंत्र के जरिए 1,600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। पाठ्यपुस्तक में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई का भी उल्लेख किया गया है, जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं का जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पुस्तक में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया है कि हालांकि, इस विश्वास को पुनर्स्थापित करने का मार्ग इन मुद्दों के समाधान के लिए त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में निहित है। पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्वपूर्ण गुण हैं।

अमृत विचार

कानपुर, बुधवार,25 फरवरी 2026

प्रदेश

## न्यूज ब्रीफ

### रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने जिला कृषि अधिकारी कार्यालय श्रावस्ती के कनिष्ठ सहायक को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई गोंडा यूनिट की टीम ने सोमवार को की। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उसे जेल भेज दिया गया है। एंटी करप्शन के अधिकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि जिला कृषि अधिकारी कार्यालय श्रावस्ती में तैनात कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार वेतन व भत्तों के भुगतान के लिए रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत का सत्यापन कराया गया। इसके बाद एंटी करप्शन की टीम ने जाल बिछाया। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार सिंह की टीम ने विकास भवन परिसर स्थित कैंटीन के पास से आरोपी सुनील कुमार मौर्या को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। सुनील कुमार इकौना के बेचूबाबा मोहल्ला का रहने वाला है। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

### 46 राजकीय महाविद्यालयों में बनेंगी स्मार्ट क्लासेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के नव-निर्मित 46 राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस की स्थापना के लिए 4 करोड़ 9 लाख 86 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। यह धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवमुक्त की गई है। शासनादेश के अनुसार, प्रत्येक नव-निर्मित राजकीय महाविद्यालय में एक-एक स्मार्ट क्लास स्थापित की जाएगी। इसके लिए अनुदान संख्या-73 के अंतर्गत पूंजीगत मद में स्वीकृत धनराशि में से 409 .86 लाख रुपये उच्च शिक्षा निदेशालय को उपलब्ध कराए जाएंगे।

### राज्य में विश्व स्तरीय बाइक रेसिंग को करार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी में विश्व स्तर की मोटर साइकिल रेसिंग शुरू करने के लिए स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन और एवीडब्ल्यू ग्लोबल के बीच महत्वपूर्ण समझौते पर दस्तखत किए गए। इस दौरान स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह कहा कि हम विश्व स्तर की रेसिंग सुविधा के लिए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का पूरी क्षमता से उपयोग किया जाएगा। एवीडब्ल्यू ग्लोबल के फाउंडर कैरल अब्राहम ने बताया कि भारत दुनिया में मोटर साइकिल का बड़ा बाजार है। इसलिए यहां पर विश्व स्तर की रेस होनी चाहिए।

### बिना लाइसेंस कोल्ड स्टोरेज न चलें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में आलू की बंपर पैदावार को देखते हुए योगी सरकार ने किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए कड़ा रुख अपनाया है। शासन ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिना वैध लाइसेंस कोई भी शीतगृह संचालित न होने पाए। वर्ष 2026 के लिए सभी कोल्ड स्टोरेज का लाइसेंस नवीनीकरण अनिवार्य किया गया है। शासनादेश के अनुसार, भवन या मशीनरी में खराबी से आलू खराब होने पर पूर्व आदेशों के तहत क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बंद शीतगृहों को भी अगले सत्र से पहले चालू कराने के निर्देश हैं। किसानों की सुविधा के लिए बुकिंग प्रक्रिया समय से शुरू करने और 85 प्रतिशत क्षमता भरते ही सार्वजनिक सूचना देने को कहा गया है। सभी शीतगृहों पर 2×4 फीट के बोर्ड पर 'आलू किसान अधिकार पत्र' और भंडारण शुल्क प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम हेतु 2025-26 में 18 .40 लाख रुपये 21 जिलों को जारी किए गए हैं। गोंडा को 2 .40 लाख और अन्य 20 जिलों को 80-80 हजार रुपये आवंटित किए गए हैं।

# 'प्रहार' नीति से आतंक पर कसेगा शिकंजा

- आतंकियों के स्लीपर माड्यूल के नेटवर्क की टूटेगी कमर

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी आतंकवाद के गहरे दंश झेल चुका है। कई लोगों की जानें आतंकवादी हमलों में जा चुकी हैं। अब केन्द्र सरकार ने देश की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति प्रहार जारी की है, तो उससे प्रदेश में आतंक पर शिकंजा कसने की उम्मीद जगी है।

प्रहार नीति से एक ओर यहां आतंकवाद पर लगाम तो लग सकेगी, वहीं स्लीपिंग माड्यूल का नेटवर्क भी ध्वस्त हो सकेगा। इसके अलावा साइबर अपराध से लेकर ड्रोन खतरों से निपटने में सहायता मिलेगी। नीति इस तरह बनाई गई है कि आतंकी संगठन इंटरनेट के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क करते ही रडार पर आ जाएंगे, वहीं मिलने वाली फंडिग पर भी काफी हद तक रोक लग सकेगी। आतंकियों के खात्मे के लिए चलाए गए आपरेशनों का नेतृत्व करने वाले पूर्व पुलिस महानिरीक्षक बद्री प्रसाद सिंह का कहना है कि यदि इस नीति को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए तो आतंकवाद के साथ ही साइबर क्राइम पर काफी हद तक रोक लग सकेगी।

# विधायिका की धारणा बदली, छवि सुधरी : सतीश महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बजट सत्र में सुबह 11 से रात 10 बजे तक चली सदन की कार्यवाही
- 10 दिनों में 75 घंटे से अधिक काम, 6 विधेयक पारित, 958 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना।

**अमृत विचार:** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि बीते चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका को लेकर समाज में बनी नकारात्मक धारणा में बड़ा बदलाव आया है और विधानसभा की छवि में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब विधानसभा की कार्यवाही को लेकर आमजन के मन में नकारात्मक सोच बन गई थी, लेकिन अब सदन गंभीर, सार्थक और जनहित से जुड़े विमर्श का केंद्र बन चुका है।

विधानसभा अध्यक्ष बजट सत्र समाप्त होने के बाद मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब सदन में मुद्दों पर विस्तृत बहस होती है और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष, दोनों अपने-अपने पक्ष को मजबूती के साथ रखते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष परिस्थितियों में विधानसभा 24 से 36 घंटे तक लगातार चली है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के सुदृढ़ होने का संकेत है। इस बार के बजट सत्र में भी सदन की कार्यवाही नियमित रूप से सुबह 11 बजे शुरू होकर कई बार रात 9 से 10 बजे तक चली। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने जनहित के मुद्दों को गंभीरता से उठाया और उन पर सार्थक चर्चा हुई।

साल में 90 दिन विधानसभा न चल पाने से जुड़े सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन का विधायी कार्य और एजेंडा सरकार तय करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी और लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती मिलेगी। सतीश महाना ने बताया कि इस बजट सत्र में विनियोग विधेयक सहित कुल छह विधेयक पारित किए गए। इनमें उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक और उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंध (संशोधन) विधेयक शामिल हैं।

महाना ने सदन की कार्यवाही से जुड़े आंकड़े साझा करते हुए बताया कि इस बार विधानसभा में कुल 2427 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें से 1956 प्रश्न स्वीकृत किए गए। स्वीकृत प्रश्नों में से 958 प्रश्नों के उत्तर सदस्यों को प्राप्त हो चुके हैं। इस बजट सत्र में विधानसभा 10 दिनों में कुल 75.08 घंटे चली, जबकि इस दौरान 2.23 घंटे का व्यवधान भी दर्ज किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बढ़ता कार्यकाल, लंबी बहसें और विधायी कामकाज यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा अब जवाबदेही, गंभीरता और जनहित की दिशा में आगे बढ़ रही है और इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# योगी के वैश्विक अर्थशास्त्र का सिंगापुर कायल

## उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा व शहरी प्रबंधन पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री गान किम योंग और राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री व गृह मंत्री के. शनमुगम के साथ बैठक कर यूपी में निवेश पर चर्चा करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की वैश्विक निवेश मुहिम ने सिंगापुर में दो दिनों के भीतर ठोस और दूरगामी असर दिखाया। दूसरे दिन उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा व शहरी प्रबंधन पर सहमति बनी तो जेवर एयरपोर्ट पर 4,458 करोड़ रुपये का निवेश और इन्वेस्ट यूपी-एससीई की रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण रही। अब बुधवार से जापान यात्रा के साथ यह वैश्विक निवेश अभियान अगले चरण में प्रवेश करेगा।

मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व, मंत्रियों और वैश्विक निवेशकों के साथ बैठकों में नए यूपी की औद्योगिक, सुरक्षा और डिजिटल विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। इन बैठकों का केंद्र उत्तर प्रदेश में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे, साइबर सुरक्षा और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रहा।

उप-प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के प्रो-बिजनेस वातावरण, विशाल लैंड बैंक और शीघ्र ही चालू होने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से मिलने वाली कनेक्टिविटी को रेखांकित किया। बैठक में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सिंगापुर की कंपनियों द्वारा औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने, सेमीकंडक्टर निर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन मॉड्यूल पर विशेष फोकस के साथ निवेश संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सिंगल-विंडो क्लीयरेंस और नियामकीय सरलीकरण से बड़े प्रोजेक्ट्स की समय-सीमा में उल्लेखनीय कमी आई है।

**सुरक्षा, पुलिसिंग और प्रबंधन**

गृह मंत्री के शनमुगम के साथ संवाद में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में बेहतर होती कानून-व्यवस्था के अगले चरण पर चर्चा की। इसमें तकनीक-एकीकृत पुलिसिंग मॉडल, साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल और स्मार्ट सिटी प्रबंधन जैसे विषय शामिल रहे। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और ज्ञान-विनिमय को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। बैठकों के दौरान सिंगापुर के कारोबारी समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर, एविएशन (एमआरओ/कार्गो) जैसे क्षेत्रों में स्वतंत्र वित्तीय कोषों और निजी निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक पारदर्शिता के दौर में निवेशकों को यूपी की हर गतिविधि की जानकारी है, यही कारण है कि निवेशकों का भरोसा तेजी से बढ़ा है।

### सिंगापुर में योगी ने निकाला मेगा रोड शो

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन 'इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो' में उन्होंने उत्तर प्रदेश के 'ट्रिपल एस' (सेफ्टी, स्टेबिलिटी, स्पीड) मॉडल को निवेश की गारंटी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अब 'लैंड ऑफ पोटेंशियल' नहीं, बल्कि 'लैंड ऑफ परफॉर्मेंस' बन चुका है और 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 'सिंगापुर सिटी' विकसित करने की योजना प्रस्तुत करते हुए उन्होंने सिंगापुर के निवेशकों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में ब्लू प्लैनेट, एसी एविएशन, केएलके वेंचर्स समेत कई कंपनियों के साथ वेस्ट मैनेजमेंट, एमआरओ, सोलर और ज्वेलरी सेक्टर में एमओयू का आदान-प्रदान हुआ।

# राहुल की मुहब्बत की दुकान में बिक रही अराजकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एआई ग्लोबल समिट में कांग्रेस के 'नंगा नाच' पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का तीखा प्रहार
- कृत्य राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में कार्रवाई पर बोले- यह दिल्ली पुलिस बताएगी



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचार:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में आयोजित एआई ग्लोबल समिट के दौरान कांग्रेस नेताओं की कथित गतिविधियों को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की तथाकथित 'मुहब्बत की दुकान' में अब नफरत, अराजकता और भारत-विरोध की राजनीति हो रही है। उनका आरोप है कि यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के मुख्य साजिशकर्ता स्वयं राहुल गांधी थे।

मंगलवार को भाजपा राज्य मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पाठक ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर लगाए जा रहे आरोप तथा सोशल मीडिया पर की जा रही टिप्पणियां निंदनीय हैं। उन्होंने इसे राष्ट्रहित के विरुद्ध बताते हुए कड़ी भाषा में आलोचना की। राहुल गांधी के नाम पर तंज कसते हुए पाठक ने कहा कि उनकी राजनीति का उद्देश्य जनता को उकसाना और भ्रम फैलाना है।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जब भारत वैश्विक मंचों पर नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है, तब एआई ग्लोबल समिट में कांग्रेस नेताओं के व्यवहार से देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास हुआ। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा संबंधित लोगों का समर्थन करना इस पूरे घटनाक्रम पर सवाल खड़े करता है। हालांकि कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह विषय दिल्ली पुलिस के अधिकार क्षेत्र में है और वही उचित जानकारी दे सकेगी। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले पर उन्होंने कहा कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है और जमानत का विषय न्यायालय में विचाराधीन है।



वाराणसी में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मिलते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

## शंकराचार्य से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को वाराणसी स्थित उनके मठ में जाकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनका आशीर्वाद प्राप्त भी प्राप्त किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धर्म जब सत्य के साथ खड़ा होता है, तो विजय निश्चित होती है। महाराज जी के सानिध्य में जनकल्याण और जनसेवा के संकल्प को और मजबूती मिली है। इस मौके पर शंकराचार्य ने बताया कि उन्हें साजिशन फंसाया जा रहा है। उन्होंने एक फोटो भी दिखाया, जिसमें वाराणसी के एक आला पुलिस अधिकारी और मुकदमे के वादी एक साथ केक काटते हुए दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि शंकराचार्य के खिलाफ पाक्सो एक्ट में मुकदमा कायम है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शंकराचार्य को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष और केन्द्रीय ऐजेंसी से मामले की जांच कराने का आग्रह किया था।

# 405 अस्थायी पदों की निरंतरता को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**यूपीएमएससीएल**

- वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यालय व 75 जनपदीय वेयरहाउसों के पद बढ़ाए गए
- दवा आपूर्ति, वेयरहाउस संचालन और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने उप्र. मेडिकल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमएससीएल) के अंतर्गत सृजित 405 अस्थायी पदों की निरंतरता को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंजूरी दे दी है। चिकित्सा विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार इन पदों की अवधि 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक बढ़ाई गई है। आदेश राज्यपाल की सहर्ष स्वीकृति के साथ जारी हुआ है।

मुख्यालय स्तर पर 85 अस्थायी पद स्वीकृत हैं, जिनमें प्रबंध निदेशक, अपर प्रबंध निदेशक (प्रशासन), कंपनी सचिव, वित्त नियंत्रक, महाप्रबंधक, विधि अधिकारी, लेखाधिकारी, फार्मासिस्ट, बायो-मेडिकल इंजीनियर, आईटी एक्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय सहायक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। कुछ पद प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान भी है। इसके अलावा 75 जनपदों के वेयरहाउसों के लिए 320 पदों की निरंतरता को स्वीकृति दी गई है। इनमें 20 बड़े और 55 छोटे जनपदों के लिए फार्मासिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर, हैंडलर, चतुर्थ श्रेणी, सुरक्षा व सफाई कर्मियों के पद शामिल हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन पदों पर होने वाला व्यय निगम अपने संसाधनों से वहन करेगा और राज्य बजट पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। यह निर्णय प्रदेश में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा।

# बिजली कनेक्शनों में मनमानी पर सात इंजीनियर किए गए निलंबित

## निलंबित इंजीनियरों को बरेली के मुख्य अभियंता के यहां किया संबद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बिजली कनेक्शनों में मनमानी करके निरस्त करने के मामले में बड़ी कार्रवाई कर दी गई। लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्टेशन (लेसा) के अमौसी जोन के सात इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही उन्हें बरेली के मुख्य अभियंता आफिस से अटैच किया गया है। आरोप है कि इंजीनियरों ने कोई बगैर वैध कारण के एक हजार के अधिक नए बिजली कनेक्शनों को निरस्त कर दिया।

**यह हुए निलंबित**

निलंबित किए गए इंजीनियरों में अधिशासी अभियंता (कलेक्शन) नीरज कुमार, सहायक अभियंता अनुभव कुमार सिंह, अमित कुमार और प्रशांत कुमार गिरि के साथ जूनियर इंजीनियर दीपक पांडेय, रविन्द्र सिंह और दिनेश कुमार शामिल हैं।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने यह कार्रवाई की है। शिकायत मिली थी कि इंजीनियरों ने एक दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच एक हजार से अधिक नए कनेक्शनों के आवेदनों को बिना किसी उचित कारण के निरस्त कर दिया। आरोपों की जांच निदेशक (वाणिज्य) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति से कराई गई। समिति की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि झटपट पोर्टल पर प्राप्त नए बिजली कनेक्शन के आवेदनों को बिना ठोस कारण के ही निरस्त कर दिया, जो कि नियमों के खिलाफ है।

## प्रवासी भारतीय अनुभाग के 9 अस्थायी पदों की अवधि एक साल बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) अनुभाग के संचालन के लिए सृजित नौ अस्थायी पदों की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी है। राज्यपाल ने इन पदों की निरंतरता को 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक बनाए रखने की स्वीकृति प्रदान की है। शासनादेश के अनुसार, एनआरआई अनुभाग के संचालन हेतु वर्ष 2015 में कुल नौ अस्थायी पद सृजित किए गए थे। इनमें एक अनुभाग अधिकारी, तीन समीक्षा अधिकारी, एक समीक्षा अधिकारी (लेखा), दो सहायक समीक्षा अधिकारी, एक कंप्यूटर सहायक और एक अनुसेवक का पद शामिल है। इससे पहले इन पदों को 1 मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक के लिए विस्तार दिया गया था।

# बिजली के निजीकरण के खिलाफ प्रस्ताव पारित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन को मिला भाकियू का समर्थन
- निजीकरण के प्रयासों का पूरब से पश्चिम तक विरोध तेज

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण के प्रयासों के खिलाफ विरोध तेज होता जा रहा है। पूरब से पश्चिम तक कर्मचारी संगठन और किसान संगठन एकजुट होकर इसका विरोध कर रहे हैं। प्रांतीय विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का दावा है कि वर्तमान में औसत बिजली लागत 8.18 रुपये प्रति यूनिट है, जबकि निजीकरण के बाद निजी कंपनियों को न्यूनतम 16 प्रतिशत मुनाफे की गारंटी दी जाएगी। इससे बिजली दरें बढ़कर कम से कम 10 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच सकती हैं।

अलीगढ़ में मंगलवार को प्रांतीय विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और भारतीय किसान यूनियन (भानु) गुट का संयुक्त सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में संघर्ष समिति के संयोजक एवं ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-2025 को भी वापस लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान 10 हॉर्स पावर का पंप प्रतिदिन 10 घंटे चलाता है, तो उसे लगभग 2250 यूनिट मासिक खपत पर करीब 22,500 रुपये चुकाने पड़ सकते हैं। इससे किसानों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा।

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि निजीकरण के विरोध में किसान पूरी मजबूती से बिजली कर्मियों के साथ खड़े हैं। सम्मेलन में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में भी प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के पूर्व अध्यक्ष वीपी सिंह को भाकियू (भानु) के विद्युत प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## 28 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

**अमृत विचार, लखनऊः** होली पर्व पर यात्रियों की सुगम और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने विशेष परिवहन व्यवस्था लागू की है। इसके तहत 28 फरवरी से 9 मार्च तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। साथ ही, पर्व अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को 3600 से 4500 रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि दिल्ली और गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश से यात्रा का दबाव अधिक रहता है। इसे देखते हुए इन क्षेत्रों में बसों और कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या पहले से सुनिश्चित की जाएगी।

**बजट में नए प्रावधान** | ओबीसी और दिव्यांगजन कल्याण को मिलेगी नई ताकत : नरेंद्र कश्यप

# छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और पेंशन में बड़ा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- सामाजिक सुरक्षा पर योगी सरकार का फोकस



जानकारी देते मंत्री नरेंद्र कश्यप।

**अमृत विचार:** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बजट 2026-27 को सामाजिक न्याय और अंत्योदय की दिशा में ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

मंगलवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री ने बताया कि बजट 2026-27 में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 3402 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। वहीं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का बजट बढ़ाकर 2140 करोड़ कर दिया गया है।

नरेंद्र कश्यप ने कहा कि छात्रवृत्ति व्यवस्था में किए गए सुधारों के चलते वर्ष 2023-24 से अब तक एक भी पात्र छात्र वंचित नहीं रहा। आय सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये किया गया है, जिससे लाखों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। पूर्वदशम छात्रवृत्ति राशि भी 2250 से बढ़ाकर 3000 कर दी गई है। वर्ष 2026-27 में लगभग 38 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने की संभावना है। शादी अनुदान योजना के तहत आय सीमा बढ़ाकर 1 लाख किए जाने से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके लिए 210 करोड़ का बजट रखा गया है। ओबीसी छात्रावासों के रखरखाव के लिए पहली बार 5 करोड़ का अलग प्रावधान किया गया है।

मंत्री ने बताया कि दिव्यांगजन पेंशन 1000 से बढ़ाकर 1500 प्रतिमाह की जा रही है। सभी 18 मंडलों में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित होंगे। दिव्यांग छात्राओं के लिए ई-ट्राईसाइकिल योजना और चित्रकूट स्थित दिव्यांग विश्वविद्यालय को राज्य सरकार के अधीन लाना भी बड़े कदम हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी विकास और सामाजिक सरोकार का स्पष्ट प्रमाण है।

**न्यूज ब्रीफ**



रसूलाबाद का जिलेदारी कार्यालय

### अफसरों के नहीं आने से सफेद हाथी बना नहर कोठी कार्यालय

**रसूलाबाद।** पुराने समय से रसूलाबाद में नहर, बंबों के पानी की आबपासी निर्धारण, वसूली एवं नहर विभाग से संबंधित शिकायतों के लिए खोला गया जिलेदारी कार्यालय (अब अभियंता कार्यालय) अधिकारियों के न बैठने से शोपीस बनकर रह गया है। यहां सहायक अभियंता स्तर के दो अभियंताओं की नियुक्ति है किंतु क्षेत्रीय किसानों को अपनी समस्याओं के लिए अक्सर भटकना पड़ता है। जिलेदारी कार्यालय में उनकी समस्या सुनने के लिए कोई उपलब्ध नहीं रहता है। क्षेत्रीय किसानों की सुविधा के लिए फैली नहर एवं बम्बों की आए दिन पटरियों के कटने या ओवरफ्लो होने पर किसानों की सैकड़ों बीघे फसलें जलमग्न हो जाती हैं। ऐसे समय में किसान नलकूपों का सहारा लेकर अपने खेतों का पानी निकालने को विवश होता है। इन नहर, बंबों का पानी बंद कराने के लिए कोई सहारा नहीं होता है। इसके लिए किसान नहर विभाग के कार्यालय, जिन्हें पहले जिलेदारी कार्यालय कहा जाता था, पहुंचते थे। वहां उनकी समस्या पर कार्रवाई की जाती थी।

रसूलाबाद जिलेदारी कार्यालय में इस समय दो सहायक अभियंताओं राजेंद्र नाथ शुक्ला एवं राजेश यादव की नियुक्ति है। कार्यालय में मिले वरिष्ठ सहायक रामनरेश ने बताया कि यहां पर दो सहायक अभियंताओं राजेंद्र नाथ शुक्ला व राजेश यादव की नियुक्ति है किंतु वह प्राय: उपलब्ध नहीं रहते हैं। इसका कारण उन्होंने इस समय एसआईआर व बोर्ड परीक्षाओं में ड्यूटी लगे होने का भी हवाला दिया।

### आज जिले के दौरे पर रहेंगे प्रभारी मंत्री

**कानपुर देहात।** सूबे के मत्स्य विभाग के मंत्री और जिले के प्रभारी डॉ. संजय कुमार निषाद बुधवार को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। उनके कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार की रात 10 बजे वह यहां पहुंचेंगे। इसके बाद बुधवार को प्रात: 9 बजे प्रभारी मंत्री सभी सदस्यों के साथ बैठक एवं चर्चा करेंगे। 10 .30 बजे विकास भवन सभागार मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला प्रशासनिक समन्वय समिति मार्गदर्शिका 2026 की बैठक करेंगे। दोपहर 12 बजे मंत्री की अध्यक्षता में जनपदीय कानून व्यवस्था, समस्त विभागों की प्रगति एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक होगी।

### स्कूल का ताला तोड़कर टैबलेट और बर्तन किए चोरी

**शिवली।** मैथा ब्लाक के बलुआपुर गांव के जूनियर हाई स्कूल विद्यालय का बीती रात ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। चोर यहां से एक टैबलेट व किचन का सामान चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जूनियर हाईस्कूल विद्यालय के सहायक अध्यापक राजेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को बताया कि सुबह स्कूल आने पर कमरों के ताले तोड़कर बक्से में रखा एक टैबलेट, एक सिलेंडर, थालियां, प्लेटें ग्लास चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज को गई है। घटना की जांच एसआई सोमवार सिंह को सौंपी गई है।

### रसूलाबाद में कार्यक्रम के समापन पर हुआ भंडारा

**रसूलाबाद।** धार्मिक आयोजनों से न केवल धार्मिक आस्था समाज में बढ़ती है वरन समाज में एकता, सहयोग और सद्भावना का संदेश भी फैलता है। यह बात सलेमपुर महेरा में आयोजित दुर्गा मंदिर में पूजन और भंडारा कार्यक्रम में किशन दुबे ने कही। कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख राधा द्विवेदी द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना और मंत्रोपचार के साथ हुआ। समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने मां जगतजननी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।

# खेत जा रहे किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

## मक्का पुरवा गांव की घटना, पुलिस ने कब्जे में लिया शव, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** मंगलवार भोर पहर शौच के लिए खेतों पर जा रहे वृद्ध किसान की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में रोना पीटना मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।



शिवपाल।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के मक्का पुरवा गांव निवासी 70 वर्षीय किसान शिवपाल मंगलवार भोर पहर करीब 3 बजे घर से शौच क्रिया के लिए खेतों पर जा रहा था जहां रास्ते में वह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो सड़क किनारे गिर गया। जहां उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। काफी देर तक उसके वापस न आने पर घर पर मौजूद उसके भाई रामनारायण ने उसकी खोजबीन की तो सड़क किनारे उसका शव पड़ा मिला। पुत्री आशा, नीतू, रामवती तथा मीना पुत्र विनोद, रामबिहारी व राम-लखन भाई राम नारायण का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। भाई की सूचना पर पहुंचे मैथा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह ने छानबीन की। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि वृद्ध किसान की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हुई है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



रसूलाबाद में घटना के बाद बिलख पड़े धर्मेंद्र के परिजन। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

**रसूलाबाद।** कस्बे के केशव नगर निवासी जन सेवा केंद्र संचालक युवक की कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग के समीप मालगाड़ी की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई।केशव नगर निवासी तेजराम का पुत्र धर्मेंद्र 23 जन सेवा केंद्र चलाता था। उसका नवंबर 2025 में रुचि के साथ विवाह हुआ था। कल शाम लगभग 4 .30 बजे कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। उसके जेब में पड़े मोबाइल के माध्यम से जीआरपी को उसका पता चला। तब उन्होंने इसकी सूचना घर पर भेजी। जवान बेटे की मौत की सूचना आते ही कोहराम मच गया।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभः सीडीओ

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या लंबित प्रकरणों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यह बात अचानक रसूलाबाद ब्लाक कार्यालय का औचक निरीक्षण करने आए सीडीओ विधान जायसवाल ने खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह से कहीं और उनसे विभिन्न संचालित योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान, मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखंड कार्यालय और एडीओ पंचायत कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की। सीडीओ ने ई-फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री आवास योजना और विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।



विकासखंड कार्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ विधान जायसवाल। अमृत विचार

- ब्लाक कार्यालय के निरीक्षण को रसूलाबाद पहुंचे सीडीओ

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या लंबित प्रकरणों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अभिलेखों के अद्यतन रखरखाव, कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों को कार्य में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अन्य उपस्थित जनों में डीसी अशोक कुमार, एडीओ पंचायत जयप्रकाश शुक्ला, एडीओ एसटी हिमांशु पाठक, सुरेंद्र कुमार, एडीओ कोऑपरेटिव विपिन त्रिपाठी, शैलेश गुप्ता, हर्षित शुक्ला, देवेंद्र बाबू आदि समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# कथा में कुंती चरित्र व भगवान के चौबीस अवतारों का व्याख्यान

संवाददाता, शिवली

- आचार्य हृदयेश शुक्ल ने श्रोताओं के बीच सुनाई कथा

**अमृत विचारः** दुख ही ईश्वर से भक्ति की ओर जोड़ता है और सुख के समय भक्ति असंभव है। दूसरे दिन कुंती चरित्र व भगवान के चौबीस अवतारों का व्याख्यान करते वक्त आचार्य हृदयेश शुक्ल ने श्रोताओं के बीच कही।

कथा व्यास ने कुंती चरित्र और भगवान के चौबीस अवतारों की कथा का रसपान करवाया। उन्होंने महाभारत के प्रसंग में कुंती चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाभारत का युद्ध समाप्त होने के बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण ने तय किया कि अब उन्हें द्वारिका लौट जाना चाहिए। श्री कृष्ण सभी से विदा लेने लगे अंत में वह पांडवों की माता जो रिश्ते में कृष्ण की बुआ लगती थी उनसे विदा लेने गए तब उन्होंने कुंती से कहा कि आज तक आपने अपने लिए मुझसे कुछ नहीं मांगा। मैं आपको कुछ देना चाहता हूं इसलिए जो आपके मन में हो वह मांग लीजिए। इस पर कुंती ने कहा कि यदि आप मुझे कुछ देना चाहते हैं तो दुख दे दीजिए।

कुंती आगे कहती हैं कि आप मुझे केवल दुख में ही याद आते हैं ऐसे में यदि जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी क्योंकि सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता ही नहीं है। लेकिन आज के मानव केवल सुख समृद्धि की ही कामना करते हैं जिससे भक्ति कर पाना असम्भव हो जाता है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# बुरे वक्त में अपने मित्र का साथ नहीं छोड़ना चाहिए

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** सच्ची मित्रता में बुरे वक्त में भी अपने मित्र का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। मित्र के कष्ट के पश्चात अपने कष्ट पर ध्यान देना चाहिए। श्रीमद्भागवत में कृष्ण सुदामा मैत्री के प्रसंग से भागवत रचयिता ने समाज को यही संदेश दिया है। यह बात मुर्री स्थित श्री धनेश्वर धाम परिसर में श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर कथावाचक कृष्णानंद रसिक जी महाराज ने कहीं।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि दरिद्रता दूर करने और पारिवारिक बंटवारे से बचने के लिए के लिए सभी लोगों को चाहिए कि वे अपने परिवार के साथ कुछ समय के लिए भगवान का पूजन भजन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि घर की विपन्नावस्था देखकर सुदामा की पत्नी सुशीला ने बचपन के मित्र द्वारकाधीश से मिलने का आग्रह अपने पति से किया और उन्हें भेंट के लिए पोटली में कुछ चावल पड़ोसी से मांग कर दिए। सुदामा के द्वारिका पहुंचने और वहां के वैभव को देखने के पश्चात वे चकाचौंध हो गये। बड़ा साहस कर उन्होंने द्वारपाल से अपनी कृष्ण की मित्रता की बात कह कर उनसे मिलने का आग्रह किया। द्वारपालों से सुदामा की दशा का वर्णन सुनकर भगवान नंगे पांव अपने मित्र के लिए दौड़े चले आए और उनका अद्भुत स्वागत किया। चावल की पोटली छुपाने पर उन्होंने उनसे कहा कि वे बचपन की आदत अभी भी नहीं भूले हैं।



कथा वाचक का किया सम्मान।



भंडारे में महाप्रसादी ग्रहण करते श्रद्धालु लोग। अमृत विचार

वास्तव में सुदामा ने गुरु माता के द्वारा दिए गए अभिशापित चने स्वयं खाकर अखिल भुवनपति अपने मित्र को बचाकर स्वयं दरिद्रता ओढ़ ली लेकिन अपने मित्र श्री कृष्ण और अखिल ब्रह्मांड को बचा लिया। बाद में श्री कृष्णा ने अपने मित्र को सांसारिक वैभव एवं पारलौकिक सुख से समृद्ध कर दिया। सुदामा कृष्ण मित्रता की कथा के माध्यम से भागवत ने भगवान पर आश्रित रहने वाले की स्थिति का वर्णन किया है। इस अवसर पर घनश्याम यादव, राहुल, वीरेंद्र, संदीप दीपक , सचिन, आशु, मुकेश, सोनू, मुलायम, कुलदीप, हरिओम, पुरुषोत्तम, आजाद सिंह, सुरेंद्र सिंह, भारत सिंह, राम नारायण सिंह, रामवीर, हर्ष, अभिषेक, अमित, जयनाथ सिंह, ज्ञान सिंह आदि अनेक श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

### यज्ञ की आहुतियों से शुद्ध होता वातावरण

**रसूलाबाद।** हवन यज्ञ में श्लोकों द्वारा शाकल्य की आहुति देने पर जो धुआं उत्पन्न होता है उससे वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल भी मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था उत्पन्न होने के साथ सद्गुणों का प्रवास होता है। यह बात ग्राम मूर्री स्थित धनेश्वर धाम परिसर में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समापन के पश्चात कथावाचक कृष्णानंद जी रसिक महाराज ने लोगों को बताई। सप्त दिवस की श्रीमद् भागवत कथा समापन के पश्चात हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। तत्पश्चात हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

# निवेश प्रोत्साहन के साथ हो रोजगार का सृजनःडीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मंगलवार को डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के अनुरूप जनपद स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में निवेश प्रोत्साहन, रोजगार सृजन, आधारभूत संरचना विकास तथा औद्योगिक गतिविधियों में तीव्रता लाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में उद्योग स्थापना हेतु प्राप्त प्रस्तावों का त्वरित निस्तारण किया जाए ।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित सूचकों (इंडिकेटर्स) पर प्रभावी प्रगति सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विभागवार लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रोजगार सृजन से संबंधित योजनाओं के स्वरोजगार, एमएसएमई इकाइयों की स्थापना, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा सरकारी योजनाओं के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं को लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही आधारभूत संरचना के अंतर्गत सड़कों, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, औद्योगिक क्षेत्र के विकास एवं अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि जनपद स्तर पर सभी विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें ।



कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ की बैठक। अमृत विचार

### बंबी ओवरफ्लो हुई खेतों के साथ गांव में भी भरा पानी

**रसूलाबाद।** बिलहा बंबी की सफाई न होने से जोत गांव के ग्रामीण परेशान हैं। आए दिन पानी ओवर फ्लो होकर पटरी से बहकर गांव के रास्तों में भर जाता है। इसके साथ ही गेहूं आदि की फसले भी पानी से भर जाती हैं।

जोत के ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग इस समस्या से गत दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह से जूझ रहे हैं। गत 30 दिसंबर को बंबी की पटरी फट गई थी जिसे ठीक करवाने के बाद कुछ दिन समस्या से राहत मिली थी किंतु अब आए दिन पानी ओवरफ्लो होकर पटरी से ग्रामीणों ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा बंबी की टेल तक समय पर सफाई नहीं कराई गई। इसी कारण पानी का दबाव बढ़ने पर बंबी से पानी ओवरफ्लो होकर रास्तों और खेतों में भरने लगता है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी है।

# तय मियाद में निर्माण कार्य पूरा करें कार्यदायी संस्थाएंःडीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा

**अमृत विचारः** डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की उपस्थिति में मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने अधीन संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें।

उन्होंने विशेष रूप से बी, सी एवं डी श्रेणी में प्रदर्शित योजनाओं से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठोस कार्ययोजना बनाकर योजनाओं को ए श्रेणी में लाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में फैमिली आईडी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी फीडिंग एवं सत्यापन कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

तत्पश्चात निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण कराई जाएं।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से संबंधित त्रुटिरहित आंकड़े समय से पोर्टल पर अपलोड कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की अद्यतन भौतिक प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कार्यदायी संस्था की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। सीएमओ डॉ. ए.के. सिंह, उपायुक्त मनरेगा गंगाराम, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, उपायुक्त श्रम रोजगार अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल, उप निदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव आदि उपस्थित रहे।

**होगी कार्रवाई** — निरीक्षण को पहुंचीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला तो खुली पोल, बीएसए को फोन कर दिए कार्रवाई के निर्देश

# स्कूल में पढ़ाते नहीं, कपड़े की दुकान चलाते मिले हेड मास्साब!

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** नगर पंचायत रनियां के महावीर नगर वार्ड में मंगलवार को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान घर-घर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। पिछले काफी समय से यहां ग्रामीणों की ओर से विद्युत, पेयजल, जल निकासी एवं राजस्व संबंधी शिकायतें मिल रही थीं। भ्रमण के दौरान एक जगह पर लटकते बिजली के तार देख 24 घंटे में सुधार के निर्देश दिए। स्कूल के निरीक्षण के दौरान हेड मास्टर गैर हाजिर मिले। बाद में पता लगा कि वह अपनी कपड़े की दुकान पर बैठे हैं। इस पर मंत्री ने बीएसए से कार्रवाई को कहा।



राज्यमंत्री ने देखा सड़कों का हाल और अफसर को दिए निर्देश। अमृत विचार

राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने गांवों के लोगों के बीच यह बात कही कि जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पेयजल की अपर्याप्त व्यवस्था पर भी मंत्री ने कड़ा रुख अपनाया। अधिशासी अधिकारी रनियां मनीष राय को निर्देशित किया गया कि गर्मी शुरू होने से पूर्व वार्ड में वाटर फ्रीजर स्थापित कराया जाए, ताकि नागरिकों को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। साथ ही ओपन जिम स्थापना के लिए भूमि, प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे एवं राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु लेखपाल रविंद्र गौड़ को मौके पर बुलाकर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में राज्यमंत्री प्रतिभा प्राथमिक विद्यालय शुक्लनपुरवा भी पहुंचीं। प्रधानाचार्य अमित कुमार अग्निहोत्री अनुपस्थित मिले। जानकारी लेने पर बताया गया कि वह बीआरसी गए हैं, किंतु बाद में स्थानीय लोगों द्वारा उपलब्ध कराई गई जियोटैग फोटो से स्पष्ट हुआ कि वह रनियां बाजार में अपनी कपड़े की दुकान संचालित कर रहे थे। इस पर मंत्री ने तत्काल बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा को फोन कर पूरे प्रकरण से अवगत कराया और लापरवाही बरतने वाले शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत, पेयजल, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना सरकार की जिम्मेदारी है और इसमें कोई कोताही नहीं होने दी जाएगी। एसडीओ विकास सोनी सहित राम किशोर दिवाकर, संजय पांडेय, नितिन कुशवाहा, सभासद सोनू शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# तहसील के दफ्तरों में पत्रावलियों का रख-रखाव करें बेहतर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मंगलवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह ने सदर तहसील का निरीक्षण किया। तहसील परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, राजस्व एवं जनसेवा संबंधी कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संधारण पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया कि सभी पत्रावलियां श्रेणीबद्ध ढंग से संरक्षित की जाएं, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जा सके। रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से अभिलेख संरक्षण एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, उप निबन्धक कार्यालय, अभिलेखागार, राजस्व निरीक्षक कार्यालय, जीएसटी कार्यालय, आपूर्ति कार्यालय, खतौनी वितरण का कार्यालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसील परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने पत्नी को पीट कर घर से निकाला

**फर्रुखाबाद।** औरैया जनपद के सहार थाना क्षेत्र के उतमापुर निवासी एक महिला ने मंगलवार को नवाबगंज थाने पहुंचकर एक युवक के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि युवकों आए दिन उन्हें मारपीट कर घर से बाहर निकाल देते हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगला मन गांव में हुई है। उन्होंने बताया कि उनकी मुलाकात पिछले साल जून माह में दिल्ली की एक कंपनी में काम करते हुए हुई थी। इसके बाद दोनों ने एक मंदिर में शादी कर ली थी। पीडित्ता ने थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### गाली गलौज का विरोध करने पर दंपती को पीटा

**कायमगंज।** कंपिल थाना क्षेत्र के गांव नारायनपुर में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक दंपति को कथित तौर पर मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने घायल अनवरी बेगम और उनके पति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचाया, जहां उनका उपचार और चिकित्सीय परीक्षण किया गया। घायल महिला अनवरी बेगम ने बताया कि उनके गांव के कुछ लोग शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो लगभग आधा दर्जन आरोपियों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थर से उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में अनवरी बेगम और उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग लाठी-डंडे लिए दिख रहे हैं।

### महरूपुर रावी में शराब और लहन बरामद

**फर्रुखाबाद।** आबकारी विभाग ने मंगलवार को कमालगंज थाना क्षेत्र के महरूपुर रावी गांव में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने 8 लीटर अवैध कच्ची शराब और लगभग 60 किलोग्राम लहन बरामद किया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त, विभागीय अधिकारियों ने कमालगंज क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन से बिक्री का विवरण, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की गहनता से जांच की गई। आबकारी विभाग की अधिकारी रीता वर्मा ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से चाचा-भतीजे घायल

**फर्रुखाबाद।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे घायल हो गए। उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम बबना थाना मेरापुर निवासी घायल अर्जुन के भतीजे राजीव ने मंगलवार को बताया कि अर्जुन (22) अपने भतीजे अनमोल (10) के साथ बाइक से गंगापार दावत में शामिल होने गए थे। वापस लौटते समय नवाबगंज-शमशाबाद स्टेशन मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ. नवनीत कुमार ने दोनों को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। लोगों ने मौके से भागने की कोशिश कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ लिया, हालांकि उसका चालक मौके से फरार होने में सफल रहा।

### दो पक्षों में पुरानी रंजिश में मारपीट

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के नगला खेम रेंगाई में मंगलवार सुबह दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट और लाठी-डंडे चलने लगे। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले भी इसी जमीनी विवाद को लेकर यहां मारपीट हुई थी, जिसकी रंजिश में मंगलवार को यह घटना दोबारा हुई। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मारपीट हुई है, लेकिन फायरिंग के आरोप गलत हैं।

# बिना लाइसेंस के चल रहे नर्सिंग होम और मेडिकल स्टोर पर की कार्रवाई

## बीते दिनों क्षेत्र में तीन लोगों की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग, अधिकारियों ने दी चेतावनी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कस्बा समेत क्षेत्र में बीते दिनों उपचार के दौरान हुई तीन मौतों को लेकर सजग स्वास्थ्य विभाग ने बिना लाइसेंस व डिग्री के संचालित मेडिकल स्टोर व नर्सिंग होम पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को स्वास्थ्य टीम ने कस्बा व भट्ठा कोठी गांव स्थित दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो दुकानों को बंद कराए जाने के साथ अन्य को नोटिस देकर प्रमाण पत्र के साथ मुख्यालय तलब किया गया।

पिछले एक सप्ताह के दौरान क्षेत्र में उपचार के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई थी। कस्बा स्थित प्रकाश नर्सिंग होम, बंदी माता मार्ग स्थित क्लीनिक व भौसाना गांव स्थित मेडिकल स्टोर व क्लीनिक में हुई घटनाओं में पीड़ित परिजनों ने गलत इंजेक्शन व दवाइयां दिए जाने का



कस्बा स्थित क्लीनिक में दस्तावेजों की जांच करते डॉ. यशोवर्धन सिंह। अमृत विचार

आरोप लगा, जमकर हंगामा काटते हुए दुकान संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। घटनाओं की जानकारी पर स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों ने नर्सिंग होम व दुकानों को सील कर दिया था।

एक के बाद एक हुई घटनाओं को लेकर सजग स्वास्थ्य विभाग ने बिना लाइसेंस व डिग्री के संचालित ऐसी दुकानों के विरुद्ध अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में मंगलवार को सीएचसी प्रभारी डॉ. यशोवर्धन सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बा व क्षेत्र के भट्ठा कोठी गांव में निरीक्षण किया। इस दौरान भट्ठा कोठी गांव स्थित आयुष्मान क्लीनिक के संचालक एस के मौर्य मौके पर मौजूद नहीं मिले। फोन पर हुई बातचीत में जानकारी दी कि फिजियोथैरेपी में स्नातक है। क्लीनिक में नोटिस चस्पा कर प्रमाण पत्रों के साथ उन्हें मुख्यालय आने को कहा गया।

इसी गांव में पाल मेडिकल स्टोर के संचालक रामकिशोर पाल मौके पर मिले, लेकिन फार्मासिस्ट आदित्य पाल मौजूद नहीं थे। इस पर उन्हें बिना फार्मासिस्ट व चिकित्सक के पर्चा बगैर दवाएं न दिए जाने की कड़ी हिदायत दी गई। कस्बे में पिपरी रोड के सामने स्थित एचसी यादव की क्लीनिक पर निरीक्षण किया ,लेकिन क्लीनिक संचालक कोई कागजात नहीं दिखा पाए। जिस पर उन्हें नोटिस रिसीव कराने के साथ क्लीनिक बंद कर दी गई। इसी तरह कस्बे में जीटी स्थित बंगाली डॉक्टर की क्लीनिक में भी प्रमाण पत्र न दिखाए जाने पर क्लीनिक को सील कर दिया गया। डॉ यशोवर्धन सिंह ने बताया कि बिना लाइसेंस और डिग्री के इस तरह संचालित दुकानों के खिलाफ जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर डॉ शेख हसनैन, फार्मासिस्ट सत्येंद्र वर्मा, हेल्थ सुपरवाइजर विजय दिवाकर व विजय अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# जिला मंत्री बने ललित सोनी का किया स्वागत

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल कानपुर नगर इकाई के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा के नेतृत्व में जिला मंत्री पद पर ललित सोनी के मनोनयन के बाद घाटमपुर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वर्ष 2022-2027 के कार्यकाल के लिए उन्हें जिला मंत्री नियुक्त किए जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय व्यापारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि ललित सोनी लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं और व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से उठाते रहे हैं।

घाटमपुर निवासी ललित सोनी के मनोनयन को क्षेत्रीय व्यापारियों ने क्षेत्र के सम्मान के रूप में देखा है। मनोनयन के उपरांत उन्होंने मां कुष्मांडा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद घाटमपुर एवं पतारा क्षेत्र में पहुंचने पर व्यापारियों ने जगह जगह उनका स्वागत किया। क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

वहीं जिला मंत्री बने ललित



ललित सोनी का सम्मान करते व्यापारी। अमृत विचार

- **उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की कमेटी में हुआ मनोनयन**

सोनी के प्रथम नगर आगमन पर व्यापारियों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान पप्पू मिश्रा, अमरनाथ उर्फ गुरु, सुरेश ओमर, महेश ओमर, विपिन ओमर, राम जी ओमर, रामेश्वर स्वर्णकार, सत्यम सिंह चौहान सभासद, सौरभ त्रिवेदी, जिला आईटी भाजपा, हाशिम सभासद, डाक्टर सिराज, नीरज गुप्ता, चीना, प्रशांत सोनी, अमित सोनी, ओसामा, रितेश सचान, रामकेश सचान, विनय साहू, अरविंद त्रिवेदी, सुमित यादव, सीबू कुरैशी, राजवीर सैनी, मृदुल सचान, शिवकुमार, आयुष गुप्ता, शैलेन्द्र उर्फ शैल सोनी आदि लोग उपस्थित होकर स्वागत किया। घाटमपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमित सोनी, महेश ओमर, मोहित सोनी, गोपाल दुबे, हिमांशु ओमर, विजय कुमार, रामेश्वर स्वर्णकार, राम जी, ओसामा मिर्जा, आदर्श द्विवेदी, सुरेश ओमर, मोहन गुप्ता, शैल सोनी, राजबीर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# ट्रक और कार की भिड़ंत में दो लोग हुए घायल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के धरमपुर बंबा के पास ट्रक और कार में भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को पतारा सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया ।

हमीरपुर जिले के चंदापुर गांव निवासी 25 वर्षीय सौरभ पाण्डेय गांव निवासी रमाकांत पाण्डेय को कार से लेकर कानपुर जा रहे थे, जैसे ही वह कानपुर सागर हाईवे पर स्थित धरमपुर बंबा के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी, कि कार के परखचे उड़ गए। हादसे में कार सवार दो लोग



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त खड़ी कार।

घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना फोनकर पुलिस को देने के साथ घायलों को एंबुलेंस से पतारा सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को गंभीर हालत में कानपुर जिलास्पताल रेफर कर दिया। घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि सूचना मिली थी, घायलों को अपस्ताल पहुंचाया गया है, तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदर्शन : भाजपा किसान मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष संदीप बाजपेई के नेतृत्व में भाजपाइयों ने राहुल गांधी पुतला फूंका। साथ ही राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारे बाजी की।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष संदीप बाजपेई के नेतृत्व में भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने घाटमपुर चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। साथ ही संदीप बाजपेई ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा एआई समिट



राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी। अमृत विचार

का विरोध करना व समिट में आए विदेशी मेहमानों के सामने कपड़े उतारकर हंगामा करके देश व अंतरराष्ट्रीय पटल पर छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। कांग्रेस को देश का किसान एवं नौजवान व देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। इस मौके पर किसान मोर्चा के जिला महामंत्री श्रीकृष्ण मिश्रा ने कहा कि देश का अपमान करना कांग्रेस पार्टी की पुरानी आदत है।

पुतला दहन में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा संजय चौहान, विवेक यादव, हरि ओम शुक्ला, रवि, उमेश द्विवेदी, सौरभ द्विवेदी, अंकुर दीक्षित, भगवती प्रसाद चौरसिया, अनूप अवस्थी मंडल अध्यक्ष घाटमपुर, लकी गुप्ता बजरंग दल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# किशोरी से छेड़छाड़ का नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, ककवन

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद अंतर्गत ककवन थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार रात मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। घर के पास ही स्थित एक दुकान पर सामान लेने गई एक किशोरी के साथ गांव के ही एक नाबालिग युवक ने न केवल छेड़छाड़ की, बल्कि मारपीट भी की।

सोमवार देर रात पीड़ित किशोरी अपने घर के पास स्थित एक दुकान पर बैंडेज (पट्टी) खरीदने गई थी। तभी दुकान पर पहले से ही गांव का एक नाबालिग लड़का मौजूद था। जैसे ही किशोरी वहां पहुंची, युवक ने उसे दबोच लिया और उसके साथ अभद्रता करने लगा। जब किशोरी ने खुद को बचाने का तो उसने उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद किशोरी काफी समय तक लापता रही । काफी देर तक जब किशोरी घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। घंटों की खोजबीन के बाद किशोरी बदहवास हालत में मिली। पीड़िता ने रोते हुए परिजनों को आपबीती सुनाई । किशोरी के नाना ने तत्काल स्थानीय ककवन थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की आरोपी युवक के खिलाफ पाक्सो एक्ट और मारपीट की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की । थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत ने बताया कि आरोपी युवक नाबालिग है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है उच्चाधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच के निर्देश दिए हैं।

# कायमगंज में संदिग्ध हालात में युवती झुलसी, गंभीर

संवाददाता, कायमगंज

- **कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के जिजपुरा गांव का मामला**
- **युवती को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया**

**अमृत विचार।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के जिजपुरा गांव निवासी 21 वर्षीय युवती नीलम पुत्री महेंद्र संदिग्ध परिस्थितियों में अपने जानवरों के बाड़े में जली अवस्था में कराहती हुई मिली । युवती के सारे कपड़े घटना स्थल पर ही जले हुए मिले हैं । घटना स्थल पर एक खाली बोतल भी पड़ी मिली है। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गांव जिजपुरा निवासी नीलम 21 पुत्री महेंद्र रोज की भांति अपने घर से लगभग डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर बने जानवरों के बाड़े में जानवरों को देखने गई हुई थी ।संदिग्ध परिस्थितियों में जानवरों के बारे में युवती जली हुई अवस्था में पड़ी हुई थी। उसके कराहने की आवाज सुनकर पड़ोस में ही घास काट रही उनकी पारिवारिक दादी सतानों देवी ने देखा युवती बुरी तरीके से जल चुकी थी । सतानो देवी ने तत्काल इसकी सूचना युवती के परिजनों को दी। परिजन युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे जहां हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान युवती ने अर्ध बेहोशी की हालत में बताया कि एक युवक नकाब बांधकर आया और उसने उसके साथ मारपीट की। मुंह पर टेप लगा दिया और पेट्रोल की बोतल फेक आग लगा दी। आग लगाने के बाद युवक मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर युवती के जले हुए कपड़े, एक खाली बोतल पड़ी हुई मिली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी सहित भारी पुलिस बल पहुंचा। युवती की चाची ज्योति पत्नी गुरुजीत ने बताया कि वह जब जानवरों के बाड़े में पहुंची तो युवती जली हुई अवस्था में कराहती हुई जमीन पर पड़ी थी। उधर ज्योति के चचेरे भाई ने बताया कि वह घटनास्थल के पास पानी पीने के लिए गया था तो उसने देखा की युवती स्वयं ही अपने मुंह पर टेप लगा रही थी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है । युवती अपने पांच भाइयों में अकेली बहिन है। दो वर्ष पूर्व पिता महेंद्र की मौत हो चुकी है

# एम्बुलेंस की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत

फर्रुखाबाद। अलीगंज-नवाबगंज मार्ग पर हुए सडक़ हादसे में वीरपुर गांव निवासी शिवराम उम्र 60 वर्ष की उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल शिवराम को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उन्हें सैफई रेफर कर दिया गया था।

बताय गया कि एक निजी एंबुलेंस ने शिवराम की बाइक में टक्कर मार दी थी। टक्कर के बाद शिवराम ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शिवराम की मौत की खबर उनके घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। शिवराम अपने घर में निजी क्लीनिक चलाते थे। घटना के बाद थाना पुलिस ने एंबुलेंस और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# आध्यात्मिक परमात्मा मिलन समारोह का भव्य आयोजन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा रामलाल कॉलोनी, अंगूरी बाग में आयोजित अलौकिक आत्मा एवं परमात्मा का दिव्य मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जटवाड़ा, अंगूरी बाग सेवा केंद्र से हुआ, जहाँ परमपिता परमात्मा शिव की सुसज्जित झांकी को डोली में विराजमान किया गया कु. एकता बहन को सुंदर रथ में बैठाकर बैंड-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथों में शिव ध्वज और सिर पर पगड़ी बांधे ब्रह्मवत्स भाई-बहन बारातियों की भांति आनंदपूर्वक चलते रहे। यह अलौकिक बारात नगर में आकर्षण का केंद्र बनी रही।रामलाल कॉलोनी स्थित मुख्य सभास्थल पर मंचीय



एकता बहन मंच पर शिव बाबा को माल्यार्पण कर अपने को समर्पित करती हुई।

कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानपुर सब-ज़ोन इंचार्ज राजयोगिनी बी.के. गिरिजा दीदी ने की तथा संयोजन वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी बी.के. शोभा ने किया।

राजयोगिनी बी.के. गिरिजा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि जब आत्मा परमात्म प्रेम में बंधती है, तब जीवन में असीम शक्ति, शांति और दिव्यता का संचार होता है। यह अलौकिक मिलन समाज को पवित्रता, संयम और श्रेष्ठ संस्कारों की दिशा देता है।राजयोगिनी बी.के. शोभा दीदी ने कहा कि यह अलौकिक विवाह आत्मा और परमात्मा के अटूट संबंध का प्रतीक है।

जागरूकता कार्यक्रम

66 छात्राओं ने पोस्टर, रोल प्ले, क्विज में लिया भाग

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में डायरिया रोकथाम पर प्रतियोगिता

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय गांधी ब्लॉक राजेपुर में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत पोस्टर, रोल प्ले और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 66 छात्राओं ने भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य डायरिया की रोकथाम और प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

प्रतियोगिता के परिणामों में कक्षा-सात की प्रियंका ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा-आठ की सुप्रिया दूसरे और कक्षा-आठ की हिमशी तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा-



अपने द्वारा बनाए गए पोस्टरों के साथ कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राएं।

सात की प्रिया और कक्षा-आठ की अपूर्वा को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के सहयोग से किया गया था।राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की डॉ. प्रतिभा और डॉ. क्षमा चतुर्वेदी ने

- **कक्षा-सात की प्रियंका ने पहला स्थान प्राप्त किया**
- **बालिकाओं के ब्लड प्रेशर, आंखों व हीमोग्लोबिन की जांच भी की**

छात्राओं को डायरिया के लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने जानकारी दी कि यदि किसी बच्चे को दिन में तीन बार से अधिक पतली दस्त हो, अत्यधिक प्यास लगे और आँखें धंस जाएं, तो ये डायरिया के संकेत हो सकते हैं।डॉक्टरों ने ऐसी स्थिति में तुरंत ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) शुरू करने की सलाह दी और दस्त ठीक होने तक इसे जारी रखने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि ओआरएस और जिंक की गोलियां स्थानीय एएनएम या आशा कार्यकर्ता के सहयोग से प्राप्त की जा सकती हैं।इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा और डॉ. क्षमा ने 66 बालिकाओं के ब्लड प्रेशर, आँखों और हीमोग्लोबिन की जांच भी की और आवश्यक दवाएं वितरित कीं। उन्होंने जोर दिया कि डायरिया से किसी भी बच्चे की मौत न हो, इसके लिए समुदाय में जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से राज आर्यन अग्निहोत्री, श्वेता सागर, अध्यापिका श्वेता मिश्रा, शिवकीर्ति बघेल, देवेश कुमार, अरुणा राठौर और अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। पीएसआई इंडिया से अमरीश कुमार पाण्डेय और अनुपम मिश्रा भी मौजूद थे।

# अपर जिला जज का बार एसोसिएशन ने किया स्वागत

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को घाटमपुर सिविल कोर्ट निर्माण की भूमि के निरीक्षण के लिये अपर जिला जज सुरेंद्र सिंह एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रणविजय सिंह घाटमपुर आये। इसके बाद घाटमपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के निवेदन पर वे बार एसोसिएशन हाल भी पहुंचे। वहां पर मौजूद अधिवक्ताओं ने उनका फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों के समक्ष अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर अपर जिला जज ने निर्माण के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कहा कि जल्द ही इसका



न्यायाधीश का स्वागत करते अधिवक्ता।

निर्माण कराया जाएगा। स्वागत करने वाले मुख्य अधिवक्ताओं में शिव सिंह परमार, हरिनाथ सिंह परमार, राम प्रकाश तिवारी, मानवेंद्र सिंह, शेखर चौहान, शरद सिंह, मुकेश दीक्षित, श्रवण परमार, शरद सिंह बघेल, अनूप तिवारी, राजेश यादव सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### कार सवार दबंगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**कानपुर।** किदवईनगर में बीच सड़क कार खड़ी कर रास्ता रोकने वाले दबंग ने युवक को जान से मारने की धमकी दी। मां-बेटी से गाली-गलौज कर जलती सिगरेट कार में फेंकने का प्रयास किया। जूही लाल कालोनी निवासी युवक का आरोप है कि वह अपनी मां व बहन के साथ बाजार जा रहा था, तभी एक व्यक्ति ने सड़क पर गाड़ी खड़ी कर रास्ता बंद कर दिया। उसने हॉर्न बजाया तो वह भड़क गया और शीशे पर हाथ मारकर धमकी दी। तोड़फोड़ का प्रयास किया। जब उसने कार का शीशा नीचे किया तो आरोपी ने जलती सिगरेट कार में फेंक दी। सूचना पर पहुंची पीआरवी को देखकर आरोपी शांत हुए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लिया है। शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

### साथी महिला सहकर्मी को पीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** किदवईनगर में साकेत नगर स्थित एक शोरूम में महिला कर्मचारी से सहकर्मी ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गोविंदनगर के दादानगर निवासी पीड़िता के अनुसार बर्रा के दामोदर नगर निवासी मनीष यादव उसके साथ शोरूम में काम करता है। रविवार को ड्यूटी के दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और आरोपी ने मारपीट कर दी। साथी कर्मचारियों ने बीच-बचाव किया। पीड़िता के अनुसार घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। फुटेज की जांच की जा रही है।

### हुक्का बार में छापा संचालक गिरफ्तार

**कानपुर।** हनुमंत विहार के कर्रही रोड स्थित खांड़ेपुर इलाके में होटल एमएस गैलेक्सी के भूतल में संचालित हुक्का बार पर पुलिस ने छापेमारी कर संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पांच हुक्के, चिलम, पाइप व तंबाकू फ्लेवर बरामद किए। संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने शनिवार देर रात दबिश दी। मौके पर कई मेजों पर हुक्के सजे मिले और वहां ग्राहकों को अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस को देखकर अफरा-तफरी मच गई। गुजैनी के जरौली फेस-टू निवासी महेंद्र सिंह चौहान का बेटा अभिषेक सिंह ब्लैक आउट हुक्का बार का संचालक है। दरोगा अरविंद सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### डंपर की टक्कर से 7 बस यात्री घायल

**कानपुर।** यशोदा नगर बाईपास पर सोमवार रात झकरकटी से सवारियां लेकर महोबा जा रही बस को गिट्टी लदे डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे महिला समेत 7 यात्री जख्मी हो गए। महोबा निवासी बस चालक शिव वरन ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े 12 बजे यात्री लेकर महोबा के लिए निकले थे। यशोदा नगर बाईपास पार कर बस मुड़ रही थी, तभी रामादेवी की ओर जा रहे फतेहपुर के जहानाबाद निवासी डंपर चालक अफजल ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे महिला समेत 7 यात्री खिड़कियों के कांच लगने से जख्मी हुए। नौबस्ता थानाप्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि बस चालक की तहरीर पर डंपर चालक पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# स्कॉर्पियो ने कई लोगों को टक्कर मार युवक को रौंदा

## 100 किमी से अधिक रफ्तार में लहराते हुए दौड़ रही थी कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हादसे में महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल
- रमईपुर में हुआ हादसा, दूध लेने निकला था युवक

**अमृत विचार।** बिधनू में 100 की स्पीड में भाग रही स्कार्पियो ने स्कूटी सवार युवक को रौंद दिया, जबकि चचेरे भाई की हालत गंभीर बनी है। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। घरवालों के अनुसार सड़क पर लहराते भाग रही स्कार्पियो ने रास्ते में तीन-चार बार हादसा किया। राहगीरों को टक्कर मारी और घसीटा। हादसे में पतारा की एक महिला की भी हालत गंभीर है।


फरहान

बिधनू के रमईपुर गांव निवासी 18 वर्षीय फरहान आलिम की पढ़ाई कर रहा था। पिता सुलेमान की मौत हो चुकी है। परिवार में मां फरीदा, बड़े भाई मौलाना उस्मान और मो. लुकमान हैं। भतीजे सद्दाम ने बताया कि मंगलवार को फरहान रोजे से था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह चचेरे भाई आतिफ के साथ स्कूटी से दूध लेने के लिए बाजार जा रहा था, तभी रास्ते में तेजीपुरवा गांव स्थित बाइक शोरूम के पास हादसे का शिकार हो गया।

घाटमपुर की ओर से आ रही सफेद स्कार्पियो करीब 100 से अधिक स्पीड में भाग रही थी। सड़क पर लहराते हुए चल रही थी। स्कार्पियो ने पहले स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारी। इसके बाद भागने के प्रयास में फरहान की स्कूटी में जबरदस्त टक्कर मारी और भागा। हादसे में फरहान व आतिफ दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर दोनों घायलों को बिधनू सीएचसी ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर बताकर हैलट रेफर कर दिया।

हैलट में डॉक्टरों ने फरहान को मृत घोषित कर दिया, जबकि आतिफ का इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार फरहान की स्कूटी उड़ाने के बाद कार चालक ने कई और राहगीरों को टक्कर मारी। एक साइकिल सवार को दूर तक घसीटा। इसके बाद सचेंडी रोड पर भाग निकला। परिजनों के अनुसार सचेंडी पुलिस ने कार पकड़ी है। थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई होगी।

### नौकरी के नाम पर महिला के साथ धोखाधड़ी, रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी में नौकरी देने के नाम पर महिला से धोखाधड़ी व रुपये ठग लिए। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नौबस्ता के सागरपुरी दुर्गा चौराहा निवासी पूजा शुक्ला के अनुसार कुछ दिनों पहले उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर एक विज्ञापन देखा। जिसमें ऑफिस व फैक्ट्री के लिए युवक-युवतियों की भर्ती ठीक वेतन देने की बात लिखी थी। विज्ञापन में दिए नंबर पर संपर्क करने पर उन्हें मंगला विहार द्वितीय स्थित अभिनव हॉस्पिटल के पास बुलाया गया। जहां उनसे दस्तावेज व रजिस्ट्रेशन के लिए 700 रुपये लिए गए।

पीड़िता के अनुसार बताया गया कि पहले तीन दिन ट्रेनिंग करनी होगी। उसके बाद काम पर रखा जाएगा। वह पहले दिन ट्रेनिंग पर गई, जहां पता चला कि संचालक आनंद कुमार नौकरी के विज्ञापन देकर लोगों से धोखाधड़ी करता है। इस पर पीड़िता ने चकेरी थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# कॉलेज कैंपस में जेसीबी से टकरा बीसीए छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कार की रफ्तार से धूल के गुबार में नहीं दिखी जेसीबी
- क्लास खत्म होने के बाद घर के लिए निकला था छात्र

**अमृत विचार।** सचेंडी के एक इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में बीसीए फाइनल ईयर के छात्र की जेसीबी से टकराकर मौत हो गई। छात्र प्रखर कैंपस से बाइक लेकर निकला, तभी निर्माण कार्य के चलते धूल के गुबार में उसे गेट के समीप खड़ी जेसीबी नहीं दिखी। सीधा जेसीबी से टकराने के कारण गंभीर हालत में उसे रीजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम भेजा।

गोविंदनगर के रतनलालनगर निवासी प्रभाकर सिंह उर्वरक का कारोबार करते हैं। परिवार में पत्नी डॉ. प्रियंका व दो बेटों में बड़ा 21 वर्षीय प्रखर व प्रवीण सिंह हैं। केशवपुरम निवासी चचेरे भाई अभय सिंह ने बताया कि प्रखर उर्फ वंश सचेंडी स्थित एक इंजीनियरिंग कालेज में बीसीए फाइनल ईयर का


प्रखर सिंह।

छात्र था। रोज की तरह सोमवार शाम करीब पांच बजे वह क्लास लेकर घर के लिए निकला था। वह बाइक लेकर कालेज गेट से बाहर निकल रहा था, तभी हादसा हुआ।

अभय के अनुसार कालेज परिसर के पिछले हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए समीप ही जेसीबी खड़ी थी। इसी बीच वहां से तेज गति कार निकली, जिससे धूल का गुबार फैल गया। इसी बीच प्रखर भी बाइक से आया और उसे कुछ दिखाई नही दिया। सामने खड़ी जेसीबी से जा टकराया। हादसे का पता चलने पर साथियों ने उसे गंभीर हालत में कल्याणपुर स्थित बीएमसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर रेफर कर दिया गया।

परिजन उसे सर्वोदयनगर स्थित रीजेंसी ले गए, जहां इलाज के दौरान देर रात करीब दो बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। प्रखर का छोटा भाई प्रवीण लखनऊ स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से बीटेक का छात्र है। परिजनों ने बताया कि कई कंपनियों से बेटे को नौकरी का ऑफर था। रिजल्ट आने व एक माह अप्रैल में परिजनों के साथ जन्मदिन मनाने के बाद वह नौकरी ज्वाइन करने वाला था। पुलिस के अनुसार परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीएसजेएमयू में बाहरी छात्रों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मामले के बाद विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा बढ़ाई गई

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में मंगलवार को बाहरी छात्रों की ओर से प्रोफेसर के साथ अभद्रता की गई। इस दौरान विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों और बाहरी छात्रों के बीच कहासुनी भी हुई। इस घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा और अधिक बढ़ा दी गई है।

विश्वविद्यालय में नम्रता मार्ग में दोपहर बाहर से आए 10 से15 युवकों ने एक फैकल्टी के साथ अभद्रता की। अपनी कार से जा रहे यूआईईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आनंद की कार पर युवकों ने हाथ मार दिया। इस पर जब फैकल्टी ने हाथ मारने की बात की तो युवक बोले की कौन सा गाड़ी में स्क्रेच आ गया? कौन सी धारा में जेल भिजवा दोगे। थोड़ी ही देर में विवाद बढ़ गया और मौके पर चीफ प्राक्टर व पुलिस आ गई। काफी देर चले विवाद के बाहरी छात्रों को परिसर के बाहर निकाल दिया गया। बाहरी युवकों को बुलाने में स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट के दो छात्रों का नाम सामने आया है। जांच में सामने आया कि नम्रता मार्ग के पास एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले कुछ छात्र गुट बनाकर घुम रहे थे। पुलिस और यूनिवर्सिटी के चीफ प्रॉक्टर शशिकांत मौके भी पर पहुंचे। चीफ प्रॉक्टर ने जब आईकार्ड दिखाने को कहा, तो छात्र बहानेबाजी पर उतर आए। छात्रों का कहना था कि यहां हमारी दीदी पढ़ती हैं, हम तो बस उनसे मिलने आए थे। युवकों को डांट डपटकर कैंपस से बाहर निकाला गया।

# ऑपरेशन में हालत बिगड़ने से महिला की थमी सांस, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा में निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया, जहां आईसीयू में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन व चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर गुस्साए परिजनों को शांत कराया। कार्रवाई का आश्वासन देकर शव पोस्टमार्टम भेजा।

सरसौल के डोमनपुर निवासी पवन कुमार फर्नीचर कारीगर हैं। पवन ने बताया कि उनकी 24 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी के बच्चेदानी में गांठ थी, जिसके इलाज के लिए


उर्मिला देवी।

- ओटी में हालत बिगड़ने पर आनन-फानन में दूसरे अस्पताल किया रेफर

उन्होंने बर्रा पांच स्थित अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों से संपर्क किया था। जांच आदि के बाद उन्हें 21 फरवरी को अस्पताल में पत्नी को भर्ती कराने के लिए कहा गया। वह बताए समय पर अस्पताल पहुंचे। फिर कुछ जांचें हुईं। इसके बाद 23 फरवरी को पत्नी का ऑपरेशन किया गया।

पवन का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान ही पत्नी की हालत बिगड़ गई। इस पर उन्हें बिना जानकारी दिए अस्पताल प्रशासन ने पत्नी को समीप के दूसरे निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। पूछने पर बताया कि उनके यहां आईसीयू नहीं है। जबकि पहले कहा था की सभी सुविधाएं हैं। दूसरे अस्पताल में उपचार के दौरान पत्नी की देर रात मौत हो गई।

आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन से उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन कर पाने की स्थिति में ही करें, नहीं तो मना कर दें। इसके बाद भी बिना आईसीयू की सुविधा के ऑपरेशन कर दिया। जिसकी वजह से पत्नी की मौत हो गई। पीड़ित ने घटना की शिकायत बर्रा पुलिस से की है। बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


सेना के अफसरों के साथ चार्टर प्रेसिडेंट रोटेरियन अमित झा। अमृत विचार

# सद्भावना पार्क निर्माण में रोटरी क्लब का योगदान

**कानपुर।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारतीय सेना ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने समुद्र तल से 6000 फीट की ऊंचाई पर एक सद्भावना पार्क का निर्माण कर 205 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया है। यह तिरंगा पाकिस्तान के कई इलाकों से देखा जा सकता है। इस पार्क के निर्माण में रोटरी क्लब ऑफ कानपुर विराट का सहयोग अहम रहा। इस पार्क एवं तिरंगा का लोकार्पण लेफ्टीनेंट जनरल प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया। यहां क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट रोटेरियन अमित झा उपस्थित रहे। यह जानकारी क्लब के सेक्रेट्री रोटेरियन गोपाल शुक्ला ने दी।

### कार निकालने में दो पक्षों में मारपीट

**कानपुर।** जाजमऊ में कार निकालने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। पुलिस दोनों पक्षों के छह लोगों को थाने लाई और शांतिभंग की कार्रवाई की।

जाजमऊ थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार रात कार निकालने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। दोनों पक्षों को थाने लाकर पूछताछ की। एक पक्ष में दरगाह शरीफ रोड निवासी शमीम अहमद, मुबस्सीर, अनस अहमद हैं। वहीं दूसरे पक्ष के तीन युवक मोहम्मद अबीज, सिराज अहमद व चकेरी के गदियाना गिरिजा नगर निवासी शरीफ खान हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि दोनों पक्षों में पहले से विवाद चला आ रहा है।



शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद अधिकारी और पदाधिकारी। अमृत विचार

### नवनीत आयकर कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष बने

**कानपुर।** आयकर कर्मचारी महासंघ, कानपुर रीजन का द्विवार्षिक चुनाव हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी रंजीत कनौजिया ने विजयी पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया। शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को आयकर भवन, सिविल लाइंस के में हुआ। मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण रहीं। कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष नवनीत शुक्ला एवं सचिव शिवेंदु श्रीवास्तव के साथ उपाध्यक्ष रजत सिंह चौहान, संयुक्त सचिव आनंद कुमार, वित्त सचिव अक्षत अवस्थी, सहायक सचिव शिवम पाल एवं रवि कुमार को शपथ दिलाई। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्य हिमाली सिंह, शशांक गुप्ता, शिवांक सिंह, मयंक प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, अभिषेक सोनकर, अवनीश कुमार मिश्रा, विशाल कुमार पाल, नवीन कुमार वर्मा, सुमोध कुमार भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल रहे। इस दौरान आईआरएस एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रधान आयकर आयुक्त शिवानी सिंह, उपाध्यक्ष शिवदान सिंह भदौरिया, आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ से शरद प्रकाश अग्रवाल, शांति भूषण मिश्रा, कुणाल श्रीवास्तव, राजेश तिवारी मौजूद रहे।

# कॉर्पोरल से मारपीट-अभद्रता में हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** एयरफोर्स कॉर्पोरल से अभद्रता व मारपीट मामले में मंगलवार को सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने कहा कि न्याय न मिलने की स्तिथि में लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर आंदोलन के माध्यम से दबाव बनाने के लिए मजबूर होंगे। जापन देते समय पीड़ित कॉर्पोरल भी रहे।

बतादें कि घाटमपुर निवासी 25 वर्षीय नितीश सचान एयरफोर्स में कॉर्पोरल के पद पर कार्यरत हैं। मौजूदा समय उनकी तैनाती गुजरात के जामनगर में है। नितीश के अनुसार परिवार में शादी समारोह


पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देते सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

होने के कारण वह अवकाश पर आए थे। बीती 19 फरवरी को वह गेस्ट हाउस से पैदल घर की तरफ जा रहे थे। तभी दरोगा व सिपाही ने उनसे अभद्रता और मारपीट की। लॉकअप में डालकर पीटा गया। खुद को फंसता देखकर शांतिभंग में चालान कर दिया था। पिटाई से उनके कान का पर्दा फट गया, जिसका एयरफोर्स सेवन हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

मंगलवार को नितीश सपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरन की अगुवाई में पुलिस कमिश्नर से मिले और ज्ञापन दिया। सैनिक प्रकोष्ठ ने पुलिस कमिश्नर से जांच व दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो और पुलिसकर्मियों को को बर्खास्त किया जाए। उचित कार्यवाही न होने पर प्रदेश के सभी जिलों में जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के सम्राट विकास के साथ कानपुर नगर, देहात, फर्रुखाबाद, इटावा, लखनऊ, उन्नाव, औरैया, फतेहपुर, हरदोई, जालौन, प्रयागराज जिलों के पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

**उपलब्धि** — सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि की तकनीक को राष्ट्रीय स्तर पर मिला अनुमोदन

# टमाटर की पैदावार बढ़ाएगी उन्नत तकनीक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** टमाटर की फसल का अब तय क्षेत्रफल में अधिक उत्पादन हो सकेगा। इसकी वजह सीएसए के विशेषज्ञ की ओर से विकसित नई टमाटर उत्पादन की तकनीक पर मुहर लगना है। सीएसए विवि के शाकभाजी अनुभाग की ओर से इस तकनीक पर काम चल रहा है।

अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (सब्जी फसल) की ओर से चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के शाकभाजी अनुभाग द्वारा विकसित टमाटर उत्पादन की एक उन्नत तकनीक को श्री कोंडा लक्ष्मण तेलंगाना बागवानी विश्वविद्यालय, हैदराबाद में आयोजित 44वीं वार्षिक समूह बैठक में अनुमोदित किया गया है। यह तकनीक सस्य वैज्ञानिक डॉ. राजीव द्वारा विगत तीन वर्षों


इसी टमाटर का हुआ उत्पादन।


डॉ.राजीव।

- श्री कोंडा लक्ष्मण तेलंगाना बागवानी विवि हैदराबाद की वार्षिक समूह बैठक में अनुमोदित

**02** बार सूक्ष्म पोषक तत्व का करना होगा छिड़काव

(2022-23 से 2024-25) के अनुसंधान एवं परीक्षणों के बाद विकसित की गई है। अनुसंधान कार्य शाकभाजी शोध प्रक्षेत्र, कल्याणपुर पर रबी मौसम में 'काशी अमन' प्रजाति पर किया गया।

डॉ. राजीव ने बताया कि टमाटर में वृद्धि नियामकों तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों के विभिन्न संयोजनों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। परिणामों के आधार पर यह पाया गया कि जिब्रेलिक अम्ल 50 पीपीएम का सूक्ष्म पोषक तत्व मिश्रण 0.5 फीसदी के साथ रोपाई के 30 एवं 45 दिन बाद छिड़काव करने से सर्वाधिक फल संख्या (36.70 फल/पौधा), अधिकतम औसत फल भार (99.87 ग्राम), प्रति पौधा अधिकतम फल भार (2.45 किग्रा) तथा सर्वाधिक फल उपज 549.17 क्विंटल/हेक्टेयर प्राप्त हुई जो अन्य की तुलना में रूप से अधिक रही। डॉ राजीव ने आर्थिक विश्लेषण के बारे बताया कि यह तकनीक से अधिकतम शुद्ध लाभ 4,02,573 प्रति हेक्टेयर तथा लाभ-लागत अनुपात 4.39 प्राप्त हुआ, जो अन्य उपचारों की अपेक्षा सर्वाधिक रहा। उन्होंने कहा कि टमाटर की फसल में अधिक उपज एवं अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए किसान अपनी फसल पर जिब्रेलिक अम्ल 50 पीपीएम एवं सूक्ष्म पोषक तत्व मिश्रण 0.5 फीसदी को फसल रोपाई के 30 एवं 45 दिन पर छिड़काव करना पड़ता है। इस तकनीक को उत्तर प्रदेश सहित समान कृषि-जलवायु परिस्थितियों (जोन-चार) में टमाटर उत्पादक कृषकों के लिए अनुशंसित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस उपलब्धि पर वैज्ञानिक से कहा कि यह तकनीक किसानों की आय में वृद्धि एवं सब्जी उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### पक्षपात करने में चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**कानपुर।** बाबूपुरवा में दो पक्षों में विवाद पर पक्षपात के आरोप में एनएलसी चौकी प्रभारी संदर्भ शेखर को डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने लाइन हाजिर किया है। एक पक्ष ने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से शिकायत की थी। डीसीपी साउथ ने जांच कर कार्रवाई की।

बाबूपुरवा कालोनी में ऊपरी मंजिल पर रहने वाली तारा देवी शर्मा निर्माण करा रही थीं। खिड़की लगाने पर ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाली श्रेष्ठा श्रीवास्तव से विवाद हुआ था। श्रम विभाग टीम मौके पर पहुंची और निर्माण रुकवा दिया। इसके बावजूद खिड़की लग गई, जिसे लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। श्रेष्ठा ने पुलिस कमिश्नर से चौकी प्रभारी पर पक्षपात का आरोप लगाया। डीसीपी साउथ ने बताया कि शिकायत के आधार पर चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है और मामले की जांच कराई जा रही है। इस मामले से जोड़कर मारपीट का वीडियो भी वायरल है।

# 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तर भाजपा को प्रदेश में प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें संस्करण के सफल आयोजन में भाजपा कानपुर उत्तर जिले ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को बूथ स्तर तक व्यापक रूप से सुनाने, जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा संगठनात्मक समन्वय के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कानपुर उत्तर जिला प्रदेश में अव्वल रहा।

इस उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने जिला कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मन की बात के संयोजक एवं जिला कार्यालय मंत्री रोहित साहू, जिला मॉनिटरिंग टीम की संयोजक सुनीता गौड़ तथा पूरी टीम को पटका पहनाकर एवं प्रतीक


कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। यह कार्यक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सकारात्मक ऊर्जा, प्रेरणा और सहभागिता का संदेश पहुंचाता है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि उत्तर जिले के 14 मंडलों में रामलला मंडल ने अपने सभी बूथों पर 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराते हुए जिले में प्रथम स्थान दर्ज कराया । कार्यक्रम में से विधि राजपाल, रामकुमार सिंह, मनोज अग्रवाल, पूनम कंवर, अभिराज सिंह चंदेल, अभिषेक दीक्षित, यश जायसवाल, राधा सैनी, प्रभाकर अवस्थी मनोज छबि लाल सुदर्शन, सुरेश गुप्ता, अरुण गुप्ता मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे, योगेश पांडे, शुभम दीक्षित, रमाशंकर अग्रहरि, अजय शुक्ला, विजय पटेल उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### 26 से 28 फरवरी तक मनाया जाएगा बिठूर महोत्सव

कानपुर। सनातन एवं संस्कृति का उत्सव" थीम पर तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव 26 से 28 फरवरी तक नाना राव पेशवा स्मारक, बिठूर में आयोजित होगा। प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ बिठूर तीन दिन तक उत्सवधर्मी वातावरण में रहेगा। मंगलवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित बैठक में तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

### परशुराम जयंती पर 19 अप्रैल को निकाला जाएगा जुलूस

कानपुर। मंगलवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एंव पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएल गुलाबिया एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भगवान परशुराम महासभा के कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेश अवस्थी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। परशुराम जयंती पर 19 अप्रैल को जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। आरपी श्रीवास्तव एडवोकेट, जगदीश प्रसाद मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, सुनील सुमन, सरदार इन्द्र जीत सिंह गिल, श्याम नारायण शुक्ला, राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### शोध को बढ़ावा देने के लिए अगले माह फिर होगी बैठक

कानपुर। सीएसए विवि के बोर्ड की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। इस बैठक में तय किया गया कि विश्वविद्यालय में शोध कार्य को बढ़ावा मिल सके इसके लिए मार्च या अप्रैल में एक अलग से बैठक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय में चल रहे मुकदमों पर भी जल्द उसे अलग से हल करने की सहमति बनी। विश्वविद्यालय में चल रहीं विभिन्न जांचों का भी मार्च के अंत तक फाइनल रिपोर्ट तक ले जाने की सहमति बनी। उधर ऐसे छात्र जो किसी विषय में कम अंक आने के बाद परीक्षा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं उन्हें अनुमति दिए जाने पर भी निर्णय हुआ है।

### बैंक शाखा के कूड़े में आग लगाने से 3 कुत्तों की जलकर मौत

कानपुर। कोतवाली क्षेत्र में बड़ा चौराहा स्थित इंडियन बैंक की शाखा में कूड़ा जलाने पर चपेट में आकर कुत्ते के तीन बच्चों की जलकर मौत हो गई। घटना के बाद किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। बैंक के अधिकारी पर कुत्ते के बच्चों को जिंदा जलाकर मारने का आरोप भी लगाया। इस पर वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने जांच शुरू की। पता चला कि इंडियन बैंक की शाखा परिसर में सोमवार रात को कूड़े में आग लगाई गई। जिसकी चपेट में आकर तीन नवजात बच्चों की मौत हो गई। मंगलवार जब बैंक के कर्मचारी पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। कर्मचारी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। आरोप लगाया कि बैंक के एक अधिकारी के कहने पर चौकीदार व सुरक्षा गार्ड कुत्तों को मारते हैं। कोतवाली थाना प्रभारी जगदीश पांडेय ने बताया कि जांचकर की जा रही है। आरोप साबित होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# हौले-हौले फिर चढ़ रहे सोना-चांदी के दाम

**टूट सकता रिकॉर्ड**

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोने और चांदी के भाव एक बार फिर तेजी से ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं। सोना जल्द ही अपनी सर्वोच्च कीमत के रिकार्ड तोड़ सकता है। मंगलवार को कानपुर सराफा बाजार में सोना 1,63,500 रुपये का 10 ग्राम और चांदी 2,72,000 रुपये किलो पर पहुंच गई। बीते 24 घंटे के भीतर सोने के दाम 3,200 और चांदी के तीन हजार रुपये बढ़ गए। दाम में बढ़ोतरी का क्रम तेजी से जारी है। बीते दो महीने के दौरान दोनों ही धातुओं ने दाम में उतार-चढ़ाव के गजब रंग दिखाए और यह अभी भी जारी है। बीते 1 जनवरी को सोना 1,37,000 रुपये का 10 ग्राम और चांदी 2,36,000 रुपये किलो पर थी। 29 जनवरी को सोना अपने भाव की सर्वोच्च ऊंचाई 1,82,000 और चांदी भी अपने भाव के सभी रिकार्ड ध्वस्त करती हुई 4,00,000 रुपये पर पहुंच गई थी। इसके बाद भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील फाइनल हुई और दोनों धातुओं के दाम गिरने लगे। 2 फरवरी को चांदी के भाव डेढ़ लाख टूटकर 2,50,000 पर आ गिरे। सोना भी 1,50,500 पर आ गया। इसके बाद एक बार फिर भाव फिर चढ़ने लगे और अब तेज़ी से ऊपर जा रहे हैं। 22 दिन में सोने के भाव 13,500 और चांदी के 22 हजार रुपये बढ़ गए।

**1,63,500**
का 10 ग्राम सोना



**2,72,000**
प्रति किलो चांदी



- जल्द ही अपनी सर्वोच्च कीमत का रिकार्ड तोड़ सकता है सोना
- चांदी के भाव गिरने से रिकार्ड तोड़ने में अभी लगेगा ज्यादा वक्त

**असंतुलित अर्थ व्यवस्था मुख्य वजह**

- उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री रामकिशोर मिश्र का कहना है कि यूएस और ईरान के बीच तनातनी, विश्व की असंतुलित अर्थ व्यवस्था, क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोने की जबरदस्त खरीद के कारण इस पीली धातु के दाम फिर तेजी से ऊपर की ओर जा रहे हैं।

**निवेशकों को धैर्य रखने की जरूरत**

- काशी ज्वैलर्स के महाप्रबंधक करमजीत सिंह भल्ला का कहना है कि सोने का ट्रैक रिकार्ड बताता है कि यह धातु अपने दाम की ऊंचाई के रिकार्ड सदैव तोड़ती है। ऐसे में निवेशकों को खासतौर पर धैर्य रखना होगा। नयागंज के सराफा कारोबारी विकास ओमर का कहना है कि अब सोना और चांदी बेचने वाले कम हो गए हैं। दाम बढ़ोतरी का इंतजार किया जा रहा है ताकि मुनाफा काटा जा सके।

## पान-मसाला थूकने के विरोध पर पीटा

कानपुर। कर्नलगंज में पान-मसाला थूकने के विरोध पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर युवक को जमकर पीटा। पुलिस से शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की।

कर्नलगंज गम्मू खां हाता निवासी वकार अशरफ के अनुसार 22 फरवरी को मोनीस की दुकान पर चाय पीने गए थे। इस दौरान वहां अमानत ने उनके पैर पर पान-मसाला थूक दिया। विरोध पर अमानत ने अपने साथी साकिर व अमपट के साथ मिलकर मारपीट की। धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। जेब में रखे रुपये भी छीनकर ले गए। कर्नलगंज थाना प्रभारी विनीत चौधरी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

- हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेल, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एचबीटीयू के कुलपति प्रो. समशेर रहे। बताया गया कि इस एफडीपी में 226 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें भारत से 207 प्रतिभागी तथा अन्य देशों से शामिल रहे।

इनमें नाइजीरिया से 15, केन्या 2, यूएसए से 1 व भूटान से1 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। इस एफडीपी में संस्थानों एवं उद्योगों से विशेषज्ञ व्याख्यान प्रदान कर रहे हैं। जिनमें आईआईटी धनबाद, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी, आईआईटी पटना, एनआईटी सूरत, एसआर यूनिवर्सिटी वारंगल, जैन डीम्ड यूनिवर्सिटी बेंगलुरु शामिल हैं। एफडीपी के कन्वेनर एवं एचआरडीसी के कोऑर्डिनेटर प्रो. (डॉ.) संजीव कुमार ने बताया यह प्रोग्राम इलेक्ट्रिक व्हीकल पावरट्रेन, बैटरी चार्जिंग सिस्टम, मोटर कंट्रोल, आधारित सिमुलेशन तथा रियल-टाइम हार्डवेयर-इन-लूप तकनीकों पर केंद्रित है, जो प्रतिभागियों को अत्याधुनिक तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा।

# गिरता भूजल स्तर गंभीर चुनौती, चिंतन की जरूरत

## आईआईए के कार्यक्रम में जल संरक्षण का किया गया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कार्यक्रम में भाग लेतीं सीडीओ दीक्षा जैन। अमृत विचार

- सीडीओ बोलीं, औद्योगिक इकाइयां जल संरक्षण में अपनी सार्थक भूमिका निभाएं

**अमृत विचार।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को विभिन्न विषयों पर मंथन हुआ। शहर के एक रेस्टोरेंट में हुई बैठक में खासतौर पर भूजल संरक्षण पर विचार मंथन करते हुए लोगों से आगे आने का आह्वान किया गया। यह भी कहा गया कि औद्योगिक इकाइयों को इस मुद्दे पर चिंतन करने की जरूरत है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन रहीं। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर में लगातार गिरावट एक गंभीर चिंता का विषय है। औद्योगिक इकाइयों की इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उद्यमियों से वर्षा जल संचयन प्रणाली को अनिवार्य रूप से अपनाने, जल के पुनर्चक्रण की व्यवस्था विकसित करने और निर्धारित मानकों के अनुरूप जल दोहन करने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य उद्योगों पर अनावश्यक दबाव डालना नहीं, बल्कि जल संसाधनों के संतुलित उपयोग के माध्यम से दीर्घकालीन औद्योगिक स्थिरता सुनिश्चित करना है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के एजीएम राजीव कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बैंक द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं, कार्यशील पूंजी, टर्म लोन, एमएसएमई योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी। कानपुर चैप्टर अध्यक्ष आरके अग्रवाल ने कहा कि आईआईए का उद्देश्य उद्यमियों को प्रासंगिक विषयों पर जागरूक करना, शासन-प्रशासन से समन्वय स्थापित करना, उद्योगों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बैठक में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, दिनेश बरासिया, हर्षल अग्रवाल, विक्रांत अग्रवाल, विशाल नड्डा, संजीव पाठक, मनमोहन रहे।

## पुष्प प्रदर्शनी में सजे रंग-बिरंगे फूल

कानपुर। भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) ने संस्थान की नर्सरी में वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में रंग-बिरंगे फूलों, पत्तियों और सजावटी पौधों की आकर्षक झलक देखने को मिली। प्रदर्शनी की शुरुआत आईआईटी कानपुर के उपनिदेशक प्रो. ब्रज भूषण ने किया। इस अवसर पर फ्लावर शो समिति के अध्यक्ष प्रो. अर्घ्य दास, समिति सदस्य वीके तिवारी (एसई, आईडब्ल्यूडी) तथा सतीश के. सिंह (सचिव) भी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी पहली श्रेणी में संस्थान के आवासीय परिसरों के घरों से लगाए गए पौधे शामिल थे, जबकि दूसरी श्रेणी में छात्रावासों, निदेशक आवास और अतिथि गृह से प्रविष्टियां शामिल थीं। आवासीय श्रेणी में लगभग 1,026 गमले विभिन्न वर्गों में प्रदर्शित किए गए, जो संकाय और कर्मचारियों के उत्साह और बागवानी कौशल को दर्शाते हैं। इस श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रो. प्रदीप स्वर्णाकर, द्वितीय पुरस्कार प्रो. एन. नीलाकांतन को तथा तृतीय पुरस्कार प्रो. जेजी राव को प्रदान किया गया। दूसरी श्रेणी में 2 हजार से अधिक गमलों का प्रदर्शन किया गया।



व्यापारियों ने अपर आयुक्त ग्रेड 1 कुमार आनंद को ज्ञापन सौंपा। अमृत विचार

# बिना सुनवाई रजिस्ट्रेशन निलंबित करने पर व्यापारियों ने किया हंगामा

- नोटिस पर बिना सुनवाई के किए रजिस्ट्रेशन निलंबित करने का किया गया खुला विरोध
- व्यापारियों ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और रजिस्टेशन बहाली की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** व्यापारियों ने मंगलवार को जीएसटी कार्यालय में हंगामा कर विरोध प्रकट किया। व्यापारी नोटिसों पर बिना सुनवाई के रजिस्ट्रेशन सस्पेंड किए जोन का विरोध कर रहे थे। इस दौरान व्यापारियों ने दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई किए जाने की मांग की। हंगमा बढ़ने पर अधिकारियों की ओर से रजिस्ट्रेशन बहाल किए जाने की बात कही है।

प्रदर्शन व हंगामा कर रहे व्यापारियों ने अपर आयुक्त ग्रेड 1 कुमार आनंद की मौजूदगी में अपनी बात रखी। इ स दौरान भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि 23 फरवरी को देर शाम अचानक कानपुर महानगर के कुछ व्यापारियों को जीएसटी के नोटिस देकर सुनवाई किए बिना नोटिस जारी करते ही उनका जीएसटी रजिस्ट्रेशन सस्पेंड कर दिया गया। सुनवाई की तारीख पांच मार्च की दे दी गई जिससे सभी नोटिस पाने वाले व्यापारियों का व्यापार ठप हो गया। इससे न ही वो व्यापारी बिल जारी कर सकते थे और ना ही ई वे बिल जबकि किसी भी कानून में पहले सुनवाई का समय दिया जाता है।

यह भी कहा कि इस तरह की प्रक्रिया कतई उचित नहीं है और न ही न्याय संगत है। प्रदर्शन के दौरान पहलगाम कश्मीर में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के पिता सीमेंट कारोबारी संजय द्विवेदी ने कहा कि जब से मेरे पास नोटिस आई है तब से मुझे कुछ तनाव हो गया। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश संगठन मंत्री संजय भदौरिया, जिला वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, युवा प्रदेश महामंत्री अतुल त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे, जिला महामंत्री महेश सोनी, युवा महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष मुन्ना राय सहित अन्य मौजूद रहे।



महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### सांस्कृतिक महोत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

कानपुर। डीएवी कॉलेज में मंगलवार को डॉ. नागेन्द्र स्वरूप स्मृति सांस्कृतिक महोत्सव- रेज़ोनेंस का वार्षिक सांस्कृतिक समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक विधाओं के माध्यम से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक संवेदनशीलता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन समिति की सचिव कुमकुम स्वरूप द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव उनकी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में नाटक (ड्रामा), मीम प्रस्तुति, एकल एवं समूह गायन, शास्त्रीय एवं आधुनिक नृत्य, तथा संगीत समारोह का आयोजन किया गया।

## आज से लगेगा होली बाजार

कानपुर। शाइन इवेंट्स एंड एक्जीबिट्ज द्वारा 25 फरवरी से 1 मार्च तक होली बाजार लगाया जा रहा है। इसका उद्घाटन महापौर प्रमिला पाण्डेय 25 फरवरी को सायं 6 बजे करेंगी। बाजार में एक जनपद एक उत्पाद, हस्तशिल्प, कालीन, अचार, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, ब्रांडेड मसाले, कपड़े धोने के ब्रांडेड साबुन, सर्फ, लेदर आइटम्स, पापड़, कपड़े, खिलौने मिलेंगे।

होली बाजार में रसियन जलपरी शो भी आयोजित किया जाएगा। शाइन इवेंट्स एंड एक्जीबिट्ज के आमिर सिद्दीकी, जोया सिद्दीकी और न्यू कानपुर यूथ क्लब के महामंत्री विक्रम पाण्डेय ने बताया कि इस त्यौहार की शॉपिंग के लिए सबसे सस्ते 5 दिन होने जा रहे हैं। बाजार में आने के लिए कोई शुल्क नहीं है।

# वलसाड से कानपुर होते हुए मऊ तक स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए वलसाड से मऊ वाया कानपुर होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। गाड़ी संख्या 05017 मऊ से शनिवार 28 फरवरी एवं 7 मार्च को चलेगी जबकि गाड़ी संख्या 05018 वलसाड से प्रत्येक रविवार 1 मार्च एवं 8 मार्च को चलेगी। इस ट्रेन में पार्सल यान 2, सामान्य -04, स्लीपर -11, एसी तृतीय-02, एसी द्वितीय -01 कुल 20 डिब्बे होंगे।

गाड़ी संख्या 05017 मऊ से रात 3.45 बजे रवाना होगी। बेल्थरा रोड 4.30 बजे, सेलमपुर 4.55 बजे, देवरिया 5.40 बजे, गोरखपुर प्रातः 7.25 बजे, बस्ती 8.38 बजे गोंडा 9.55 बजे,बाराबंकी 11.25 बजे, ऐशबाग लखनऊ दोपहर 12.30 बजे, कानपुर सेंट्रल दोपहर 2.05 बजे, ईदगाह (आगरा) सायं 7.15 बजे, गंगापुर सिटी रात 10.30 बजे, वलसाड रविवार को दोपहर 12. 35 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 05018 वलसाड से दोपहर 3.10 बजे रवाना होगी। रतलाम रात 10.35 बजे, ईदगाह प्रातः 8.40 बजे, टूंडला 10.30 बजे, कानपुर दोपहर 2.45 बजे, बस्ती रात 8.28 बजे, गोरखपुर रात 9.40 बजे, देवरिया सदर रात 10.40 बजे, भटनी रात 11.05 बजे, मऊ मंगलवार रात 00.45 बजे पहुंचेगी।



### कानपुर सेंट्रल से मदुरै के लिए होली विशेष ट्रेन आज से

कानपुर। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए बुधवार से होली विशेष गाड़ियों का संचालन करने की घोषणा की है। इस गाड़ी में पार्सलयान 2, सामान्य -04, स्लीपर -07, एसी तृतीय 04, एसी सेकंड 2 और इकानॉमी क्लास के 3 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 01927, प्रत्येक बुधवार को 25 फरवरी से 25 मार्च तक चलेगी ये गाड़ी कानपुर सेंट्रल से प्रात: 8.10 बजे रवाना होगी। पुखरायां 9.28 बजे, उरई 10.18 बजे, ललितपुर दोपहर 1.50 बजे, बीना दोपहर 3.40 बजे, भोपाल सायं 5.20 बजे, नागपुर रात 11.35 बजे, मदुरै शुक्रवार को सुबह 7.15 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01928 प्रत्येक शुक्रवार को 27 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगी। ये गाड़ी मदुरै से शुक्रवार को रात 11.35 बजे रवाना होगी। विजय वाड़ा सायं 6.45 बजे, नागपुर प्रात: 9.15 बजे, भोपाल सायं 5.05 बजे, बीना रात 8.25 बजे, ललितपुर रात 9.13 बजे, झांसी रात 10.30 बजे, उरई रात 11.55 बजे, पुखरायां रात 00.33 बजे, कानपुर सेंट्रल स्टेशन सोमवार को भोर 4.30 बजे पहुंचेगी।

### लखनऊ से नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस 4 मार्च को रद

कानपुर। लखनऊ से नई दिल्ली के मध्य चलने वाली वीआईपी ट्रेन तेजस एक्सप्रेस 4 मार्च को निरस्त रहेगी, जबकि 3 मार्च को संचालित होगी। गाड़ी संख्या 82501/82502 लखनऊ से नई दिल्ली अप-डाउन तेजस एक्सप्रेस तकनीकी कारणों से 4 मार्च को नहीं चलेगी। मंगलवार 3 मार्च को यह ट्रेन अपने निर्धारित समय पर संचालित की जाएगी।

# कानपुर से हैदराबाद का किराया 15 हजार पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर कानपुर से हवाई यात्रा करना कई गुना महंगा हो गया है, कानपुर से हैदराबाद जाने के लिए आम दिनों में 5 से 6 हजार के मध्य किराया होता है लेकिन यही किराया होली में भीड़ के चलते 15 हजार के पास पहुंच चुका है। इस संबंध में अवध टूअर्स एंड ट्रवेल्स के निदेशक हाजी शारिक अलवी का कहना है कि आम दिनों में दिल्ली का किराया 3000 से 4000 के बीच होता है लेकिन होली के चलते सभी फ्लाइट का किराये में इजाफा हो गया है लेकिन होली के बाद फिर किराया नार्मल हो जाएगा।

**कानपुर से हैदराबाद:** फ्लाइट नंबर 6 ई 6292 कानपुर से हैदराबाद यदि आप 27 फरवरी को जाएंगे 7517 रुपये किराया देना होगा। अपने साथ आप 15 किलो वजन ले जा सकते हैं लेकिन आप 2 मार्च को जाना चाहते हैं तो 14,762 रुपये किराया देना होगा। इसी प्रकार आप 6 मार्च को हैदराबाद जाएं तो 10,562 रुपये किराया देना होगा।

**कानपुर से मुंबई:** फ्लाइट नंबर 6 ई 5083 यदि आप 27 फरवरी को मुंबई जाना चाहते हैं तो 11964 रुपये किराया देना होगा लेकिन 2 या 5 मार्च को जाएंगे तो 10,966 रुपये देना होगा। **कानपुर से बेंगलुरु:** फ्लाइट नंबर 6 ई 6012 कानपुर से बेंगलुरु के लिए 28 फरवरी को सफर करना है तो 11,875 रुपये किराया देना होगा जबकि 3 या फिर 5 मार्च को थोड़ी राहत है, 10,195 रुपये किराया देना होगा।

**कानपुर से दिल्ली:** फ्लाइट नंबर 6 ई 2158 कानपुर से दिल्ली के लिए यदि आप 26 फरवरी को जायेंगे तो 8,275 रुपये, 27 और 28 फरवरी को 9,505 रुपये और 1 व 2 मार्च को 8,175 रुपये किराया देना पड़ेगा।

**स्टार्टअप प्रदर्शित** | पीएसआईटी में दो दिवसीय स्टार्टअप कॉन्क्लेव की शुरुआत, युवाओं को सपने साकार करने का मिला मंच

# स्टार्टअप कॉन्क्लेव एलेवेट ने युवाओं को दिखाई भविष्य की राह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पीएसआईटी में आयोजित दो दिवसीय स्टार्टअप कॉन्क्लेव 'एलेवेट' की शुरुआत मंगलवार को हुई। इस दौरान 120 से अधिक स्टार्टअप प्रदर्शित किए गए। आयोजन के दौरान अत्याधुनिक दूरबीन और ड्रोन ने सभी को आकर्षित किया। आयोजन में दो सौ से अधिक स्टार्टअप ने आने के लिए पंजीकरण की इच्छा जताई थी।

कार्यक्रम की शुरुआत राज्यमंत्री (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी) अजीत सिंह पाल ने की। इस दौरान वाइस प्रेसिडेंट तान्या सिंह, ग्रुप डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) मन मोहन शुक्ला, डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) राघवेंद्र सिंह व एडिशनल डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) रघुराज सिंह सूर्यवंशी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीत सिंह पाल ने कहा कि यह समय नवाचार और उद्यमिता का है। युवा अपने नए विचारों से देश की दिशा बदल सकते हैं। उन्होंने स्टार्टअप्स को निरंतर सीखते रहने, समस्याओं के समाधान पर काम करने और अपने विचारों को जमीन पर उतारने के लिए प्रेरित किया।

उधर, वाइस प्रेसिडेंट तान्या सिंह ने कहा कि ऐसे मंच युवाओं को आत्मविश्वास देते हैं और उन्हें अपने सपनों को वास्तविकता में बदलने का अवसर प्रदान करते हैं। पीएसआईटी के ग्रुप डायरेक्टर प्रो. डॉ. मन मोहन शुक्ला ने कहा कि एलेवेट जैसे कॉन्क्लेव स्टार्टअप्स के लिए सीखने, जुड़ने और आगे बढ़ने का सशक्त मंच हैं। यहां स्टार्टअप्स को निवेशकों, विशेषज्ञों और इंडस्ट्री के अनुभवी लोगों से सीधे संवाद का अवसर मिलता है।

**देश भर से 120 स्टार्टअप शामिल:** कॉन्क्लेव के लिए देशभर से 2 सौ से अधिक स्टार्टअप्स ने आवेदन किया था, जिनमें से चयन प्रक्रिया के बाद 120 स्टार्टअप्स को शॉर्टलिस्ट कर प्रदर्शनी और सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया। ये स्टार्टअप्स ओडिशा, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों से आए। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडटेक, आईओटी, स्मार्ट वेयरेबल, एग्रीटेक, होम ऑटोमेशन, फूडटेक, स्पेस टेक और अन्य उभरते क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं।

**आइडिया लैब की हुई शुरुआत:** आयोजन के दौरान एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत आईडिया लैब की शुरुआत भी की गई। यह लैब छात्रों और स्टार्टअप्स को अपने आइडियाज पर काम करने, प्रोटोटाइप बनाने और नई तकनीकों को प्रयोग में लाने के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इससे छात्रों को हाथ-से-सीखने का अवसर मिलेगा और स्टार्टअप्स को अपने प्रोडक्ट को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

**एआई की रही धूम:** कॉन्क्लेव में ग्रेटर नोएडा से आई लेमिनो ने अपना एआई आधारित मॉडल प्रस्तुत किया, जो बड़ी कंपनियों के लिए ट्रेनिंग समाधान उपलब्ध कराता है। यह स्टार्टअप ऐसे एआई एजेंट तैयार करता है जो सेल्स, इंश्योरेंस और कस्टमर केयर जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों की ट्रेनिंग में मदद करते हैं। यह एआई सिस्टम व्यक्ति की बोलने की शैली, कम्युनिकेशन स्किल और बॉडी पोस्टर को पहचानकर उसमें सुधार के सुझाव देता है।



ड्रोन देखते राज्यमंत्री अजीतपाल सिंह व पीएसआईटी के ग्रुप डायरेक्टर प्रो. डॉ. मन मोहन शुक्ला। अमृत विचार

### सुरक्षा करेगा ड्रोन

- स्टार्टअप कॉन्क्लेव में कानपुर के एरोमॉडलिंग क्लब स्टार्टअप ने अपने अनोखे ड्रोन प्रदर्शित कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। स्टॉल पर उन्होंने अपनी कंपनी द्वारा तैयार किए गए यूएवी, एयरक्राफ्ट मॉडल, मिलिट्री ड्रोन और इमरजेंसी ड्रोन प्रस्तुत किए। वहीं विज़िटर्स को उनका बनाया हुआ एफपीवी ड्रोन भी खासा पसंद आया और कई लोगों ने इसके बारे में जानकारी ली। कंपनी के फाउंडर आदित्य कुमार कुशवाहा ने बताया कि वे डिफेंस सेक्टर के लिए ट्रेनिंग उद्देश्य से ड्रोन, यूएवी और एयरक्राफ्ट मॉडल उपलब्ध कराते हैं, जिनका उपयोग सेना में ड्रोन को लक्ष्य बनाकर गिराने, हथियार पहुंचाने और बॉम्बिंग जैसी ट्रेनिंग गतिविधियों में किया जा सकता है।

## सिटी ब्रीफ

### ऑटो व पिकअप की भिड़ंत में पांच जख्मी

**घाटमपुर।** साढ़ थाने की बिरहर चौकी के समीप पिकअप और ऑटो की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जहानाबाद स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। कानपुर से जहानाबाद जा रही ऑटो में सवार चंद्रभान, मिथलेश पत्नी चंद्रभान निवासी हंसकर, रीना पत्नी पवन, शिखा पुत्री पवन, कुसमा देवी निवासी गंधरपी साथ ही ऑटो चालक अनूप पुत्र रंजन लाल निवासी बर्रा को जहानाबाद की ओर से आ रही पिकअप ने सीधी टक्कर मार दी। इससे ऑटो सवार पांच लोग घायल हो गए जिन्हें बिरहर पुलिस ने जहानाबाद स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### मसाला उत्पादन पर दिया गया प्रशिक्षण

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शाकभाजी विज्ञान विभाग में मसाला उत्पादन तकनीकी विषय पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मसाला वैज्ञानिक डॉ संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस बीज मसाले से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इन फसलों में लागत कम होती है। उन्होंने आजाद धनिया एक व आजाद मैथी दो की बुवाई की सलाह दी।

# पंचायत की दुकानों में हेराफेरी प्रधान-तीन सचिवों को नोटिस

## सचेंडी में 10.31 लाख की देनदारी पर मामला फंसा, किराया वसूली और जमा अभिलेखों में अंतर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी में पंचायत दुकानें आवंटन किसी के नाम थी और जांच में दुकानों का संचालन कोई और लोग करते मिले हैं। किराया वसूली और अभिलेखों का मिलान किया गया तो उसमें भी अंतर मिला, जिस पर सचेंडी में पंचायत प्रबंधन पर कार्रवाई की गई है। प्रधान के अतिरिक्त तीन सचिवों से भी जवाब तलब किया गया है और नोटिस दी गई है।

सचेंडी ग्राम (ब्लॉक कल्याणपुर) में ग्राम पंचायत से निर्मित दुकानों के आवंटन और राजस्व प्रबंधन में पाई गई गंभीर अनियमितताओं पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीधे हस्तक्षेप करते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। उनके निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार द्वारा कराई गई जांच में ग्राम निधि को 10,31,800 रुपये की राजस्व देनदारी सामने आई है। प्रकरण में ग्राम प्रधान उर्मिला देवी तथा तत्कालीन सचिव राकेश झा, शैली राठौर और सुशील वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

### आय के स्रोत निष्क्रिय रहे

- जांच में पाया गया कि लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्मित पंचायत उद्योग भवन को आय सृजन के उद्देश्य से उपयोग में नहीं लाया गया। जांच में यह भी उल्लेख है कि पंचायत की आय बढ़ाने हेतु अपेक्षित सक्रिय प्रयास नहीं किए गए, जिसके परिणामस्वरूप ग्राम निधि पर 10,31,800 रुपये की राजस्व देनदारी आई। पंचायत स्तर पर यह राशि महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### 15 दिनों में देना होगा जवाब

- जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि पंचायत संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। ग्राम निधि को नुकसान पहुंचाने के मामलों में दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नोटिस में संबंधित पदाधिकारियों को 15 दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। संतोषजनक उत्तर न मिलने की स्थिति में नियमानुसार वित्तीय दायित्व निर्धारण एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बकाया राजस्व की वसूली की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है।

जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार द्वारा की गई जांच में पाया गया कि वर्ष 2015 में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित 23 दुकानों के आवंटन में निर्धारित शर्तों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया। कई दुकानों पर मूल आवंटी के स्थान पर अन्य व्यक्तियों द्वारा संचालन पाया गया। निर्धारित किराया नियमित रूप से ग्राम पंचायत खाते में जमा नहीं कराया गया। रिपोर्ट में किराया वसूली और बैंक जमा अभिलेखों में अंतर दर्ज किया गया है। कुछ दुकानों का किराया अभिलेखों में शून्य अंकित था, जबकि मौके पर दुकानें संचालित मिलीं। किराया दरों का समयानुसार पुनरीक्षण नहीं किया गया। आवंटन पत्र, अनुबंध और शर्तों से संबंधित अभिलेख व्यवस्थित रूप से सुरक्षित नहीं पाए गए।

## धर्म के मार्ग पर चलने वाले की रक्षा ईश्वर करते हैं : शास्त्री जी

**शिवराजपुर।** कमालपुर खोदन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ कथा श्रवण किया। व्यासपीठ से सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. शरद शास्त्री जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रथम स्कंध में वर्णित महाराज परीक्षित के जन्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध के उपरांत जब अश्वत्थामा ने क्रोधवश ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया और वह उत्तरा के गर्भ की ओर बढ़ा, तब भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गर्भ में प्रवेश कर बालक की रक्षा की। यही बालक आगे चलकर महाराज परीक्षित के रूप में विख्यात हुए, जिनके माध्यम से भागवत कथा का दिव्य ज्ञान संसार में प्रसारित हुआ। पं. शरद शास्त्री ने कहा कि जब मनुष्य धर्ममार्ग पर स्थिर रहता है, तब भगवान उसकी रक्षा के लिए अदृश्य रूप से भी साथ रहते हैं। महाराज परीक्षित का जीवन इस सत्य का जीवंत प्रमाण है कि ईश्वर की कृपा से असंभव भी संभव हो जाता है।

## सिटी डायरी

### यूजीसी नेट में रितिक वर्मा हुए सफल

**कानपुर।** पीपीएन पीजी कालेज के मेधावी छात्र रितिक वर्मा ने प्रतिष्ठित सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा में यूजीसी जेआरएफ योजनान्तर्गत अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। रितिक वर्मा का शैक्षणिक सफर प्रारंभ से ही उत्कृष्ट रहा है। वे पीपीएन कॉलेज से एमएससी में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के गोल्ड मेडलिस्ट रह चुके है। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए उन्हें विश्वविद्यालय का स्वर्ण पदक माननीया राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अनूप कुमार सिंह ने मेधावी छात्र रितिक वर्मा की उपलब्धि पर कहा यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिमत प्रतिभा, कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है, बल्कि यह हमारे संस्थान के शैक्षणिक वातारण, समर्पित गुरूजनों और शोधपरक संस्कृति की भी सफलता है।



रितिक का मुंह मीठा कराया गया। अमृत विचार

### सनातन संस्कृति के लिए एकजुट हों

**कानपुर।** सनातन सेवा समिति के सदस्यों ने केशवपुरम विजय वाटिका में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. धीरेन्द्र दोहरे ने की। अवध बिहारी मिश्रा ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हमें एकजुट होना है। हम सब हिंदू हैं यह भाव मन में रखें। जाति की बेड़ियां तोड़ने की जरूरत है। बीना कन्नौजिया ने समाज को समरसता के मंत्र दिए। समरसता भोज में सबने एक साथ भोजन किया। डॉ. धीरेन्द्र दोहरे ने वरिष्ठ नागरिकों की सेवा हेतु वैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। आरएसएस के स्वयंसेवकों के साथ– साथ समिति अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, पीएन त्रिपाठी, बीडी कुरील, दीपक प्रजापति, धीरज उपस्थित रहे।



सम्मेलन में वक्ताओं ने विचार रखे। अमृत विचार



गुरुग्राम में सम्मानित होते डॉ. नरेंद्र कुमार पांडेय। अमृत विचार

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर डॉ. नरेंद्र पांडेय सम्मानित

**कानपुर।** गुरुग्राम स्थित द नार्थ कैप यूनिवर्सिटी में आयोजित फिजियो कनेक्ट 6, इंटरनेशनल कांफ्रेंस में किंगडम ऑफ बहरीन के राजदूत अब्दुल रहमान अलगॉड एवं द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिथेरेपिस्ट की डॉ. रुचि वैष्णेय ने कानपुर फिजियोथेरेपिस्ट संगठन (केपीए) के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार पांडेय को उनके उत्कृष्ट क्लिनिकल योगदान, रोगी सेवा में समर्पण एवं फिजियोथैरेपी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए फिजियो कनेक्ट विशिष्ट नैदानिक सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया।

# किसानों की बेहतरी में मदद करेगा आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की योजना से जुड़ा

**अमृत विचार।** फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी कानपुर को उसके इनक्यूबेशन सेंटर स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर के माध्यम से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की योजना में जोड़ा गया है। इसके तहत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-रिम्यूनरेटिव अप्रोचेस फॉर एग्रीकल्चर एंड एलाइड सेक्टर रीजुवनेशन योजना का नॉलेज पार्टनर संस्थान को नियुक्त किया गया है। इसकी औपचारिक घोषणा आईआईटी कानपुर के नोएडा आउटरीच सेंटर में आयोजित लॉन्च और स्टेकहोल्डर एंगेजमेंट कार्यक्रम के दौरान की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव देवेश चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में की। फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी कानपुर, आईआईटी कानपुर के सीईओ डॉ. आशुतोष अग्निहोत्री भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी की महाप्रबंधक सुरभि अवस्थी ने योजना की रूपरेखा और उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।

बताया गया कि नॉलेज पार्टनर के रूप में फर्स्ट आईआईटी कानपुर देशभर में कृषि स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने, उन्हें मार्गदर्शन देने, फंडिंग से जोड़ने और आरकेवीवाई एग्री-बिजनेस इनक्यूबेटर्स के साथ समन्वय स्थापित करेगा। इस साझेदारी का उद्देश्य प्रिसिजन फार्मिंग, एग्री-बायोटेक, पोस्ट-हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी और अन्य कृषि क्षेत्रों में नवाचार को मजबूत करना है, ताकि कृषि क्षेत्र में नए और प्रभावी समाधान विकसित हो सकें।

### कृषि नवाचार बढ़ेगा

- कानपुर के आयुक्त और चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति के. विजयेंद्र पांडियन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और स्टार्टअप के बीच मजबूत संबंध भारत की कृषि नवाचार प्रणाली को और मजबूत बनाएंगे। नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार ने कहा कि नाबार्ड कृषि नवाचार और 'आरकेवीवाई रफ्तार' से जुड़े स्टार्टअप्स को वित्तीय सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# इंटर की परीक्षा के दौरान नकल को लेकर हंगामा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर क्षेत्र में ककवन मार्ग पर खजुरी गांव के सामने स्थित अन्नपूर्णा इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान पक्षपात के आरोप लगने से हड़कंप मच गया। मंगलवार को दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की अर्थशास्त्र की परीक्षा देकर बाहर निकली कुछ बाहरी छात्राओं ने विद्यालय स्टाफ पर अपने विद्यालय की छात्राओं को नकल कराने और विरोध करने पर उन्हें डांटकर चुप कराने का आरोप लगाया। छात्राओं ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि आपका अमृत विचार अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

जानकारी के अनुसार, अन्नपूर्णा इंटर कॉलेज को इस वर्ष बोर्ड परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। मंगलवार को इंटरमीडिएट की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित थी। केंद्र अन्नपूर्णा इंटर कॉलेज की 8 तथा चौबिगही स्थित शिवाजी इंटर कॉलेज की 10 छात्राओं सहित कुल 18 परीक्षार्थी शामिल हुईं। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकली कुछ छात्राओं ने विद्यालय प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाया। उनका कहना था कि अपने विद्यालय की छात्राओं को पेपर हल करने में सहयोग किया गया।

# एकजुटता के साथ काम करें विभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की समीक्षा बैठक
- मंडलायुक्त ने मंडल के सभी उद्यमियों से भी मांगा सहयोग

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने सभी विभागों में समन्वय स्थापित कर कार्य गति को तेज किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान पूरे मंडल के उद्यमी भी बैठक में शामिल हुए। इन उ्रद्यमियों से भी योजना से संबंधित सहयोग किए जाने की बात कही गई।

बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त विजेंद्र पांडियन ने की। बैठक में कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज व फर्रुखाबाद से संबंधित विभागों एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान श्रम विभाग, उद्योग विभाग, एमएसएमई, नगर निगम, विद्युत विभाग सहित विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के लिए श्रम आयुक्त कार्यालय की ओर से अपर श्रम आयुक्त पीके सिंह मौजूद रहे।

बैठक में मंडलायुक्त ने सभी विभागों एवं उद्योग संगठनों को योजना के तहत पंजीकरण बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जो संस्थान कर्मचारी भविष्य निधि के दायरे में आते हैं, वे अनिवार्य रूप से पीएफ अंशदान जमा करें। इसके साथ ही जो संस्थान नियमित रूप से पीएफ अंशदान कर रहे हैं, उन्हें भी इस योजना का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

मंडलायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजना के लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करने और कानपुर मंडल को रोजगार सृजन एवं श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के निर्देश दिए।

### कर्मचारियों को जल्द जारी होगी पहली किस्त

- बैठक में यह भी बताया गया कि योजना के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों को प्रथम किस्त के रूप में 15 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जानी है, जिसमें 7,500 रुपये की पहली किश्त शीघ्र जारी की जाएगी। यह राशि सीधे लाभार्थी के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भेजी जाएगी। इसके लिए कर्मचारी का बैंक खाता आधार से लिंक होना तथा यूनिवर्सल अकाउंट नंबर को फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक आधारित डिजिटल सत्यापन पूर्ण होना आवश्यक है। ऐसे में अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों एवं कर्मचारियों का पंजीकरण कराया जाए।

# हलीम ग्राउंड पर तरावीह मुकम्मल, अमन की दुआएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हलीम कॉलेज ग्राउंड पर तरावीह मुकम्मल हो गयी जिसपर मुल्क और अपने शहर के अमन-ओ-अमान के लिए दुआ की गयी। तरावीह खत्म होने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिले और अल्लाह से दुआ की गई कि अगले साल हलीम ग्राउंड पर फिर तरावीह की नमाज पढ़ने को मिले।

मंगलवार को देर रात हलीम कालेज ग्राउंड पर हाफिज ने कुरान मुकम्मल किया। तरावीह मुकम्मल होने के उपरांत रोजेदारों को आह्वान किया गया कि तरावीह में आप पूरा कुरआन सुन चुके हैं, इसका मतलब नहीं है कि अब तरावीह नहीं पढ़ना है, पूरे रमजान तरावीह की नमाज पढ़ना अनिवार्य है। उधर, तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने अपने बयान में कहा है कि रमजान-उल-मुबारक में ज्यादातर लोग 5 या 6 रमजान को कुरआन का पहला दौर मुकम्मल होने के बाद ये सोचकर फिर तरावीह नहीं पढ़ते कि हमने कुरआन सुन लिया है जबकि सच्चाई ये है कि चांद देखकर तरावीह शुरु करना चाहिए।

### सहरी के वक्त में मुर्गे की बांग का एतबार नहीं करें

- रोजेदार ने हेल्प लाइन में सवाल किया कि सहरी के वक्त मुर्गे की बांग का एतबार करना चाहिए या नहीं, इस पर मुफ्ती की टीम ने जवाब दिया कि सहरी के वक्त में मुर्गे की बांग का एतबार नहीं करना चाहिए। ऑल इंडिया गरीब नवाज कौंसिल की हेल्पलाइन में मौलाना हाशिम अशरफी की टीम ने रोजेदारों के सवालों के जवाब दिये। सवाल आया कि दस साल के बच्चे रोजा रखकर तोड़ दिया तो क्या बाद में उसको कजा करना होगा। मुफ्ती हजरात ने जवाब दिया कि 10 साल के बच्चे पर रोजा फर्ज नहीं है। बच्चे ने अगर रोजा रखकर तोड़ दिया तो कजा का हुक्म नहीं होगा। शहरकाजी मुफ्ती डॉ. यूनुस रजा ओवैसी की हेल्पलाइन में कई सवालों के उलेमा की टीम ने उत्तर दिए। हेल्पलाइन का जवाब आया कि यदि कोई पे फोन से सदका–ए–फित्र देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं है।

ज्ञापन सौंपा | किदवई नगर म्यूजिकल फाउंटेन का मुद्दा उठाया

# इंदिरा प्रतिमा की दुर्दशा पर कांग्रेस का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



किदवई नगर म्यूजिकल फाउंटेन पर ज्ञापन देते कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर दक्षिण में किदवई नगर म्यूजिकल फाउंटेन स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा की दुर्दशा, प्रतिमा का रंग रोगन एवं छतरी लगाए जाने के लिये कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और नगर निगम के जोनल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को कांग्रेसियों ने म्यूजिकल फाउंटेन स्थित प्रतिमा पर नारेबाजी की। इंदिरा जी का ये अपमान नहीं सहेगा कांग्रेस जन। कानपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने कहा कि ये तो चिराग तले अंधेरा वाली बात है कि बिल्कुल बगल में नगर निगम ऑफिस होने के बाद भी पार्क का नाम म्यूजिकल फाउंटेन है जो वर्षों से बंद है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र नेत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर छतरी लगाकर रंग रोगन कराकर इसका सुंदरीकरण कराया जाए। पूर्व पार्षद ललित मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि नगर निगम से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस कार्य को शीघ्र नहीं कराया गया तो दक्षिण के कांग्रेसजन धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे पूर्व पार्षद संजीव मिश्रा ने आरोप लगाया कि इस सरकार में हमारे महापुरुषों को अपमान किया जा रहा है अगर शीघ्र प्रतिमा का सुंदरीकरण नहीं कराया गया तो आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। संचालन सेवादल के पूर्व अध्यक्ष संजय अवस्थी ने किया। मुख्य रूप से सर्वश्री केके अवस्थी ,दिलीप शुक्ला, कृष्णमणि देव सिंह टिल्लू ठाकुर, पूजा भारद्वाज ,मुकेश दुबे, अवनीश ठाकुर, संजय श्रीवास्तव, जेपी द्विवेदी, राजीव पांडे , के सी शर्मा, पंडित अवधेश त्रिपाठी, राम लखन, गुलाब सिंह, शरद मिश्रा, मनोज अवस्थी, प्रताप कुमार आदि मौजूद थे।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

मेरा आधार कार्ड में नाम देवेश कुमार गुप्ता है जबकि मुझे दीपू कौशल के नाम से भी जाना व पहचाना जाता है। मेरे दोनों नामों, देवेश कुमार गुप्ता व दीपू कौशल को मान्यता प्रदान की जावे। **देवेश कुमार उर्फ दीपू कौशल पुत्र श्री गोविंद गणेश गंज रूरा कानपुर देहात।**

### सूचना

उपेन्द्र पुत्र रामनरेश ग्राम भुनिया पुर मौजा लिलुइया तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज का निवासी है। मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम बबलू अंकित है जबकि आधार कार्ड संख्या 3821 3806 5260 में मेरा नाम उपेंद्र अंकित हो गया है। उपेंद्र और बबलू दोनों नाम से ही मैं जाना जाता हूं।

### सूचना

मैने अपना नाम SANAD HUSSAIN FAROOQUI से बदलकर SANAD HUSSAIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-MANSOOR UL HASAN R/O-RAJANPUR, KUNDA DIST-PRATAPGARH (U.P)**

### सूचना

मै दीक्षा इदनानी आयु 46 वर्ष पुत्री हीरा इदनानी निवासी–बी.एन. घई. लेन लालबाग, लखनऊ–226001, मेरे एकसटेल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर में नाम कुमारी दीक्षा अंकित है जिसे बदल कर मैने अपना नाम दीक्षा इदनानी अंकित कर लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये।

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

(श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार)

क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर

भविष्य निधि भवन, सर्वोदय नगर कानपुर– 208005

दूरभाष: 0512-2217464, ई मेल: ro.kanpur@epfindia.gov.in, वेबसाइट: www.epfindia.gov.in

सत्यमेव जयते

पत्रांक–94/क.भ.नि.सं./क्षे.का./कानपुर/प्रेस विज्ञप्ति/2025–26/ दिनांक–24.02.2026

### प्रेस विज्ञप्ति

### निधि आपके निकट 2.0 प्रोग्राम का आयोजन

विदित है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा निजी, संगठित, असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों / कर्मचारियों एवं पेंशनरो की समस्याओं के निराकरण करने के लिए प्रत्येक माह की 27 तारीख को (अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवसों में) निधि आपके निकट 2.0 को डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम के रूप में शुरू किया गया है।

इस हेतु दिनांक 27 फरवरी 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के परिक्षेत्र में आने वाले सभी 15 जिलों (औरैया, बाँदा, चित्रकूट, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, हमीरपुर, जालौन, झाँसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, ललितपूर, महोबा एवं उन्नाव) में क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर की 15 टीमें निधि आपके निकट 2.0 का आयोजन करेंगी, जहां पर उन क्षेत्रों में निवास करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशनरों, नियोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगी। इस आयोजन में **प्रधान मंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PMVBRY), निष्क्रीय खाते (Inoperative accounts) एवं कर्मचारी नामांकन अभियान (EEC), 2025** की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी एवं APP के माध्यम से **स्वयं जीवन प्रमाण करना** भी बताया जायेगा। जिलेवार **''निधि आपके निकट 2.0''** प्रोग्राम के स्थल निम्न प्रकार हैं:–

| जिला | आयोजन स्थल के नाम | नोडल अधिकारी का नाम | मोबाइल न. |
|---|---|---|---|
| औरैया | जेपी इंटरनेशनल स्कूल, कानपुर इटावा हाईवे, औरैया | श्री रमाकांत शर्मा | 7905580818 |
| बांदा | दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, चिल्ला रोड, मवई बुजुर्ग, बांदा (यूपी) | श्री अतुल चौहान | 7896077511 |
| चित्रकूट | सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल, असोह, चित्रकूट | श्री संतोष कुमार गुप्ता | 6392294076 |
| इटावा | सेंट विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, आलमपुर हौज, आगरा रोड, इटावा | श्री राजेश कुमार सोनकर | 7007717625 |
| फर्रूखाबाद | प्रकाश कोल्ड स्टोरेज, लाल गेट, फर्रूखाबाद | श्री राजेश कुमार मिश्रा | 9454031217 |
| फतेहपुर | मनरेगा कार्यालय, विकास भवन, फ़तेहपुर | श्री सर्वेश्वर सिंह | 9651466795 |
| हमीरपुर | मैसर्स ऑर्गेनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गेट नंबर 48, गांव भदरवाड़ा, राठ, हमीरपुर (यूपी) | श्री संत राम | 9451422743 |
| जालौन | मेसर्स पटेल कॉयर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, एफ 14 से 17, औद्योगिक क्षेत्र, ओरई, जालौन | श्री राहुल गुप्ता | 8787202011 |
| झांसी | सेंट कोलंबस पब्लिक स्कूल, 89 कैंट, लास्काला क्रॉसिंग, झांसी | श्री अजय कुशवाहा | 9161929448 |
| कन्नौज | नगर पालिका, कन्नौज | श्री चन्द्र शेखर सिंह | 6386066022 |
| कानपुर देहात | कंसाई नेरोरल पेंट्स लिमिटेड, जैनपुर, कानपुर देहात | श्रीमती वंदना पाण्डेय | 8009425395 |
| कानपुर नगर | नितिन बैकर्स प्रा. लिमिटेड, बी–22, साइट–5, पनकी औद्योगिक क्षेत्र, कानपुर | श्री संजय कुमार निगम | 9839027917 |
| ललितपुर | मैसर्स राज सिक्योरिटी प्लेसमेंट एंड अर्थमूवर्स, मेन रोड जेल चौराहा, ललितपुर | श्री प्रखर पुरवार | 9617521403 |
| महोबा | सीएमओ कार्यालय, महोबा | कु. नंदिनी राय | 7309233628 |
| उन्नाव | रहमान इंडस्ट्रीज लिमिटेड, साइट–3, औद्योगिक क्षेत्र, पोस्ट अकरमपुर चकरमपुर, उन्नाव | श्री आलोक दीक्षित | 8840007940 |

अतः कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सभी सदस्यों, पेंशनरो, नियोक्ताओं से अनुरोध है कि वह अपने जिले में आयोजित होने वाली निधि आपके निकट 2.0 प्रोग्राम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं एवं किसी व्यक्ति के नियोक्ता/कंपनी/ठेकेदार/विभाग के द्वारा यदि पी.एफ. अधिनियम का लाभ नहीं दिया जा रहा है तो वह उसकी शिकायत भी कर सकता है।

(प्रतीश सिंह)

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त–II



हम वही हैं जो हम अभी सोचते हैं, जो हम अभी करते हैं।
–सम्राट अशोक



# नव निवेश से आशा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे में लगभग 6,650 करोड़ रुपये का निवेश और बीस हजार लोगों के लिए संभावित रोजगार का आश्वासन मिला है, इन आंकड़ों में अभी और बढोतरी संभव है। सिंगापुर के नेतृत्व, निवेशकों और टेमसेक होल्डिंग जैसे संस्थानों से संवाद का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक पूंजी के लिए विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करना है और यह उद्देश्य पूरा होता दिखता है। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के प्रयास बहुत तेज हुए हैं।

2018 और 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लाखों करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए। प्रवासी भारतीय सम्मेलनों और रोड शो के जरिए आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और शहरी अवसंरचना में निवेश आकर्षित हुआ है। नोएडा–ग्रेटर नोएडा डेटा सेंटर हब, झांसी, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़, चित्रकूट को मिलाकर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और पूर्वांचल–बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसके उदाहरण हैं। आधिकारिक दावों के अनुसार, 2023 समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव आए, पिछले वर्षों में प्रतिवर्ष औसतन कई हजार करोड़ का वास्तविक निवेश खासकर एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और मैन्युफैक्चरिंग में अवश्य आया है, परंतु सचाई है कि निवेश प्रस्ताव और वास्तविक पूंजी प्रवाह में अंतर रहता है। अनुभव यह बताता है कि सभी प्रस्ताव जमीन पर नहीं उतरते। आम तौर पर 30 से 50 प्रतिशत परियोजनाएं ही निर्धारित समय में साकार होती हैं। पिछले दस वर्षों में एक्सप्रेसवे नेटवर्क, एयरपोर्ट विस्तार, डेटा सेंटर निवेश और डिफेंस कॉरिडोर और इससे औद्योगिक आधार बाहरी निवेश के चलते ही मजबूत हुआ है। अपराध-नियंत्रण और कानून-व्यवस्था में सुधार के दावों ने सूबे में निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। आगे यदि सिंगापुर जैसे निवेशक दीर्घकालिक पूंजी लगाते हैं, तो मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू-एडिशन, निर्यात और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। सिंगापुर की ताकत शहरी नियोजन, वित्तीय सेवाओं, पत्तन-अवसंरचना, स्मार्ट सिटी और ग्रीन एनर्जी में है। यदि आवास, मेट्रो, इंडस्ट्रियल पार्क, फिनटेक और सौर-ऊर्जा परियोजनाओं में बेहतर निवेश आया, तो प्रदेश की उत्पादकता और शहरी जीवन-गुणवत्ता दोनों बढ़ेगी। उदाहरण के लिए वेयरहाउसिंग और कोल्ड-चेन में पूंजी आने से कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को बेहतर मूल्य मिल सकता है, तो फिनटेक और एसएमई फंडिंग से सूक्ष्म उद्यमों को गति मिल सकती है। बाहरी निवेश निस्संदेह उद्योगों में वृद्धि करेगा बशर्ते स्थानीय एमएसएमई को आपूर्ति श्रृंखला में विधिवत जोड़ा जाए। बाहरी पूंजी केवल बड़े शहरों तक सीमित रही तो क्षेत्रीय असमानता बढ़ सकती है, इसलिए नीति का फोकस क्लस्टर-आधारित विकास, स्किल अपग्रेडेशन और स्थानीय उद्यमिता पर होना चाहिए। अवसंरचना, आवास, वित्तीय सेवाओं और ग्रीन एनर्जी के अलावा हेल्थटेक, एजुकेशन टेक, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, खाद्य-प्रसंस्करण और रक्षा विनिर्माण जैसे कुछ क्षेत्र भी इससे लाभान्वित हो सकते हैं। सिंगापुर की विशेषज्ञता से शहरी प्रशासन और 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' में सुधार आएगा।

## प्रसंगवश

# हिंदी को तकनीक की भाषा बनाने की जरूरत

हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसमें लगभग कुल वक्ता 60 करोड़ से अधिक हैं। विश्व के 150 से अधिक देशों में करोड़ों प्रवासी हिंदी बोलते और लिखते हैं। कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदी को समझती और बोल सकती है, फिर भी ज्ञान-विज्ञान, तकनीकी शिक्षा और उच्च अध्ययन का माध्यम अभी भी मुख्यतः अंग्रेजी है। हिंदी साहित्य, काव्य और आलेखों में तो अद्भुत योगदान हुआ है, किंतु वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में हिंदी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अभाव बना हुआ है।

हिंदी को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप विकसित करना आवश्यक है। स्कूलों-विश्वविद्यालयों में हिंदी माध्यम की शिक्षा को प्रोत्साहन देना और जहां संभव हो, अनिवार्य बनाना चाहिए। सभी राज्यों के नागरिकों को समझाना होगा कि अपनी भाषा का अपमान स्वयं का अपमान है। जब तक हम अंग्रेजी को प्रतिष्ठा का प्रतीक और भारतीय भाषाओं को साधारण मानते रहेंगे, हिंदी का पूर्ण उत्थान संभव नहीं।



अंबिका अंबी
लेखिका

भारत के हर राज्य में अपनी-अपनी स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन हिंदी लगभग हर राज्य में प्रचलित है। यह सरकारी कार्यालयों से लेकर आम लोगों के रोज़मर्रा के संवाद तक का प्रमुख माध्यम बनी हुई है। सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', फणीश्वरनाथ रेणु, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह 'दिनकर' और मैथिलीशरण गुप्त जैसे महान साहित्यकारों ने कविता, उपन्यास, नाटक और कहानियों के माध्यम से हिंदी साहित्य को अपार समृद्धि प्रदान की। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों के खिलाफ जन-जागरण और क्रांति में हिंदी साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आधुनिक काल में मोहन राकेश, गीत चतुर्वेदी, मृदुला गर्ग, मनु भंडारी आदि ने अपनी सशक्त लेखनी से हिंदी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

संविधान लागू होने के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उच्च शिक्षा, कानून और तकनीकी क्षेत्रों में अंग्रेजी ही प्रमुख माध्यम बनी हुई है। राजनीतिक स्वतंत्रता मिले 78 वर्ष हो चुके हैं, किंतु मानसिक गुलामी आज भी बरकरार है और डिजिटल युग में यह और गहराती जा रही है। आजकल कई शिक्षित माता-पिता हिंदी को हेय दृष्टि से देखते हैं और बच्चों को जन्म से ही अंग्रेजी में बोलना सिखाते हैं। आधुनिक अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी बोलना अक्सर प्रतिबंधित-सा लगता है। नौकरी के साक्षात्कारों से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक सम्मान मिलता है, जबकि हिंदी को कमतर आंका जाता है।

डिजिटल युग में हिंदी का वैश्विक प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यूट्यूब, सोशल मीडिया, ऐप्स और एआई टूल्स पर हिंदी कंटेंट की भरमार है। हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ फिजी की भी आधिकारिक भाषा है। भारत के बढ़ते आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक प्रभाव से विदेशों में हिंदी सीखने की रुचि बढ़ रही है। विश्व हिंदी सचिवालय (मॉरीशस में स्थापित) हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की पहल जारी है।

देश में हिंदी के प्रति सम्मान, ज्ञान और स्वाभिमान जगाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। हमारा कर्तव्य है, हिंदी को अपनाकर उसकी वास्तविक गरिमा प्रदान करें, क्योंकि हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, हमारा स्वाभिमान है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# कट्टरपंथ के खिलाफ नए गठजोड़ से उम्मीदें





दिग्विजय सिंह
कानपुर

भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ अब इजराइल कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। यह इरादा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जाहिर किया है। उन्होंने इसे हैक्सागन गठबंधन नाम दिया है, हालांकि भारत ने अभी इस गठबंधन में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति का इजहार नहीं किया है, लेकिन इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इसका खाका बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा रखे जाने की उम्मीद है। यह गठबंधन मुस्लिम राष्ट्रों का खलीफा बनने की सोच रहे, तुर्किए और पाकिस्तान के लिए भी बड़ा झटका होगा। जिस तरह बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इस गठबंधन का एलान किया गया है, उससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि इसकी खिचड़ी पहले से ही पक रही थी। इसमें जिन देशों को शामिल किया जाना है, उनकी सहमति लेने के बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री ने इसका एलान किया है। यह गठबंधन इस्लामिक कट्टरपंथ के बढ़ते खतरों से निपटेगा।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर लांच किया, तो पाकिस्तान का साथ देने वाले देशों में सबसे पहला नाम तुर्किए का था। जब भी तुर्किए में प्राकृतिक आपदा आई भारत ही उसकी मदद को सबसे पहले आगे आया। बावजूद इसके इस्लामिक कट्टरता के कारण ही तुर्किए सारा एहसान भूल गया और पाकिस्तान को उसने ड्रोन की बड़ी खेप भेज दी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुर्किए के विरोधी राष्ट्र साइप्रस और ग्रीस का न सिर्फ दौरा किया, बल्कि सामरिक सहयोग बढ़ाने का आश्वासन भी इन राष्ट्रों के प्रमुखों को दिया।

> भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ इजराइल अब कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष इसका खाका नेतन्याहू रख सकते हैं।

तुर्किए वैसे तो आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दावे करता है, लेकिन जब आतंकी हमले इजराइल और भारत पर होते हैं, तो उसके सुर बदल जाते हैं। फिर वह आतंक के आका राष्ट्रों के साथ खड़ा नजर आता है। ऐसे में इस गठजोड़ से सबसे बड़ा नुकसान तुर्किए को होगा। हेक्सागन में ग्रीस और साइप्रस का शामिल होना ही तुर्किए के लिए बड़ा झटका है। यह गठजोड़ भूमध्य सागर में तुर्किए की दादागिरी पर लगाम लगाने में अहम भूमिका अदा करेगा। तुर्किए कई वर्षों से इस क्षेत्र के समुद्री इलाके में तेल और गैस के भंडार पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा है। उसकी दादागिरी से ग्रीस और साइप्रस परेशान हैं। ऐसे में इस गठजोड़ में शामिल होकर दोनों ही राष्ट्र उसकी दादागिरी पर लगाम लगाने में कामयाब हो सकते हैं।

लेबनान, ईरान, यमन के आतंकी संगठन हूती से परेशान इजराइल के लिए अब सबसे बड़ा खतरा तुर्किए बनता जा रहा है। सीरिया में तुर्किए और कतर के बढ़े दखल ने इजराइल को परेशान कर दिया है। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री नाफ्ताली बेनेट ने इस गंभीर खतरे की ओर इशारा किया है। उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए गंभीर प्रयास करने के लिए प्रधानमंत्री का आह्वान भी किया है। भारत के साथ ही इजराइल आतंकवाद से पीड़ित है। यमन के आतंकी संगठन हूती, लेबानन के हिजबुल्ला और फिलिस्तीन के हमास से इजराइल लड़ रहा है। अब तुर्किए और कतर के बढ़ते खतरे से उसके हुक्मरानों के माथे पर बल ला दिया है। ऐसे में इजराइल ने नए गठबंधन की नींव रखने का मन बना लिया है।

रूस के बाद इजराइल ही भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर दोनों देशों के बीच कई बड़े रक्षा सौदे होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं इजराइल से जिन हथियारों की खरीद होनी है, उनका उत्पादन भी भारत में ही हो सकता है। साथ ही इजराइल, भारत को इन हथियारों की तकनीक भी देने को तैयार है, जो मजबूत रक्षा, कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों को दर्शाता है। इजराइल दौरे पर ही पीएम मोदी के समक्ष इस नए गठबंधन का प्रारूप प्रस्तुत होना है। प्रधानमंत्री मोदी भी चाहते हैं कि पूरी दूनिया आतंकवाद को एक ही चश्मे से देखे, ताकि आतंकवाद और उसके समर्थक राष्ट्रों को सबक सिखाया जा सके।

इजरायली प्रधानमंत्री की सोच भी पीएम मोदी की सोच से मेल खाती है। उन्होंने कहा है कि इस गठबंधन का मकसद कट्टरपंथ को खत्म करना है। इजराइल, भारत के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग पर भी काम करने को तैयार है। इसके साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी इजराइल का साथ मिलने की उम्मीद है। भारत इस गलियारे के जरिए खाड़ी देशों के रास्ते यूरोप से जुड़ने की कोशिश में लगा हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इससे माल ढुलाई की लागत में कमी आएगी और उसे पहुंचाने में समय भी कम लगेगा।

भारत लंबे अर्से से इस कॉरिडोर को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन क्षेत्रीय संघर्ष और तनाव के कारण इसे धरातल पर उतारने में दिक्कत आ रही है। इसमें ग्रीस और साइप्रस शामिल होंगे, तो भारत से यूरोप तक जाने वाला नया व्यापारिक कारिडोर मिलेगा, जो तुर्किए को बाईपास कर देगा। इससे तुर्किए को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा जो उसकी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चोट होगी। चीन के वन बेल्ट वन रोड को भी यह कॉरिडोर फेल कर देगा।

तमाम विशेषज्ञ इसे नया नाटो मान रहे हैं। ऐसा नाटो जिसके सदस्य देश बिना अमेरिका के ही अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेंगे। खुद नेतन्याहू कह चुके हैं कि इस गठबंधन से न सिर्फ युद्ध रुकेंगे, बल्कि आने वाला भविष्य सुरक्षित होगा और लोग शांति से रह सकेंगे। भारत भी तो यही चाहता है कि किसी भी समस्या का समाधान दो राष्ट्र आपस में बातचीत के जरिए करें न कि युध के माध्यम से। वैसे तो भारत रक्षा के क्षेत्र में सशक्त है, लेकिन इस गठजोड़ में शामिल होगा तो उसकी सामरिक शक्ति और बढ़ेगी।

## आमने सामने



मेरा पुराना ऑफर आज भी कायम है। 100 विधायक लाओ और मुख्यमंत्री बन जाओ। जो भी 100 विधायक अपने साथ लेकर आएगा, उसे एक सप्ताह के लिए मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा।


–अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

इस तरह के बयान से स्पष्ट है कि सपा अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं है। ऐसी टिप्पणियां उनकी हताशा को दर्शाती हैं। यदि उन्हें अपने समर्थन पर भरोसा होता तो वे स्वयं सरकार बनाने की बात करते।

–पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी



# भारत में साइंस एक पब्लिक रेसिपी नहीं है



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

साइंटिफिक नॉलेज में जबरदस्त इजाफे के बावजूद, साइंटिफिक नॉलेज में पॉपुलर कम्युनिकेशन में काफी बढ़त के बावजूद भारत में साइंस के पब्लिक डिस्कोर्स को लेकर कोई उत्साह नहीं है। असल में साइंस और आमजन के बीच कोई ख़ास रिश्ता नहीं है, बल्कि यह रिश्ता सिर्फ कंज्यूमर टेक्नोलॉजी के उपयोग तक सिमट गया है, जैसे कि कुछ इंजीनियरिंग डिवाइसेस और गैजेट्स के इस्तेमाल तक यह सीमित है और लोग इनके विकास के इतिहास को जानने में मामूली सी भी रुचि नहीं रखते।

असल में विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं। वे हरेक वस्तु की उत्पत्ति की गहराई में जाने के इच्छुक हैं ही नहीं, सिवाए उन चंद व्यक्तियों के जो रिसर्च करते हैं। रिसर्चर्स में से भी कुछ ही लोग ऐसे हैं, जो अपने विषय के संपूर्ण विकास और इतिहास से वाकफियत रखते हैं और नयी खोज अर्थात डिस्कवरी कर पाते हैं। दुनिया में डिस्कवरी करने वालों की जीवनियों के पढ़ने से ही मालूम होता है कि एक डिस्कवरर का एव्ल्युशन कैसे होता है। बाकी को साइंस को सिर्फ रिपीट करने वाले होते हैं।

> विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते–पढ़ाते रहते हैं।

रोजमर्रा के जीवन से ताल्लुक रखने वाली सोशल मीडिया पोस्ट सिर्फ एक व्यक्तिगत अनुभव होती है और उस पर सार्वजनिक टिप्पणी किसी काम की नहीं होती, क्योंकि हरेक व्यक्ति के अनुभव विशिष्ट और व्यक्तिगत ही होते हैं। जिस व्यक्ति को ब्रह्माण्ड से सम्बंधित खोजों और इनकी वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के इतिहास की मामूली सी भी जानकारी नहीं, अर्थात एक आमजन जो मामूली पढ़ा लिखा है और हिंदी के अखबार में इन्हें पढ़े तो उसे क्या समझ में आएगा। ज्यादातर ऐसे लोगों की ही सोशल मीडिया पर भरमार है।

भारत में वर्नाक्युलर में साइंस की प्रस्तुति के ऐसे सर्वे कभी नहीं हुए, जो अनेक व्यक्ति-क्लस्टर्स से बातचीत पर आधारित हों। बस, एक मैकेनिकल एक्सरसाइज की तरह से हम साइंस को आसान बनाकर परोसते रहे हैं। मान लीजिए आमजन में से खुद को साइंस समझने के लिए इवोल्व नहीं करने वालों का हम एक ग्रुप बनाएं और दूसरा ग्रुप वह बनाएं जिसने खुद को एक हद तक इवोल्व किया है, तब दोनों के फीडबैक में अंतर हो सकता है। हिंदी में साइंस न्यूज़ और फीचर्स के प्रति भारत में पाठक संख्या नहीं बढ़ रही है, ऐसा मेरा अनुमान है। बस एक रिचुएल के तौर से हम लिखते हैं और इसी तर्ज़ पर कि कोई तो पढ़ता होगा।

भारत ही क्यों साइंस के गढ़ अमेरिका में भी कमोबेश यही स्थिति है। उधर के मीडिया रिसर्चर्स ने अब आमजन में विज्ञान के प्रति लगाव और पढ़ने की उनकी रुचि के बारे में सर्वे करने बंद कर दिए हैं। सिर्फ मार्केटिंग सर्वे होते हैं, जोकि एक प्रोडक्ट की बिक्री के ट्रेंड को देखने के लिए होते हैं। साइंस न्यूज़ और फीचर भी के प्रोडक्ट हैं, लेकिन इन्हें ऐसा प्रोडक्ट नहीं माना जाता, जिसका लोग रोज़मर्रा के जीवन में इस्तेमाल कर लें। जानकारी ही प्रोडक्ट है, ऐसा 98 प्रतिशत लोग नहीं मानते और विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति अपनी समझ को बढ़ाने में रुचि लेना समय का सदुपयोग भी नहीं मानते। इनका कहना कि ऐसा करके भी 'क्या मिलेगा'? यह बड़ी विचलित करने वाली सोच है।

दुनिया में साइंस कम्युनिकेशन और विज्ञान के दर्शन अर्थात पब्लिक फेस ऑफ़ साइंस पर अनेक मनीषियों ने किताबें और लेख लिखे हैं, लेकिन लगता है वे सिर्फ 'अपना काम' कर रहे हैं और इस काम से आमजन का भी कोई वास्ता नहीं। भारत के अनेक साइंटिस्ट्स ने आमजन और पब्लिक-इंटरफेस पर बहुत कुछ लिखा है और इंडियन साइंस कांग्रेस में कभी-कभी इस पर चर्चा भी हुई है। इंडियन साइंस कांग्रेस की प्रोसीडिंग्स में से अगर सिर्फ प्रेसिडेंशियल भाषणों को ही पढ़ा जाए, तब भी बहुत कुछ इस बारे में समझा जा सकता है। रॉयल सोसाइटी ऑफ़ ब्रिटेन एवं ब्रिटिश एसोसिएशन की वेबसाइट ऐसे लेखों से भरी हुई है, जिन्हें पढ़ कर साइंस के प्रति पब्लिक एटीट्यूड टुवर्ड साइंस को जाना जा सकता है।

साइंस के नॉलेज सिस्टम से वाकफियत करने के लिए हेनरी एवेलिन ब्लिस की सन् 1929 में प्रकाशित पुस्तक 'द आर्गेनाइजेशन ऑफ़ नॉलेज एंड द सिस्टम ऑफ़ द साइंसेज' से शुरुआत करनी चाहिए। तत्पश्चात जेबीएस हाल्डेन को पढ़ना चाहिए। बीच-बीच में भारतीय दर्शन ग्रंथों और इन पर लिखी गई टीकाओं को पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। चूंकि ये सब मूल रूप से संस्कृत भाषा में हैं, इसलिए इनके या तो हिंदी वर्जन, व्याख्या समेत पढ़नी चाहिए या अंग्रेजी भाषा में इनके बारे में लिखी गई वे किताबें पढ़नी चाहिए, जिन्हें अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने भारत के हिंदू और मुसलमान पंडितों के योगदान से समझ कर अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# गुलजार करोल बाग में

करोल बाग 1950 के दशक का। एक दुबला-पतला और चश्मा पहनने वाला सिख नौजवान शाम के समय अजमल खान रोड के साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के नामवर लेखकों के साथ आकर बैठता। उनकी सुनता और कभी-कभार किसी मसले पर सार्थक हस्तक्षेप भी करता। उसे साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के लेखक हरनाम सिंह से मिलना होता था। हरनाम सिंह का करोल बाग में पेरिस साड़ीज नाम से एक शो रूम था। वह युवक कभी-कभी हरनाम सिंह के घर भी पहुंच जाता। वह 1950 का दशक समाप्त होने से पहले ही मुंबई चला गया। उसका नाम था संपूर्ण सिंह कालरा। मुंबई जाकर वह सिर्फ गुलजार हो गया। वहां गुलजार ने शायर, गीतकार और फिल्मकार के रूप में श्रेष्ठ और भरपूर काम किया।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गुलजार करोल बाग में एक कार गैरेज में नौकरी करते थे। वहां दिन-भर काम करना पड़ता। उन्हें लिखना-पढ़ना पसंद था। पर पेट की आग को बुझाने के लिए कुछ काम करते रहना भी जरूरी थी। परिवार की माली हालत इस तरह की थी कि कुछ कमाए बिना जीवन की गाड़ी नहीं चल सकती थी। पंजाबी के वरिष्ठ कवि और खालसा कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. हरमीत सिंह अब राजधानी में उन गिने-चुने लोगों में हैं, जिन्हें याद है जब गुलजार करोल बाग के नाईवाला में रहते थे। एक्टर और अभिनेता सतीश कौशिक भी नाईवाला से थे।

खैर, उस दौर में करोल बाग, हरध्यान सिंह करोड और आर्य समाज रोड में बंटवारे के बाद आए शरणार्थियों के सैकड़ों परिवार रहा करते थे। उनमें से कुछ कवि, चित्रकार, चिंतक भी थे। वे सब साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के सिद्ध कवि और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता डॉ. हरभजन सिंह की टेबल के आसपास बैठकर तमाम विषयों पर चर्चा करते थे। सब विषय उनके थे। वहां महेंद्र कौर गिल, करतार सिंह दुग्गल, हरनाम सिंह वगैरह भी होते।

साउथ इंडियन रेस्तरां के मालिक सीएस अय्यर की तरफ से लेखकों को छूट रहती कि वे जितनी देर तक चाहें बैठ के गप-शप कर लें। पंजाबी लेखकों की टेबल से कुछ दूर हिंदी के लेखकों की भी अखंड चर्चा चल रही होती। इसमें डॉ. नरेंद्र मोहन, भीष्म साहनी, प्रताप सहगल वगैरह होते। इसमें कभी-कभी निर्मल वर्मा भी शामिल हो जाते। ये सब करोल बाग, पटेल नगर और न्यू राजेंद्र नगर में रहा करते थे। हरनाम सिंह के प्रभाव के चलते गुलजार कविताएं कहने लगे थे। उनके पास शब्दों का भंडार था। उन्हें पंजाबी के साथ-साथ हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान था। -फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# दोहरे पोषण संकट से गुजर रही है देश की आबादी

भारत का पोषण परिदृश्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। लंबे समय तक सार्वजनिक नीति का केंद्र भूख, कुपोषण और खाद्य उपलब्धता रहा, परंतु आज देश दोहरे पोषण संकट का सामना कर रहा है। एक ओर बच्चों और महिलाओं में अल्पपोषण, रक्ताल्पता और अवरुद्ध वृद्धि जैसी समस्याएं बनी हुई हैं, तो दूसरी ओर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी असंचारी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय विकास से भी जुड़ी हुई हैं।

इस परिवर्तन के पीछे खाद्य उपभोग की आदतों में आया बदलाव एक महत्वपूर्ण कारण है। पारंपरिक घरेलू भोजन की जगह अब डिब्बाबंद, पैकेटबंद और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ी है। इन उत्पादों में प्रायः शर्करा, नमक और संतृप्त वसा की मात्रा अधिक होती है। आकर्षक विज्ञापन, चमकदार पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाते हैं कि ये उत्पाद सुरक्षित या स्वास्थ्यवर्धक हैं। परिणामस्वरूप उपभोक्ता वास्तविक पोषण मूल्य को समझे बिना निर्णय ले लेते हैं।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

ऐसे परिवेश में पैकेज के अग्रभाग पर स्पष्ट और सरल लेबलिंग की आवश्यकता उभरकर सामने आती है। पारंपरिक पोषण तालिकाएं प्रायः पैकेट के पीछे छोटे अक्षरों में दी जाती हैं, जिन्हें समझना सामान्य उपभोक्ता के लिए कठिन होता है। इसके विपरीत, पैकेज के सामने बड़े और स्पष्ट संकेत, जैसे- 'उच्च शर्करा', 'उच्च नमक' या 'उच्च वसा' उपभोक्ता को तुरंत सचेत कर सकते हैं। यह व्यवस्था सूचना को जटिलता से निकालकर व्यवहारिक स्तर पर उपलब्ध कराती है।

सूचित विकल्प का अधिकार उपभोक्ता संरक्षण का मूल आधार है, किंतु भोजन के संदर्भ में यह अधिकार केवल बाज़ार संबंधी नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसकी न्यायिक व्याख्या में स्वास्थ्य का अधिकार भी सम्मिलित है। यदि नागरिक को यह जानकारी ही उपलब्ध न हो कि कोई खाद्य पदार्थ उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है या नहीं, तो जीवन के अधिकार की सार्थकता अधूरी रह जाती है। अतः स्पष्ट लेबलिंग स्वास्थ्य के संवैधानिक अधिकार को व्यावहारिक रूप देने का साधन बन सकती है।

बाज़ार व्यवस्था में उत्पादक और उपभोक्ता के बीच सूचना का असंतुलन एक सामान्य स्थिति है। उत्पादक को अपने उत्पाद की संरचना, अवयवों और संभावित प्रभावों की पूरी जानकारी होती है, जबकि उपभोक्ता सीमित जानकारी के आधार पर निर्णय लेता है। पैकेज के अग्रभाग पर लेबलिंग इस असंतुलन को कम करने का प्रयास करती है। जब जानकारी सरल, प्रत्यक्ष और चेतावनी के रूप में दी जाती है, तो उपभोक्ता अधिक सजग होकर चयन करता है।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव इस दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रमाणित करते हैं। उदाहरण के लिए, चिली में लागू स्पष्ट चेतावनी लेबलों के बाद उच्च शर्करा और उच्च वसा वाले उत्पादों की खपत में कमी देखी गई। इससे यह सिद्ध होता है कि यदि जानकारी सुलभ और स्पष्ट हो, तो उपभोक्ता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। निवारक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह व्यवस्था अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। असंचारी बीमारियों के उपचार पर होने वाला व्यय परिवारों और सरकार दोनों के लिए भारी पड़ता है। यदि आहार संबंधी जोखिम कारकों को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जाए, तो दीर्घकाल में रोग-भार कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



भजन क्लबिंग या भजन जामिंग मेट्रो सिटी और सोसाइटी कल्चर से शुरू हुआ एक ऐसा नया सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ट्रेंड है, जो अब छोटे शहरों का रुख कर रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे जैसे शहरों से निकली 'स्पिरिचुअल पार्टी' की इस विधा में पारंपरिक भजनों को इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक, हाईटेक लाइट्स और क्लब के माहौल के साथ मिलाकर किसी नई दुनिया जैसा संसार सजाया जाता है। यह फ्यूजन जेन-जी युवाओं के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ऐसे आयोजनों में किसी नाइट क्लब या रॉक कॉन्सर्ट जैसे माहौल में भजनों, भक्ति गीतों और मंत्रों पर नशा-मुक्त वातावरण में लोग अपनी ही मस्ती में झूमते और नाचते हैं। इस तरह भजन क्लबिंग का आयोजन भक्ति संगीत, ध्यान और सामूहिक ऊर्जा का एक ऐसा अनोखा मेल जाता है, जिसमें लोगों को सकारात्मकता के साथ शांतिपूर्ण आत्मिक अनुभव मिलता है।

*–मनोज त्रिपाठी, कानपुर*

# भजन क्लबिंग

# परंपरा और संस्कृति का नया मिश्रण

## आधुनिक तकनीक के साथ संगीत व प्रस्तुति का नया अंदाज

आध्यामिकता और आधुनिकता का संगम किस तरह मौजूदा माहौल में खासकर युवाओं के बीच अपनी जगह बना सकता है, इसे भजन क्लबिंग या जामिंग ने साबित कर दिखाया है। बड़े शहरों के रूफटॉप कैफे, लाउंज, हॉल, रिजॉर्ट या आर्ट स्टूडियो जैसे स्थानों पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों को किसी एक दिन, स्थान या व्यक्ति द्वारा शुरू नहीं किया गया, बल्कि यह भक्ति संगीत संध्या जैसे कार्यक्रमों के लगातार बदलते स्वरूप को नया विजन मिलने जैसा है। आप इसे पारंपरिक कीर्तन का आधुनिक स्वरूप मान सकते हैं, जिसने पहले कीर्तन और देवी जागरण जैसे कार्यक्रमों में आधुनिक तकनीक, थीम आधारित सजावट और लोक संस्कृति के साथ रचनात्मकता का नया रंग भरा, फिर युवाओं की कल्पना पाकर संगीत और प्रस्तुति का नया अंदाज भर दिया। यही वजह है कि आज जेन-जी भजन क्लबिंग को न सिर्फ धर्म और आध्यात्मिकता से सराबोर समाज और संस्कृति को जोड़ने वाले आयोजन मानता है, बल्कि यह भी कहता है कि ऐसे आयोजन पीढ़ियों का अंतर मिटाने के साथ माता-पिता और बच्चों के बीच संबंधों को भी मजबूत बना रहे हैं। इस प्रकार यह भक्ति को एक नए और ऊर्जावान अंदाज में अनुभव करने वाले युवाओं के लिए नया सांस्कृतिक ट्रेंड है, जो पार्टी के वातावरण को भक्ति और अध्यात्म से जोड़ देता है।

## रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ जेन-जी की कल्पना का इस्तेमाल

वास्तव में भजन क्लबिंग न तो पारंपरिक भजन संध्या है और न इसे नाइट क्लब जैसा समझा जा सकता है, लेकिन यह इन दोनों के बीच का ऐसा संगम जरूर है, जिसने युवाओं के लिए मौज-मस्ती के साथ सकारात्मक ऊर्जा का मार्ग खोल दिया है। यह ट्रेंड भारतीय युवाओं की धीरे-धीरे बदल रही प्राथमिकताओं का नतीजा है। एक ऐसी पीढ़ी जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व तो करना चाहती है, लेकिन पुरानी मान्यताओं और वर्जनाओं में बंधकर नहीं। ऐसे में भजन क्लबिंग में भजनों को रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ प्रस्तुत किए जाने और लाइव बैंड, डीजे तथा डिस्को लाइट्स के इस्तेमाल से एक ऐसा वातावरण सृजित हो जाता है, जो उन्हें परंपरा और आधुनिकता से जोड़ देता है।

## लेजर लाइट्स और बड़े डांस फ्लोर पर झूमना

भजन क्लबिंग में प्राचीन श्लोकों और भजनों को हाई-एनर्जी बीट्स, इलेक्ट्रिक गिटार, ड्रम और आधुनिक साउंड सिस्टम के साथ बजाया जाता है। माहौल में लेजर लाइट्स, स्मोक मशीन और बड़े डांस फ्लोर होते हैं। यहां युवा नाचते हैं और झूमते हैं। जमीन पर बैठकर या खड़े होकर आनंद में डूबकर तालियां बजाते हैं और सामूहिक कीर्तन करते हैं। उनकी जुबान पर हरे कृष्णा या शिव स्तुति जैसे बोल होते हैं। पारंपरिक क्लबों के विपरीत, यहां शराब या किसी अन्य प्रकार के नशे का सेवन नहीं होता है। लोग गर्व से चाय-कॉफी या छाछ पीते हैं और संगीत की ऊर्जा से खुद को 'हाई' महसूस करते हैं।

## पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप मन को कर देता शांत

जेन–जी को पारंपरिक धार्मिक आयोजन अक्सर काफी सख्त और कभी–कभी बोरिंग कार्यक्रम जैसे लगते हैं, ऐसे में भजन क्लबिंग के जरिए जब धर्म और भक्ति को लाइटिंग, डीजे मिक्स और वाइब्रेंट माहौल के साथ मिलाया जाता है, तो उन्हें बिल्कुल नया अनुभव होता है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने वाले अधिकतर युवाओं का कहना है कि पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप उनके मन को शांत करता है, जिससे शारीरिक थकान दूर होने के साथ मानसिक स्ट्रेस कम होता है।

## मोदी ने संस्कारों से जुड़ा नया आध्यात्मिक आंदोलन बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' (25 जनवरी 2026) कार्यक्रम में इस ट्रेंड को आध्यात्मिकता और आधुनिकता का सुंदर मेल बताते हुए कहा था कि ऐसे आयोजनों में युवा अपनी संस्कृति और परंपरा से नए तरीके से जुड़ रहे हैं। यह ट्रेंड एक आध्यात्मिक आंदोलन जैसा है, जो आज के युवा की भक्ति की भावना को जीवनशैली से जोड़ रहा है। उन्होंने इस बात पर खुशी भी जताई थी कि इन आयोजनों में भजनों की पवित्रता और गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाता। यहां स्टेज भले ही किसी इंटरनेशनल कॉन्सर्ट जैसा हो, लेकिन जो एनर्जी और श्रद्धा होती है, वह पूरी तरह से भारतीय संस्कारों से जुड़ी होती है।

**अनोखी परंपरा**

## धनगांव: जहां समय से पहले दस्तक देते हैं त्योहार




भारत अपनी विविध संस्कृतियों और अनूठी परंपराओं के लिए विश्व भर में विख्यात है। यहां के कण-कण में लोक कथाएं और श्रद्धा का वास है। इसी सांस्कृतिक विविधता के बीच मध्य प्रदेश के मंडला जिले में स्थित धनगांव अपनी एक ऐसी विशिष्ट पहचान रखता है, जो आधुनिक तर्क को चुनौती देती है। इस गांव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दीपावली, होली, दशहरा और रक्षाबंधन जैसे राष्ट्रीय त्योहार पूरे देश से एक दिन पहले मनाए जाते हैं। जब शेष भारत उत्सव की तैयारियों में व्यस्त होता है, तब धनगांव के आंगन खुशियों और रंगों से सराबोर हो चुके होते हैं।

इस अनोखी परंपरा की जड़ें लगभग सवा सौ वर्ष पुरानी हैं। यह बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां परंपराएं केवल रीति-रिवाज नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार हैं। ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, एक सदी पहले जब ग्रामीण कैलेंडर की तय तिथियों पर त्योहार मनाते थे, तो गांव को भीषण कष्ट झेलने पड़ते थे। कभी कोई भयंकर प्राकृतिक आपदा दस्तक देती, तो कभी त्योहार की पूजा करने वाला मुख्य सदस्य अचानक गंभीर रूप से बीमार होकर काल का ग्रास बन जाता। इन रहस्यमयी और दुखद घटनाओं ने ग्रामीणों के मन में गहरा भय पैदा कर दिया था।


लोककथाओं के अनुसार, संकट के उस दौर में ग्राम देवता खेरमाई माता ने एक ग्रामीण को स्वप्न में दर्शन दिए। माता ने निर्देश दिया कि यदि ग्रामीण 'कुकरापाट' नामक स्थान पर स्थित विशाल शिला को देवता मानकर उनकी पूजा शुरू करें और निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व उत्सव मनाएं, तो गांव पर मंडराते संकट टल जाएंगे। ग्रामीणों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ इस आदेश का पालन किया और परिणाम स्वरूप अनहोनी का सिलसिला थम गया। आपदाएं शांत हो गईं और लोग स्वस्थ रहने लगे। आज के डिजिटल युग में भी धनगांव के लोग अपने पूर्वजों की इस व्यवस्था को तोड़ने का साहस नहीं करते। बुजुर्गों का मानना है कि जब भी कभी इस नियम में बदलाव की कोशिश की गई, गांव को किसी न किसी बड़ी विपत्ति या मृत्यु का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि 'हरेली' और 'पोला' जैसे कृषि आधारित पर्व हों या दीपावली जैसे बड़े त्योहार, यहां की रस्में एक दिन पहले ही संपन्न हो जाती हैं।

**आर्ट गैलरी**

## पॉल सेजेन की 'ले कैबनन डे जॉर्डन'



ले कैबनन डे जॉर्डन एक लैंडस्केप पेंटिंग है, जिसे फ्रेंच आर्टिस्ट पॉल सेज़ेन ने 1906 में बनाया था। इसे उसी साल उनकी मौत से पहले उनका आखिरी पूरा किया हुआ काम माना जाता है। पेंटिंग में पेड़ों के बीच एक छोटी सी झोपड़ी है, जिसके पीछे दूर एक पहाड़ी बैकग्राउंड है। सेज़ेन के स्टाइल की खासियत है, बार-बार ब्रशस्ट्रोक और रंगों के प्लेन, जो इस पेंटिंग में साफ दिखते हैं। मोटे, बोल्ड ब्रश स्ट्रोक के इस्तेमाल से टेक्सचर और गहराई आती है, जिससे पेंटिंग में मूवमेंट और जान का एहसास होता है। यह स्टाइल सेज़ेन के उस मकसद को दिखाता है कि वह एक ऐसी इमेज बनाना चाहते थे, जिसमें रंगों के अलग-अलग पैच एक साथ मिलकर एक पूरे रूप में हों। ले कैबनन डे जॉर्डन अपने चमकीले रंगों और खूबसूरत कंपोजिशन के जरिए प्रकृति की सुंदरता को दिखाता है। रंगों की रिचनेस और लेयर्ड टेक्सचर प्रकृति को एक्सप्लोर करते हुए बिताए गर्मियों के दिनों की याद दिलाता है। फैन इस आर्टवर्क को नेचुरल सुंदरता और मॉडर्न आर्ट के मेल के लिए पसंद करते हैं।



### पॉल के बारे में

पॉल सेजेन एक फ्रेंच पेंटर थे, जिनका जन्म 19 जनवरी, 1839 को हुआ था और 22 अक्टूबर, 1906 को उनकी मौत हो गई। वह अपनी पोस्ट-इंप्रेशनिस्ट स्टाइल की पेंटिंग के लिए जाने जाते हैं, जिसने मॉडर्न आर्ट की नींव रखी। सेजेन ऐक्स-एन-प्रोवेंस में पले-बढ़े, जहां उन्होंने अपने पिता की इच्छा के खिलाफ आर्ट में करियर बनाने का फैसला करने से पहले लॉ की पढ़ाई की। वह 1860 के दशक के आखिर में पेरिस चले गए, जहां उनकी मुलाकात क्लॉड मोनेट और केमिली पिसारो जैसे दूसरे प्रभावशाली कलाकारों से हुई, जिन्होंने उनके आर्टिस्टिक स्टाइल को आकार देने में मदद की।

**लोकायन**

## ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर चरकुला नृत्य

भारत की सांस्कृतिक विविधता का जब भी उल्लेख होता है, उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। यहां की लोक कलाओं में 'चरकुला' नृत्य एक ऐसा अनूठा रत्न है, जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि श्रद्धा, संतुलन और साहस का अद्भुत संगम भी है। अपनी विशिष्ट शैली और लोकप्रियता के कारण, अक्सर इसकी तुलना भारत के प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्य कथक से की जाती है। यह नृत्य विशेष रूप से ब्रज के ग्रामीण ब्राह्मण समुदायों में प्रचलित है और होली के तीसरे दिन बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है।

चरकुला नृत्य की जड़ें द्वापर युग और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से गहराई से जुड़ी हैं। इसके पीछे दो प्रमुख पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। पहली कथा के अनुसार, जब श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की थी, तब ग्वालों और ग्रामीणों ने अपनी विजय और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए यह नृत्य किया था। दूसरी कथा इस प्रकार है: जब राधा का जन्म हुआ, तो उनकी माता सिर पर चरकुला या तेल के दीपक लेकर पूरे गांव को खुशखबरी देने के लिए बाहर दौड़ीं। ये तथ्य इसे एक प्राचीन नृत्य शैली बनाते हैं। यही कारण है कि यह नृत्य आज भी एक मंगलकारी उत्सव के रूप में जीवित है।



चरकुला नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण विशेषता इसका शारीरिक संतुलन है। महिला नर्तकियां अपने सिर पर लकड़ी का एक बहुस्तरीय पिरामिडनुमा ढांचा रखती हैं, जिसमें 6 से 8 स्तर होते हैं। इन स्तरों पर जलते हुए तेल के दीपकों की संख्या 51 से लेकर 108 तक हो सकती है। इन प्रज्वलित दीपकों के समूह को ही 'चरकुला' कहा जाता है, जिससे इस नृत्य का नाम पड़ा। सिर पर अत्यधिक भार और जलते दीपकों के कारण नर्तकी की गति अत्यंत सीमित हो जाती है। वह न तो अपनी गर्दन हिला सकती है और न ही शरीर को झटके से मोड़ सकती है। इन कठिन सीमाओं के बावजूद, एक कुशल नर्तकी संगीत की लय पर बड़े ही सुघड़ ढंग से घूमते हुए और पदचाप करते हुए आगे बढ़ती है। एक समूह में 5 से लेकर 50 नर्तकियां हो सकती हैं और यह प्रदर्शन 15 मिनट से लेकर 3 घंटे तक चल सकता है। नर्तकियां टखनों तक लंबी रंगीन स्कर्ट और पारंपरिक कढ़ाईदार ब्लाउज पहनती हैं, जो प्रदर्शन को अत्यधिक आकर्षक बनाते हैं। नृत्य के दौरान बजने वाला संगीत ब्रज की प्रसिद्ध रसिया धुन पर आधारित होता है। रसिया को भगवान कृष्ण का गीत और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। ढोल की थाप और पुरुष गायकों के स्वर इस लोक नृत्य में प्राण फूंक देते हैं।

# कला बाजार और लोककला: संरक्षण, परिवर्तन और संकट




सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

कला बाजार के बढ़ते प्रभाव के बीच जब हम आज की लोककला परंपराओं पर नजर डालते हैं, तो एक साथ हर्ष और विषाद दोनों भाव सामने आते हैं। हर्ष इसलिए कि देश के विभिन्न हिस्सों में आज बड़ी संख्या में लोक कलाकार अपनी कला के माध्यम से सम्मानजनक जीवनयापन कर पा रहे हैं। विषाद इसलिए कि इसी प्रक्रिया में लोककला की कई मूलभूत विशेषताएं धीरे-धीरे क्षीण होती दिखाई दे रही हैं।

पिछले दो दशकों में लोककला को लेकर संस्थागत और सरकारी स्तर पर एक स्पष्ट सक्रियता देखी गई है। राज्य स्तरीय पुरस्कारों से लेकर राष्ट्रीय पुरस्कारों और पद्म सम्मानों तक, लोक कलाकारों की उपस्थिति लगातार बढ़ी है। यदि प्रत्येक वर्ष जारी होने वाली पद्म पुरस्कार सूची पर दृष्टि डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि समकालीन शहरी कलाकारों की तुलना में लोक और पारंपरिक कलाकारों की संख्या कहीं अधिक है। यह तथ्य इस बात का संकेत है कि लोककला को अब हाशिए की अभिव्यक्ति नहीं माना जा रहा।

इसके साथ-साथ कला मेलों, क्राफ्ट मेलों और हाटों में लोक कलाकारों की भागीदारी भी बढ़ी है। दिल्ली हाट, सूरजकुंड मेला, शिल्पग्राम, दस्तकार जैसे मंचों ने लोक कलाकारों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का अवसर दिया है। इसके अलावा, शहरी मध्यमवर्ग और अभिजात्य समाज में 'एथनिक' और 'हैंडमेड' को लेकर बढ़ती चेतना ने लोककला की मांग को भी बढ़ाया है। घरों, दफ्तरों और होटलों में लोक शैली की कलाकृतियों का प्रयोग अब सांस्कृतिक सजावट का प्रतीक बन चुका है, लेकिन इस सकारात्मक परिदृश्य के समानांतर कुछ गंभीर प्रश्न भी उभरते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बाजार के दबाव में लोककला अपनी मूल पहचान खोती जा रही है? लोककला की सबसे बड़ी विशेषता उसकी स्थानीयता थी। स्थानीय कथाएं, स्थानीय संसाधन, स्थानीय रंग और सामुदायिक निर्माण प्रक्रिया। आज इनमें से कई तत्व बदल रहे हैं। कई लोक कलाओं में अब प्राकृतिक रंगों और स्थानीय सामग्रियों के स्थान पर बाजार में उपलब्ध एक्रेलिक रंग, कैनवास और मानकीकृत सतहों का प्रयोग बढ़ गया है। इससे उत्पादन तो तेज़ हुआ है, लेकिन कला और उसके पर्यावरण के बीच का पारंपरिक संबंध कमजोर पड़ा है। इसी तरह, लोककला की सामूहिक प्रकृति, जहां पूरा समुदाय किसी कला परंपरा का वाहक होता था, अब लगभग समाप्त हो चुकी है। आज लोक कलाकार भी एकल निर्माता के रूप में पहचाने जा रहे हैं। यह परिवर्तन पूरी तरह नकारात्मक भी नहीं है। एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पहलू यह है कि लोक कलाकार अब 'अनाम' नहीं रहे। वे भी समकालीन कलाकारों की तरह अपनी व्यक्तिगत पहचान, हस्ताक्षर और शैली के साथ सामने आ रहे हैं। यह बदलाव उन्हें आर्थिक और सामाजिक आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। कला बाज़ार ने उन्हें दृश्यता दी है, जो पहले संभव नहीं थी। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या बाजार की उपस्थिति नहीं, बल्कि उसके एकाधिकार में है। जब लोककला केवल बिक्री-योग्य वस्तु बन जाती है, तब उसकी सांस्कृतिक जटिलता और सामाजिक संदर्भ पीछे छूट जाते हैं। लोककला तब जीवन का हिस्सा न रहकर 'डेकोरेटिव प्रोडक्ट' में तब्दील हो जाती है।









आज आवश्यकता इस बात की है कि लोककला के संरक्षण और उसके स्वाभाविक विकास के बीच संतुलन बनाया जाए। क्योंकि बाज़ार लोककला का सहायक तो बन सकता है, लेकिन नियंत्रक नहीं। लोक कलाकारों को केवल उत्पादक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक ज्ञान के वाहक के रूप में देखा जाना चाहिए। तभी लोककला परंपराएं न तो संग्रहालयों में कैद होंगी और न ही बाजार में अपनी आत्मा खोएंगी।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,225.92 | 25,424.65 |
| गिरावट | 1,068.74 | 288.35 |
| प्रतिशत में | 1.28 | 1.12 |

सोना 1,63,200 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,72,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 25 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश सौर पार्क में 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी क्लीनमैक्स

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने 200 मेगावाट के सौर बिजली पार्क को मंजूरी दे दी है। इसे क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की समूह कंपनी यशस्वा पावर एलएलपी 1,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित करेगी। अधिकारियों ने बताया कि 1,200 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना के तहत श्री सत्य साई जिले के परिगी मंडल के बीगनिपल्ले और आसपास के गांवों में 200 मेगावाट एसी/300 मेगावाट पीक डीसी सौर पार्क स्थापित किया जाएगा। इस संयंत्र से प्रतिवर्ष लगभग 44.5 करोड़ यूनिट स्वच्छ बिजली उत्पादन होने की उम्मीद है। वहीं करीब 690 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

### एलएटी एयरोस्पेस ने शारंग शक्ति का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** जोमैटो के संस्थापक दीपेंद्र गोयल और कंपनी की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुरभि दास द्वारा स्थापित एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम स्थित रक्षा रोबोटिक्स स्टार्टअप 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनका लक्ष्य कंपनी के भीतर ही ऐसी क्षमताएं विकसित करना है, जिन्हें आगे चलकर रक्षा और नागर विमानन, दोनों क्षेत्रों में लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गोयल ने पिछले महीने जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी 'इटर्नल' के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### गुजरात के टोरेंट ग्रुप ने डायग्नोस्टिक कारोबार में कदम रखा

**नई दिल्ली।** गुजरात स्थित टोरेंट ग्रुप ने स्वास्थ्य जांच से जुड़े डायग्नोस्टिक क्षेत्र में कदम रखते हुए देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला का संचालन शुरू किया है। समूह ने कहा कि नवी मुंबई में एक लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैली प्रयोगशाला स्वास्थ्य जांच की 15 विभिन्न शाखाओं और 3,500 से अधिक परीक्षण सेवाओं का समर्थन करती है। इनमें निवारक, नियमित और विशेष जांच शामिल हैं। टोरेंट ग्रुप संदर्भ-केंद्रित मॉडल के जरिये डायग्नोस्टिक कारोबार का विस्तार करेगा।

# एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

## अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी टूटा हौसला

**मुंबई, एजेंसी**

एआई से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में फिर भारी बिकवाली हुई जिसके बाद घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने भी निवेशकों के हौसलों को पस्त किया।

दिन के दौरान दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।



### इसलिए आईटी शेयरों की बिकवाली

- एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक ने अपने नए टूल क्लाउड कोड के बारे में बताया कि यह पुराने कोबोल प्रोग्रामिंग सिस्टम को आधुनिक बनाने का काम तेजी से और कम लागत में कर सकता है। इससे भारतीय कंपनियों के पारंपरिक आउटसोर्सिंग और मेंटेनेंस बिजनेस पर बुरा असर पड़ने की आशंका पैदा हुई।
- अमेरिकी टेक कंपनी आईबीएम के शेयरों में सोमवार को 13% की भारी गिरावट आई, जो पिछले 25 वर्षों में उसकी सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। चूंकि भारतीय आईटी कंपनियां अपनी कमाई के लिए अमेरिकी क्लाइंट्स पर निर्भर हैं, इसलिए वहां की गिरावट का असर यहां भी दिखा।
- ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफ्रीज और सीएलएसए ने टीसीएस, इंफोसिस और एचसीएल टेक जैसी दिग्गज कंपनियों के लिए अपने टारगेट प्राइस घटा दिए हैं। उनका मानना है कि एआई के कारण मार्जिन और रेवेन्यू पर दबाव बढ़ सकता है।

### टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की हुई गिरावट

आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में तेज गिरावट का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं।

### अमेरिकी टैरिफ पर बढ़ी चिंता

विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक व्यापार और अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताएं दोबारा बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार समझौतों पर चेतावनियों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संभावित शुल्क की खबरों ने बाजार पर अतिरिक्त दबाव डाला। नायर ने कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं।

# अक्टूबर-दिसंबर में अर्थव्यवस्था 8% की दर से बढ़ने का अनुमान

- भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की ओर से जारी की गई रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान 27 फरवरी को जारी किए जाएंगे। इनमें नए आंकड़े और संशोधन शामिल होंगे। इसलिए, पहले और दूसरी तिमाही के सभी पुराने आंकड़े भी नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार बदल सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत मजबूत है, जो खेती और गैर-कृषि गतिविधियों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि लगभग 8.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

### कॉरपोरेट यात्रा से मेकमाईट्रिप की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप की कॉरपोरेट यात्रा खंड की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर को पार कर गई। इस सेवा का लाभ 40 लाख से अधिक कर्मचारियों को मिला है।

कंपनी ने कहा कि उसके कॉरपोरेट मंच क्वेस्ट2ट्रैवल, मायबिज और हैपे पर कुल बुकिंग एक अरब डॉलर से अधिक हो गई है। मेकमाईट्रिप के पास 500 बड़ी कंपनियों के ग्राहक हैं। इनमें बीएसई 500 की शीर्ष 150 कंपनियां और पूरे देश के 75,000 छोटे और मझोले व्यवसाय शामिल हैं। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और सीईओ राजेश मागो ने कहा, हमारा कॉरपोरेट यात्रा कारोबार सामान्य उपभोक्ता व्यवसाय की तुलना में नया है, लेकिन केवल पांच वर्षों में यह बहुत तेजी से बढ़ा है।

# भारत और इजराइल ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

- विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और इजराइल ने वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू कर दिया है।

पिछले साल नवंबर में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारत-इज़राइल एफटीए के लिए बातचीत का पहला दौर 23 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में शुरू हुआ और यह 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस तरह के समझौतों में दोनों पक्ष आपस में व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी कम कर देते हैं या पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है।

कहा गया कि इस दौर के दौरान दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के कई पहलुओं पर चर्चा होगी। इस वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भादू कर रहे हैं।

# एशिया-प्रशांत की कुछ अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिका के 15% शुल्क से फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 प्रतिशत के एकसमान शुल्क का एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुछ उन अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सकता है, जिन्हें पहले अधिक ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा है। इनमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान (चीन) जैसे देशों पर इसका प्रभाव हालांकि सीमित होगा जहां शुल्क पहले से ही 15 प्रतिशत है। बयान में कहा गया है, काफी अनिश्चितता है, लेकिन हम कुछ बातें जानते हैं। 15 प्रतिशत का समान शुल्क उन एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं को लाभ पहुंचाएगा, जिन्हें कहीं अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन के देश-विशिष्ट शुल्क के खिलाफ फैसला दिया था, जिसके बाद ट्रंप ने सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया। बाद में इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की भी घोषणा की है। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

बयान में कहा गया है, अदालत का फैसला भारत और इंडोनेशिया के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों पर भी सवाल उठाता है। प्रमुख विवरण, जैसे कि भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की समयसीमा और इंडोनेशिया से शुल्क-मुक्त वस्त्र निर्यात की मात्रा, अभी तय नहीं हुए हैं। भारत ने अपने प्रतिनिधिमंडल को वॉशिंगटन भेजने की योजना भी टाल दी है।

- मूडीज ने कहा- इसमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल

### फिर पहले के स्तर के करीब जा सकता है अमेरिकी शुल्क अभी जश्न मनाने से बचें

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, हमारा मानना है कि ट्रंप शुल्क बढ़ाने के लिए अन्य कानूनी रास्ते खोजेंगे और हमें आश्चर्य नहीं होगा यदि अमेरिकी शुल्क शुक्रवार से पहले के स्तर के करीब पहुंच जाएं। कुछ सरकारें अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों की प्रक्रिया धीमी कर सकती हैं, लेकिन अधिक दंडात्मक शुल्क का डर से उन्हें पूरी तरह पीछे नहीं हटने देगा। कहा गया कि शुल्क के अंतत: 20 फरवरी से पहले लागू दर से नीचे स्थिर होने की सर्वोत्तम स्थिति में भी व्यापार में पर्याप्त अनिश्चितता और लॉजिस्टिक अव्यवस्था बनी रहेगी। कंपनियां पहले से चुकाए गए शुल्क के लिए मुआवजा मांग सकती हैं। यह प्रक्रिया अत्यधिक विवादास्पद और समय लेने वाली साबित हो सकती है। बयान में कहा गया, यदि अमेरिकी आयातक इस फैसले को अस्थायी राहत मानते हैं तो वे शुल्क फिर से बढ़ने से पहले माल भेजने की जल्दबाजी कर सकते हैं। संक्षेप में, व्यवसायों एवं नीति-निर्माताओं के लिए बेहतर होगा कि वे अभी जश्न मनाने से बचें।



# पश्चिम बंगाल में झारखंड-ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे

## एसआईआर : कलकत्ता हाईकोर्ट के अनुरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए दीवानी न्यायाधीशों को नियुक्त करने और पड़ोसी राज्य झारखंड तथा ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दे दी। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र पर यह फैसला लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों से निपटने में लगभग 80 दिन लगेंगे।

पीठ ने गंभीर स्थिति और समय की कमी को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया संचालित करने के लिए दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती की अनुमति दी। साथ ही, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से



झारखंड और ओडिशा के अपने समकक्षों से अनुरोध करने और स्थिति से निपटने के लिए समान पदों के न्यायिक अधिकारियों की मांग करने को कहा। पीठ ने निर्वाचन आयोग को झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का खर्च वहन करने का निर्देश भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दी और स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया आगे बढ़ने पर चुनाव आयोग पूरक सूचियां जारी कर सकता है। उसने अनुच्छेद 142 के तहत पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदाताओं को पूरक मतदाता सूचियों में नामित किया, जो आयोग द्वारा 28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम सूची का हिस्सा होंगी।

वर्ष 2002 की मतदाता सूची से पारिवारिक संबंध जोड़ने में तार्किक विसंगतियों में ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें माता-पिता के नाम में असंगति पाई गई है और मतदाता व उसके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक है। शीर्ष कोर्ट ने 20 फरवरी को पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच गतिरोध से निराश होकर राज्य में विवादों से घिरे एसआईआर में आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का असाधारण निर्देश जारी किया था।

### केरल हाईकोर्ट के राज्य सरकार के कार्यक्रम को रद्द करने के के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की सरकार को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें नव केरल नागरिक प्रतिक्रिया कार्यक्रम के लिए 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति देने वाले आदेश को रद्द कर दिया गया था। इस योजना को जारी रखने का मार्ग प्रशस्त करते हुए सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर गौर करते हुए हाईकोर्ट में पेश हुए याचिकाकर्ताओं सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। राज्य सरकार की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ताओं को एक भी पैसा नहीं दिया गया है। सीजेआई ने कहा कि प्रथम दृष्टया अगर राज्य सरकार जमीनी स्तर पर कल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव का आकलन करने में सरकारी कर्मचारियों की मदद लेती है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। प्रतिवादियों के वकील ने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव से पहले जनसंपर्क गतिविधियों के लिए अपने कर्मचारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की मदद ले रही है।

# राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करें राज्य चुनाव आयोग

- गोलमेज सम्मेलन में बोले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार
- ईवीएम व मतदाता सूची साझा करना सम्मेलन का प्रमुख एजेंडा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग का राज्य चुनाव निकायों के साथ आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को शुरू हुआ, जिसके एजेंडे में प्रमुख विषय ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय हित में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों को मतदाताओं को ध्यान में रखकर तथा मिलकर काम करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधान सभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराने का अधिकार है, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी पंचायत और नगर पालिका चुनाव कराने की होती है। करीब 27 साल के अंतराल के बाद हो रहे गोलमेज सम्मेलन में आयोग ने ''ए कॉन्फ्लुएंस ऑफ डेमोक्रेसीज'' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस तरह का आखिरी सम्मेलन 1999 में आयोजित किया गया था। आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा, दिन भर चलने वाले सम्मेलन में ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करने पर प्रस्तुतियां होंगी।

राज्य निर्वाचन निकाय, निर्वाचन आयोग की विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नियोजित किया जाता है। एक ईवीएम 15 वर्ष तक इस्तेमाल की जाती है और आखिरी समय में मशीनें आमतौर पर स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी जाती हैं। वर्तमान में निर्वाचन आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए 'एम 3' या 'मार्क 3' प्रकार की ईवीएम का उपयोग करता है।

### कश्मीरी विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार पर पद से हटाए गए कुलपति

**लुधियाना।** कश्मीरी विद्यार्थियों के एक समूह से दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद मंगलवार को सीटी विश्वविद्यालय के कुलपति नितिन टंडन को पद से हटा दिया गया। कुलाधिपति चरणजीत सिंह चन्नी ने यह जानकारी दी।

निजी विश्वविद्यालय ने मामले में आंतरिक जांच भी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों ने दावा किया कि सोमवार को उन्होंने रमजान के दौरान विश्वविद्यालय के मेस में सहरी और इफ्तार की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि टंडन ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उनके प्रवेश रद्द करने की धमकी दी।

# महाराष्ट्र: मंत्री के दफ्तर में एसीबी का छापा विपक्ष के सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप

- विधानसभा में किया प्रदर्शन, मंत्री जिरवाल के इस्तीफे की मांग की

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के खाद्य और औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल के कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के छापे के बाद विपक्ष के नेताओं ने बजट सत्र के दूसरे दिन भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विधान भवन के अंदर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंत्रालय के अंदर एक कक्ष में एसीबी की कार्रवाई पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए 'जिरवाल इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाए और सरकार पर भ्रष्टाचार को छिपाने बचाने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारी विधान भवन की सीढ़ियों पर जमा हो गए, जिससे राजनीतिक टकराव और बढ़ गया। महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने सुबह से ही आक्रामक रुख अपनाया। विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, विधायक सत्यजीत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विधानसभा परिसर में धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि फाइलें सिर्फ पैसे से चलती हैं, साथ ही मंत्रालय पर रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाया। वडेट्टीवार ने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर करारा हमला किया और कहा कि यदि मंत्रालय भवन में ही मंत्री की नाक के नीचे रिश्वत ली जा रही है तो यह दिखाता है कि प्रशासन में भ्रष्टाचार का हाल क्या है।

उन्होंने कहा कि किसी भी निचले स्तर के अधिकारी की इतनी हिम्मत नहीं होती कि वह मंत्री के समर्थन के बिना ऐसी हरकतें कर सके। उन्होंने मांग की कि नरहरि जिरवाल नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें। वहीं सत्तारूढ़ पक्ष ने सतर्क दृष्टिकोण अपनाया। सरकारी प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि दोषी पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी शामिल व्यक्ति को बचाया नहीं जाएगा।

# मोदी ने दबाव में आकर दी अमेरिका से व्यापार समझौते को मंजूरी: राहुल

- कहा- व्यापार समझौते के पीछे एपस्टीन फाइल में छिपे राज और अमेरिका में अदाणी पर मुकदमा

**भोपाल, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एप्स्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। भोपाल में कांग्रेस की ओर से आयोजित 'किसान महाचौपाल' को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इस करार को रद्द करके दिखाएं।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी कम्प्रोमाइज्ड (झुक गए) हैं। उनको फंसा दिया गया है। मोदी ने दबाव में आकर यह करार किया है। यह डील नहीं है, यह किसान के दिल में तीर है। यह सवाल उठाते हुए कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था लेकिन ऐसा क्या हुआ जो मोदी अचानक इसके लिए तैयार हो गए। राहुल ने कहा, इसके दो कारण हैं। पहला कारण अमेरिका में पड़ी लाखों एप्स्टीन फाइल हैं। उनमें ईमेल हैं, मैसेज हैं और वीडियो हैं। राहुल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम अमेरिका में जारी एप्स्टीन फाइल्स में शामिल है और मोदी को धमकाने के लिए ही उनका नाम जारी किया गया था। ऐसा करके अमेरिका ने यह संदेश दिया कि मोदी ने उनकी बात नहीं मानी तो वह फाइलों में से और सबूत निकलेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि समझौते पर मोदी के सहमत होने का दूसरा कारण अमेरिका में अदाणी के खिलाफ चल रहा आपराधिक मुकदमा है। हालांकि, अमेरिका में जो यह मामला है, उसका लक्ष्य अदाणी नहीं बल्कि मोदी हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी छवि और अपने राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए हिंदुस्तान को अमेरिका के हाथों बेच दिया है, लेकिन अब नरेंद्र मोदी बच नहीं सकते। उन्हें कोई शक्ति नहीं बचा सकती।



भोपाल में किसानों को संबोधित करते राहुल गांधी।

### बम की धमकी वाले ईमेल से पश्चिम बंगाल की अदालतों में दहशत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की कोलकाता समेत कई और अदालतों में उस समय दहशत फैल गई जब जजों को गुमनाम ईमेल मिले जिनमें अदालत परिसर के अंदर बम धमाके होने की चेतावनी दी गई थी।

पहली धमकी तब आई जब अदालत की कार्रवाई चल रही थी। जज को एक ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया था कि जल्द ही धमाका होगा। इस संदेश के बाद तुरंत सतर्कता बरती गई। पश्चिम बर्दवान, हुगली के चिनसुराह, कोलकाता के बैंकशॉल कोर्ट और मुर्शिदाबाद जिला अदालत को ऐसे ही धमकी भरे ईमेल मिलने की खबर मिली, जिससे अदालत को खाली कराकर आपातकालीन सुरक्षा उपाय करने पड़े।

पुलिस टीमों ने खोजी कुत्तों के साथ अदालत परिसरों की अच्छी तरह तलाशी ली। अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की कि कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है। पहली घटना पश्चिम बर्दवान जिला और सत्र अदालत में हुई, जहां मुख्य न्यायाधीश को सुबह करीब 11 बजे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि परिसर में एक बम रखा गया है और दोपहर 1 बजे उसमें धमाका होगा।

# अमेरिका का खुलासा, छह साल पहले चीन ने किया था गुप्त परमाणु परीक्षण

- देशों से निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने का किया आह्वान

जेनेवा, एजेंसी


अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने लगभग छह साल पहले चीन द्वारा किए गए गुप्त परमाणु परीक्षण के बारे में सोमवार को नई जानकारी साझा की और अन्य देशों से आग्रह किया कि वे चीन और रूस पर परमाणु निरस्त्रीकरण करने के लिए कदम उठाने का दबाव बनाएं।

इस महीने अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौते की समाप्ति के बाद यिआव ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक संस्था के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समझौते की अवधि खत्म होने से दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं समाप्त हो गई हैं। यिआव ने चीन से अधिक पारदर्शिता की मांग की और न्यू स्टार्ट संधि की कुछ कमियों की ओर इशारा करते हुए उदाहरण दिया कि इसमें रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार का कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में कहा कि लेकिन शायद इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि न्यू स्टार्ट संधि ने चीन द्वारा अभूतपूर्व, सुनियोजित और गुप्त रूप से तैयार किए गए परमाणु हथियारों को ध्यान में नहीं रखा। यिआव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर और बेरोक-टोक अपने परमाणु हथियार भंडार में भारी विस्तार किया, जबकि उसने ऐसा न करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने चीन के लक्ष्य या उद्देश्यों के बारे में पारदर्शिता की कमी पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि चीन अगले चार या पांच साल में बराबरी हासिल कर सकता है। यिआव ने सोमवार को जिनेवा में एक रूसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

## अमेरिका सच को करेगा उजागर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक ऐतिहासिक घोषणा की है, जिसमें उन्होंने पेंटागन और अन्य संघीय एजेंसियों को यूएफओ और परग्रही जीवन से संबंधित सभी रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का निर्देश दिया। यह कदम पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के एक वायरल पॉडकास्ट इंटरव्यू के बाद उठाया गया, जिसमें ओबामा ने कहा था कि एलियंस असली हैं। दशकों से एरिया 51 जैसी जगहों और उड़न तश्तरियों की कहानियों ने जनमानस को रोमांचित किया है। सरकार की अत्यधिक गोपनीयता ने इन संदेहों को और पुख्ता किया कि शायद अमेरिका के पास क्रैश हुए स्पेसक्राफ्ट और एलियंस के अवशेष मौजूद हैं। हालांकि, 2024 की पेंटागन रिपोर्ट में कहा गया था कि एलियन तकनीक का कोई सबूत नहीं मिला है, लेकिन ट्रंप के इस नए आदेश ने फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या हम वास्तव में एक बड़े खुलासे की दहलीज पर हैं।

## उड़न तश्तरियां



### क्या हैं यूफओ

- यूएफओ का मतलब हवा में उड़ने वाली ऐसी चीज़ से है जिसकी पहचान स्पष्ट नहीं है और जिसके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है।
- एलियन से संबंध : अक्सर लोग यूएफओ को एलियंस या परग्रही जीवों के अंतरिक्ष यान से जोड़कर देखते हैं, हालांकि वैज्ञानिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।
- वैज्ञानिक और सैन्य दृष्टिकोण : अमेरिकी रक्षा विभाग अब इन्हें यूएपी (अनआईडेंटीफाइड अनामोलस फेनोमिना) के नाम से भी बुलाता है। कई बार ये प्राकृतिक घटनाएं, मौसम के गुब्बारे या गुप्त सैन्य विमान भी हो सकते हैं।

### पेंटागन की ताजा रिपोर्ट

- पेंटागन के ऑल-डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं।
- हजारों मामले : जून 2024 तक, पेंटागन के पास जांच के लिए कुल 1,600 से अधिक मामले लंबित थे। इनमें से 757 रिपोर्ट तो मई 2023 से जून 2024 के बीच ही मिली थीं।
- कोई एलियन सबूत नहीं : रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है जो यह साबित करे कि ये घटनाएं एलियंस या परग्रही तकनीक से जुड़ी हैं।
- साधारण कारण : अधिकतर सुलझाए गए मामलों में यूएफओ असल में गुब्बारे, पक्षी, ड्रोन, सैटेलाइट या साधारण विमान निकले हैं।
- अनसुलझे रहस्य : लगभग 21 घटनाएं ऐसी थीं जिन्हें पेंटागन के विशेषज्ञों ने विसंगतियां माना है, क्योंकि उनकी उड़ान का तरीका भौतिक विज्ञान के सामान्य नियमों से अलग था।

### अनसुलझीं घटनाएं

- अचानक गति परिवर्तन : ये वस्तुएं एक पल में स्थिर खड़ी रहती हैं और अगले ही पल हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं, बिना किसी इंजन या धुएं के।
- अजीब आकार : इनमें सबसे ज्यादा सफेद गोले सिलेंडर और प्रसिद्ध 'टिक-टैक' के आकार की वस्तुएं देखी गई हैं जो मानव मशीनों के समझ से परे थीं
- पानी और हवा में समान गति : कुछ वस्तुएं हवा से सीधे समुद्र के भीतर चली गईं बिना अपनी गति कम किए।
- कोई स्पष्ट विंग्स नहीं : इन उड़ने वाली वस्तुओं में न तो कोई पंख, न ही कोई इंजन।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में भारतीय मतदाता डेटा मंच

**न्यूयॉर्क।** संचार रणनीतिकार अनंग मित्तल ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर केंद्रित एक विशिष्ट मतदाता डेटा मंच की शुरुआत की है। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉन्सन के लिए डिजिटल प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके भारतीय मूल के मित्तल ने सोमवार को इंडियन अमेरिकन वोटर एटलस शुरू किया। उन्होंने इसे भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए और उसके बारे में विशेष रूप से तैयार किया गया पहला गैर-पक्षपाती, खुला नागरिक डेटा मंच बताया। मित्तल ने पोस्ट में कहा कि इस देश में 54 लाख भारतीय-अमेरिकी हैं, जिनमें से 26 लाख मतदान के पात्र हैं।

### मॉस्को में विस्फोट में एक अधिकारी की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर द्वारा पुलिस वाहन के पास किए गए विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई तथा दो अन्य अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में हमलावर भी मारा गया। मॉस्को के गृह मंत्रालय के अनुसार, यह हमला सोमवार देर रात राजधानी के बीचोबीच सव्योलोव्स्की रेलवे स्टेशन के पास हुआ। उसने बताया कि हमलावर यातायात पुलिस के वाहन के निकट गया और धमाका कर दिया, जिससे एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई।

### गिरफ्तार पूर्व ब्रिटिश राजदूत को जमानत

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से संबंधों से जुड़ी कदाचार की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना एप्स्टीन के साथ दोस्ती के कारण पूर्व प्रिंस एंड्रयू को पुलिस हिरासत में लिए जाने के कुछ दिन बाद घटी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार देर रात कहा कि सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए 72 वर्षीय व्यक्ति को जांच लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### यून ने अपनी सजा के खिलाफ अपील की

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक यियोल ने दिसंबर 2024 में अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने के मामले में विद्रोह के आरोप में उन्हें मिली आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ अपील की है। यून के वकीलों ने मंगलवार को बताया कि सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फैसले को उन्होंने तथ्यों की त्रुटिपूर्ण व्याख्या और कानून की गलत समझ पर आधारित बताया है।

# डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप

## अमेरिकी सांसदों ने विधेयक में कहा-180 दिन के भीतर ब्याज सहित शुल्क लौटाए सरकार

- ट्रंप प्रशासन ने वसूले हैं 175 अरब अमेरिकी डॉलर आयात शुल्क

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के तीन सांसद सरकार से लगभग 175 अरब अमेरिकी डॉलर के शुल्क की रिफंड (धनराशि वापस करना) प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि ये शुल्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध तरीके से जारी आदेशों के आधार पर लिए गए थे।

ओरेगन प्रांत से सीनेटर रॉन वायडेन, मैसाचुसेट्स से एड मार्की और न्यू हैम्पशायर से जीन शाहीन सोमवार को एक विधेयक पेश करने वाले हैं। इस विधेयक में यह प्रावधान प्रस्तावित है कि अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग को 180 दिन के भीतर शुल्क लौटाना होगा और इस राशि पर ब्याज भी देना होगा। इस विधेयक में यह भी प्रस्ताव है कि रिफंड देने में छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता दी जाए और आयातकों, थोक विक्रेताओं और बड़ी कंपनियों को अपने ग्राहकों तक यह रिफंड पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वायडेन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अवैध शुल्क ने पहले ही अमेरिकी परिवारों, छोटे व्यवसायों और विनिर्माताओं को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है, जो ट्रंप द्वारा एकाएक लगाए गए शुल्कों से लगातार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस समस्या को दूर करने का सबसे महत्वपूर्ण व पहला कदम यह होगा कि छोटे व्यवसायों व विनिर्माताओं को जल्द से जल्द रिफंड दिया जाए। इस विधेयक के कानून बनने की संभावना कम है, लेकिन यह दर्शाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने ट्रंप प्रशासन पर सार्वजनिक रूप से दबाव बनाना शुरू कर दिया है।



### फ्रांसीसी अफसरों नहीं मिल पाएंगे यूएस राजदूत

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि पेरिस में तैनात शीर्ष अमेरिकी राजनयिक को समन के लिए स्पष्टीकरण देना होगा और ऐसा न करने पर उन्हें सरकारी अधिकारियों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विदेश मंत्री के इस बयान के बाद पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सोमवार शाम को राजदूत चार्ल्स कुशनर को मुलाकात के लिए बुलाया था। कुशनर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद और सलाहकार जेयर्ड कुशनर के पिता हैं। अमेरिकी राजदूत को ट्रंप प्रशासन की उन टिप्पणियों के संबंध में बुलाया गया था, जिन पर फ्रांस ने आपत्ति जताई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ को बताया था अवैध

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को फैसला दिया कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस राशि का रिफंड आयातकों को मिल सकता है, लेकिन आम लोगों को यह रिफंड मिलना मुश्किल है, क्योंकि कंपनियों ने बढ़े हुए शुल्क का बोझ कीमत वृद्धि के रूप में उपभोक्ताओं पर डाल दिया था।

# अमेरिकी सेना का नौका पर हमला तीन की गई जान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कैरेबियन सागर में एक नौका पर हमला कर तीन लोगों को मार गिराया जिससे नशीले पदार्थों की कथित तस्करी की जा रही थी। यह कार्रवाई ट्रंप प्रशासन के संदिग्ध तस्करों के खिलाफ कई महीने से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। ट्रंप सरकार ने पिछले साल सितंबर की शुरुआत से समुद्र में छोटी नावों के जरिए नशीली दवाओं की तस्करी करने वालों (नार्को-टेररिस्ट) के खिलाफ यह अभियान शुरू किया था।

सोमवार को हुए इस हमले के बाद, ऐसी घटनाओं में अब तक मरने वालों की कुल संख्या कम से कम 151 हो गई है। अब तक इस तरह के 40 से ज़्यादा हमले हो चुके हैं। पिछले हमलों की तरह इस बार भी अमेरिकी दक्षिणी कमान ने यही कहा कि उन्होंने तस्करी के मार्गों पर मादक द्रव्यों के तस्करों को निशाना बनाया है। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि उस नाव में वाकई नशीले पदार्थ थे, लेकिन उन्होंने एक्स पर एक वीडियो डाला है। अमेरिकी कमान ने एक्स पर कहा कि खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई कि यह जहाज कैरेबियन सागर में तस्करी के जाने-माने रास्तों से गुजर रहा था और नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल था।

# अंडमान में हेलीकॉप्टर को समुद्र में उतारा गया

- हेलीकॉप्टर में चालक दल सहित सात लोग थे सवार

श्री विजयपुरम, एजेंसी

उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद पवन हंस के एक हेलीकॉप्टर को मंगलवार सुबह समुद्र में उतारना पड़ा, हालांकि उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों सहित सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। समुद्र के बीच से बचाए गए पांचों यात्रियों और चालक दल के दोनों सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक वरिष्ठ नागर विमानन अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने श्री विजयपुरम से सुबह 8:45 बजे उड़ान भरी थी और साढ़े नौ बजे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी का संकेत मिला है जिसके कारण पायलट को हेलीकॉप्टर समुद्र में उतारना पड़ा। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

पवन हंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे पोर्ट ब्लेयर से रंगत के लिए उड़ान भरी। सुबह 9:10 बजे मायाबंदर के लिए रवाना हुआ और साढ़े नौ बजे इसे उतरना था, लेकिन रनवे से लगभग 300 मीटर पहले उसे समुद्र में उतारना पड़ा। हेलीकॉप्टर में पांच यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

### ब्रिटिश एयरवेज के विमान को नागपुर उतारा गया

**नागपुर।** लंदन से हैदराबाद जा रहे ब्रिटिश एयरवेज के एक विमान को मंगलवार को तकनीकी खराबी का पता चलने पर नागपुर के डॉ बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि लंबी दूरी की इस बोइंग 787 उड़ान ने दोपहर लगभग 12:00 बजे एक छोटी तकनीकी खराबी की सूचना दी। इसके बाद पायलटों ने निकटतम उपयुक्त हवाई अड्डे पर तत्काल लैंडिंग की अनुमति मांगी।

### ईरानी सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश चार की मौत

**तेहरान।** ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को मध्य ईरान के एक बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किमी दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

# नेपाल में मतगणना के 24 घटे के भीतर आएंगे नतीजे

- पड़ोसी देश में आगामी पांच मार्च को होने वाले हैं आम चुनाव

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने सोमवार को कहा कि पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के नतीजे मतपत्रों की गणना के 24 घंटे के भीतर जारी कर दिए जाएंगे। हिमालयी देश में कुल 1.89 करोड़ पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों का चुनाव करेंगे।

इनमें से 165 सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से होगा जबकि 110 सांसदों का चुनाव आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत होगा, जो संसद में अल्पसंख्यकों व छोटे दलों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करती है। भंडारी ने एक निजी समाचार एजेंसी को बताया कि आयोग मतपेटियों को एकत्रित करते ही मतगणना शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत परिणाम घोषित करने में एक या दो दिन लग सकते हैं जबकि प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के परिणाम मतपत्र संग्रह के 24 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत सदन के 275 सदस्यों में से 110 सदस्यों का चुनाव देश भर में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल मतों के आधार पर किया जाता है। मतदाता प्रत्येक पार्टी के लिए अलग-अलग मतपत्र डालते हैं और प्रत्येक पार्टी को प्राप्त मतों के अनुपात में सीट आवंटित की जाती हैं।

# माओवादी देवूजी ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के शीर्ष कमांडर थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवूजी ने मंगलवार को तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह माओवादी संगठन का महत्वपूर्ण रणनीतिकार था। देवूजी प्रतिबंधित संगठन की महत्वपूर्ण केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो का सदस्य था।

उसने केंद्रीय समिति के सदस्य मल्ला राजी रेड्डी के साथ तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया। देवूजी और राजी रेड्डी के अलावा, दो अन्य माओवादियों बड़े चोक्का राव और नून नरसिम्हा रेड्डी ने भी हथियार डाल दिए। देवूजी को पार्टी के पोलित ब्यूरो की केंद्रीय समिति का सचिव चुना जाना था।

# तहव्वुर की रद्द हो सकती है कनाडा की नागरिकता

- पीएम कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा ने तेज की प्रक्रिया

टोरंटो, एजेंसी

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा की सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने के आरोपी पाकिस्तान मूल के व्यवसायी तहव्वुर राणा हुसैन की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है।

राणा (64) पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी रहा है। हेडली अमेरिकी नागरिक है। 'ग्लोबल न्यूज' को मिले दस्तावेजों के अनुसार, आव्रजन अधिकारियों ने राणा को सूचित किया है कि वे 2001 में उसे प्राप्त उसकी कनाडाई नागरिकता छीनने पर विचार कर रहे हैं। राणा 1997 में कनाडा आया था और बाद में अमेरिका में एक डेनिश अखबार के कर्मचारियों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। मुंबई में 26/11 हमले के कथित मास्टरमाइंड राणा को अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। नई दिल्ली में एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोप में नहीं, आवेदन पत्र में झूठी जानकारी देने के कारण रद्द की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**तुला** – आज पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ सकती है। आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** – आज अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आपकी दिनचर्या काफी बोरियत भरी हो सकती है।

**धनु** – आज दिन का प्रारम्भिक भाग तनावयुक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा से परेशानी होगी। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें।

**मकर** – आज दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है। विदेश यात्रा में समस्या होगी।

**सिंह** – आज जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**कुंभ** – आज नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे।

**कन्या** – आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रियल एस्टेट सम्बंधी डील से आपको लाभ होगा।

**मीन** – आज शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होगा। भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 26 फरवरी 02.40 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। **ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। **नक्षत्र**- रोहिणी 13.38 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |

### सुडोकू -72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | | 1 | |
| 8 | 2 | | | 1 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | 3 | | | 1 |
| | 6 | | 9 | | 7 | | 2 | |
| 9 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | | 6 | | | 5 | |
| | | 8 | | 9 | | | 4 | 6 |
| | 1 | | | 2 | | | | |

# पश्चिम बंगाल में छह कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

- बाधित रहा न्यायिक कार्य, पुलिस ने शुरू की जांच

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में मंगलवार को कम से कम छह अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद संबंधित परिसरों में बड़े पैमाने पर निकासी और तलाशी अभियान चलाया गया, जिससे न्यायिक कामकाज बाधित हुआ। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि अदालत परिसरों की तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कहा कि फर्जी धमकी वाले ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोलकाता की सत्र अदालत और बैंकशाल स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल तथा दुर्गापुर में उप-संभागीय अदालतों और हुगली जिले के चुचुरा और आरामबाग स्थित न्यायालयों को मंगलवार सुबह ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। उन्होंने बताया कि कोलकाता की सत्र अदालत और बैंकशाल स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के परिसरों को खाली करा लिया गया, जिसके बाद कोलकाता पुलिस के बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने खोजी कुत्तों के साथ वहां गहन जांच की।

अधिकारी के अनुसार, राज्य की अन्य अदालतों के परिसरों में भी इसी तरह के कदम उठाए गए किंतु कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## करें सामूहिक प्रयास

## नई दिल्ली में बोले संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत

# दुनिया में खामोश महामारी हैं सड़क हादसे

- ज्यां टॉड ने कहा, भारत में भी होती है हादसों में हजारों मौतें

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत ज्यां टॉड ने मंगलवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्व भर में एक खामोश महामारी हैं और इनमें होने वाली मौतों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। टॉड ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए एक वैश्विक जागरूकता अभियान भी शुरू किया।



उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्वभर में एक खामोश महामारी हैं, और भारत में भी ये हर साल हजारों लोगों की जान लेती हैं, जिससे देश भर के परिवारों और समुदायों पर गहरा असर पड़ता है।

ऐसे देश में जहां आवागमन में तेजी से वृद्धि हो रही है, सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करने से सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या कम करने में मदद मिल सकती है। उनकी भारत की वर्तमान यात्रा मराकेश घोषणा के 11 महीने बाद हो रही है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने सड़क सुरक्षा संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की थी। संबंधित घोषणा का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या को आधा करना है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी हुई हैं, जिनमें प्रतिवर्ष अनुमानित तौर पर 1,53,972 लोगों की जान चली जाती है, और मृत्यु दर 15.4 प्रति एक लाख है। पैदल यात्री, साइकिल और बाइक चालक विशेष रूप से असुरक्षित हैं, और अधिकतर मौत के मामले इन्हीं से संबंधित है।

### मेक सेफ्टी स्टेटमेंट अभियान की शुरुआत की

टॉड ने सड़क सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र-जेसीडिक्यूएक्स वैश्विक अभियान मेक सेफ्टी स्टेटमेंट' की शुरुआत की, जिसमें मशहूर हस्तियां सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए रोजमर्रा के उपायों को बढ़ावा देने की बात करती हैं। इस अभियान के तहत, सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी लोगों के समर्थन के महत्व को उजागर करने के लिए नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में डिजिटल बिलबोर्ड तथा पोस्टर लगाए जाएंगे, जिन पर ये बयान प्रदर्शित होंगे। भारत में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने इस अभियान का समर्थन करते हुए एक वीडियो जारी किया है।



गाबा में हुए 2003-04 की श्रृंखला के मैच में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जेसन गिलेस्पी की अपील पर सचिन तेंदुलकर को पगबाधा आउट देना मेरी गलती थी। मैंने उन्हें आउट क्यों दिया? क्या वह आउट था, वगैरह-वगैरह? लेकिन जिंदगी में गलतियां होती रहती हैं। –स्टीव बकनर, अंपायर


# स्टेडियम

कानपुर नगर, बुधवार, 25 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| श्रीलंका – न्यूजीलैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### महा ओपन: नागल जीते धामने भी आगे बढ़े

**पुणे, एजेंसी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया जबकि स्थानीय दावेदार मानस धामने ने भी जीत दर्ज की। नागल ने पहले दौर में जापान के सातवें वरीय रियो नोगुची को 6-1, 6-2 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने एक घंटे और नौ मिनट में मिली जीत के दौरान बेसलाइन से खेल को नियंत्रित किया और सीधे सेट में जीत दर्ज की। वाइल्ड कार्ड धारक धामने ने चैलेंजर सर्किट पर अपनी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले हफ्ते के दिल्ली चैलेंजर के विजेता यूनान के स्टेफानोस सकेलारिडिस को 6-4, 7-6 से हराया।

### धाविका पूजा आत्माराम पर तीन साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने खुलासा किया है कि भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम पिछले साल प्रतियोगिता के दौरान होने वाले डोप परीक्षण से पहले घबराकर भाग गई थीं और यह अपराध स्वीकार करने के बाद उन पर चार के बजाय तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। 30 वर्षीय पूजा 5000 मीटर और 10,000 मीटर स्पर्धाओं में भाग लेती हैं। उन्होंने 2024 में राजस्थान की तरफ से इंडियन ग्रां प्री दो में तीसरा स्थान हासिल किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले साल 23 नवंबर को मुंबई में इंडियन ऑयल डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन जीतने के बाद उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुना गया था।

### क्रिकेट खेलने के झगड़े में किशोर की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर इलाके में क्रिकेट के मैच को लेकर चार नाबालिगों में हुए झगड़े में 15 वर्षीय किशोर निशांत की हत्या कर दी गई। घटना सोमवार शाम को स्थानीय पार्क में क्रिकेट मैच को लेकर 12 वर्षीय एक लड़के और 15 वर्षीय किशोर के बीच बहस के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच बहस के चलते हाथापाई होने लगी। इसके बाद 12 वर्षीय लड़का अपने घर चला गया, जहां उसने रिश्ते के भाइयों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद तीनों किशोर पीड़ित की तलाश में निकल पड़े। शाम को उन्हें निशांत मिल गया। उनके बीच मारपीट हुई, जिसमें पीड़ित के गले और सिर पर चोटें आईं।

# कप्तान हैरी ब्रूक के शानदार शतक से इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**पाल्लेकल, एजेंसी।**

**आईसीसी टी20 विश्व कप**

- इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल

कप्तान हैरी ब्रूक की टी20 अंतरराष्ट्रीय में करियर की सर्वश्रेष्ठ 100 रन की पारी से इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के रोमांचक मैच में पाकिस्तान को पांच गेंद शेष रहते दो विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

शानदार लय में चल रहे साहिबजादा फरहान की 45 गेंद में 63 रन की पारी से पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' ब्रूक की 51 गेंद में 10 चौके और चार छक्के जडे। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके पहले शतक से इंग्लैंड ने पांच गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 166 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। ब्रूक ने पावरप्ले में तीन और 58 रन तक चार विकेट गंवाने के बावजूद पांचवें विकेट के लिए सैम कुरेन (15 गेंद में 16 रन) के साथ 28 गेंद में 45 और विल जैक्स (23 गेंद में 28 रन)



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

के साथ छठे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड के किसी कप्तान द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी है। इंग्लैंड लगातार पांचवीं बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने चार जबकि उस्मान तारिक और मोहम्मद नवाज ने दो-दो विकेट लिए। टीम में वापसी कर रहे अफरीदी ने लक्ष्य का बचाव करते हुए पहली गेंद पर ही फिल सॉल्ट को चलता करने के बाद अपने अगले ओवर में खराब लय में चल रहे जोस बटलर (दो) को पवेलियन की राह दिखा दी। दोनों का कैच विकेटकीपर उस्मान खान ने पकड़ा। अफरीदी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैकब बेथल (आठ) डीप स्क्वायर लेग पर फरहान के द्वारा लपके गये। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये उस्मान तारिक ने पहली ही गेंद पर टॉम बैंटम (दो) को चलता कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुरेन ने तारिक की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में नवाज को कैच दे दिया। बाद में जोफ्रा आर्चर ने आखिरी ओवर में चौका लगाकर इंग्लैंड को जीत दिला दी।




हैरी ब्रुक

# चक्रवर्ती को ऑफ स्पिनर की तरह खेल रहे हैं शीर्ष विदेशी बल्लेबाज

## वरूण का 10.40 इकोनॉमी रेट उनके करियर के 7.11 के इकोनॉकी रेट से कहीं अधिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

क्या कोई रहस्यमयी स्पिनर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक क्रिकेट खेलने के बावजूद अपनी गेंदबाजी का रहस्य बरकरार रख सकता है? यह बहस का मुद्दा है लेकिन यह साफ है कि बड़े बल्लेबाज अब भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंदों को सिर्फ हाथ से ही नहीं पढ़ रहे हैं बल्कि कोच ने भी उनसे निपटने के तरीके ढूंढ लिए हैं। आईपीएल और भारत के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलने वाली पाकिस्तान की टीम को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने तमिलनाडु के इस खिलाड़ी के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्पिनर के खिलाफ पिछले पांच मैच में 20 ओवर में 208 रन बने हैं जिसमें रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुआ टी20 विश्व कप का सुपर आठ मैच भी शामिल है।

चक्रवर्ती ने नौ विकेट चटकाए हैं लेकिन 10.40 का उनका इकोनॉमी रेट उनके करियर के 7.11 के इकोनॉकी रेट से कहीं अधिक है। तो फिन एलेन, ग्लेन फिलिप्स, डेवाल्ड ब्रेविस और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी असल में क्या सही कर रहे हैं? भारत के कई युवा स्टार बल्लेबाजों के साथ काम कर चुके मुंबई के पूर्व बल्लेबाज जुबिन भरूचा ने बताया, ''किसी भी गेंदबाज के लिए आप सबसे पहले उसके मजबूत पक्ष को नाकाम करते हैं। अगर यह गुगली है तो आप गुगली के लिए खेलते हैं या उसका अंदाजा लगाते हैं और वहीं से सामंजस्य बैठाते हैं।

राशिद खान के साथ भी ऐसा ही हुआ है। अब हर कोई उसे (राशिद) या वरुण को खेलने में बेहतर है क्योंकि वे गुगली के लिए खेल रहे हैं, वह गेंद जिस पर अधिकर बल्लेबाज आउट होते हैं।'' एसोसिएट देशों के लिए चक्रवर्ती को समझना मुश्किल रहा है लेकिन आईपीएल में खेलने वाले शीर्ष खिलाड़ी अब उन्हें एक ऑफ स्पिनर की तरह खेलते हैं जो गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की तरफ लाता है। भरूचा ने कहा, ''एसोसिएट देश उसका सामना नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उन्होंने पहले उसका सामना नहीं किया है। अधिकतर शीर्ष टीम उसे एक ऑफ स्पिनर की तरह खेलेंगी जो गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की तरफ लाता है।'' भरूचा का मानना है कि अगर विकेट सपाट होगा तो पाकिस्तान के उस्मान तारिक को भी इसी तरह संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''उस्मान तारिक के लिए भी यही होगा। उन्हें (रहस्यमयी स्पिनरों को) अपनी सभी अलग-अलग विविधता को धारदार बनाने के लिए पिच से थोड़ी मदद की जरूरत होती है। वरुण, तारिक, और राशिद शीर्ष स्तरीय गेंदबाज हैं और बल्लेबाजों को उनके खिलाफ परेशानी होगी लेकिन अगर सतह बिल्कुल सपाट है तो वे कुछ रन भी बना सकते हैं।

### परिवार में आपात स्थिति के कारण रिंकू घर लौटे

**चेन्नई, एजेंसी।** मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह मंगलवार को परिवार में आपात स्थिति के कारण घर लौट आए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। रिंकू यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत के ट्रेनिंग सत्र में शामिल नहीं हुए जबकि उनके बाकी साथी खिलाड़ियों ने नेट सत्र के दौरान मौजूद थे। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, ''रिंकू सिंह परिवार में आपात स्थिति की वजह से चेन्नई से घर वापस लौट गए हैं। वह चेपक में भारत के अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए।'' सूत्रों के मुताबिक रिंकू के पिता खानचंद सिंह को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक हॉस्पिटल में भर्ती हैं और इसलिए खिलाड़ी को वापस जाना पड़ा। रिंकू के अचानक चले जाने से इस बाएं हाथ के खिलाड़ी के बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत के 'करो या मरो' के सुपर आठ मुकाबले में खेलने को लेकर संदेह है। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 76 रन की हार के दौरान रिंकू खाता खोलने में नाकाम रहे थे जबकि नीदरलैंड के खिलाफ ग्रुप मैच में उन्होंने छह रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 11, नामीबिया के खिलाफ एक और अमेरिका के खिलाफ छह रन बनाए थे।



# न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करने को श्रीलंका को करना होगा सुधार

**कोलंबो, एजेंसी।**

श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। पाल्लेकल की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह से फ्लॉप रहे और 147 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए।

श्रीलंका की पिचें सह-मेजबान भारत की पिचों की तुलना में बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल रही हैं और प्रेमदासा पिच पर भी यही सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जहां बड़ी बाउंड्री के कारण छक्के लगाना आसान नहीं है। सुपर आठ के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों के शॉट चयन पर सवाल उठाए गए थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा। श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा, ''यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो यह कहना आसान है, करना मुश्किल।'' उन्होंने कहा, ''क्या इससे बेहतर विकल्प थे। निश्चित रूप से हो सकते थे। मैंने सोचा कि ऐसे विकेट पर जहां गेंद रुक कर आ रही हो, वहां तेजी से रन बनाना अच्छा विचार नहीं है। हमारे कुछ बल्लेबाज तेजी से रन चुराने के प्रयास में आउट हो गए थे। मुझे नहीं लगता कि इन परिस्थितियों में इस तरह से खुद को जोखिम में डालना अच्छा विकल्प था।'' पथुम निसांका ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालेज ने गेंदबाजी में प्रभावित किया है। न्यूजीलैंड को प्रेमदासा स्टेडियम में बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान के साथ एक अंक साझा करना पड़ा। उसके पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर सहित अच्छे स्पिनर हैं जो श्रीलंका के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।



**टीम**

**श्रीलंका :** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, कुसल जेनिथ परेरा, चैरिथ असलांका, जेनिथ लियानागे, पवन रथनायके, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, ईशान मलिंगा।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डैरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, इश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।

# शुभम के नाबाद शतक से जम्मू कश्मीर की शानदार शुरुआत

**रणजी ट्राफी फाइनल**

**हुबली, एजेंसी।**

शुभम पुंडीर ने शानदार नाबाद शतक बनाकर जम्मू और कश्मीर को मंगलवार को कर्नाटक के खिलाफ अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 284 रन के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

शुभम ने 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 221 गेंदों में 117 रन की नाबाद पारी खेली। कप्तान पारस डोगरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसके बाद पुंडीर ने यावर हसन (88) के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी करके टीम को मजबूत आधार प्रदान किया। पहले दिन का खेल खत्म होने से पहले शुभम ने अब्दुल समद (नाबाद 52) के साथ एक और शतकीय (अटूट 105 रन) साझेदारी कर ली। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दोनों विकेट लिए।

**स्कोरबोर्ड**

- **जम्मू-कश्मीर पहली पारी :**

कुल : (87 ओवर में दो विकेट पर) 284 रन
कामरान इकबाल का राहुल बो प्रसिद्ध 06
यावर हसन का राहुल बो प्रसिद्ध 88
शुभम पुंडीर नाबाद 117
परस डोगरा रिटायर हर्ट 09
अब्दुल समद नाबाद 52

- **अतिरिक्त** : 12

विकेट पतन : 1-18, 2-157, 2-179 (रिटायर हर्ट)

- **गेंदबाज़ी :**

विद्याधर पाटिल 16-0-66-0
विजयकुमार विशाक 18-0-25-0
प्रसिध कृष्णा 16-5-36-2
श्रेयस गोपाल 17-1-79-0
शिखर शेट्टी 20-0-68-0



कर्नाटक के खिलाफ शार्ट लगाते जम्मू और कश्मीर के बल्लेबाज यावर हसन।

# भारत के खिलाफ हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी

**मुंबई, एजेंसी।**

जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।

वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी।



जिम्बाब्वे के कोच जस्टिन सैमन्स।

भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 83 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, ''हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।'' उन्होंने कहा, ''इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।''

# स्पेन से शूट आउट में 3-4 से हारा भारत

**एफआईएच प्रो लीग**

**होबार्ट, एजेंसी।**

भारत का एफआईएच पुरुष प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा जब यहां स्पेन के खिलाफ निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनिंदर सिंह के गोल से 59वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखने के बावजूद भारत ने अंतिम लम्हों में स्पेन को बराबरी का मौका दिया जब ब्रूनो फॉन्ट ने गोल दागकर मैच को शूटआउट में खींच दिया।



मैच खेलते भारतीय खिलाड़ी।

स्पेन ने मैच में जोरदार शुरुआत की। टीम ने चौथे मिनट में ही अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन ड्रैग फ्लिक को भारतीय गोलकीपर मोहित ने आसानी से बचा लिया। स्पेन को लगा कि उन्होंने आठवें मिनट में बढ़त बना ली है लेकिन जोस बास्टेरा के गोल को अस्वीकार कर दिया गया। दबाव से उबरते हुए भारत ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन अमित रोहिदास की ड्रैग फ्लिक को स्पेन के गोलकीपर लुई कैलजाडो ने नाकाम कर दिया। भारत को सफलता 19वें मिनट में मिली। कप्तान हार्दिक सिंह ने स्पेन के एक खिलाड़ी को पछाड़ते हुए गेंद मनिंदर की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। स्पेन ने पलटवार करते हुए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन पेपे क्यूनिल के शॉट को सूरज करकेरा ने बचा लिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे थी। शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह गोल करने से चूक गए जिससे भारत को 3-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को इस मुकाबले से सिर्फ एक अंक मिला। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को होबार्ट चरण के चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत यहां पहले चरण में स्पेन से 0-2 से हार गया था जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 4-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**महिला एकदिवसीय मैच**

**48 .3 ओवर में 214 रन पर आल आउट हो गई भारतीय टीम**

# मूनी और हीली ने दिलाई ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ जीत

**ब्रिस्बेन , एजेंसी**

एशले गार्डनर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन तथा बेथ मूनी और कप्तान एलिसा हीली के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 70 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (84 गेंदों में 53 रन) और उप कप्तान स्मृति मंधाना (68 गेंदों में 58 रन) के अर्धशतकों के बावजूद उसकी टीम 48.3 ओवर में 214 रन पर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई और उसने केवल 38.2 ओवर में चार विकेट पर 217 रन बनाए। हीली (70 गेंद पर 50 रन) के अर्धशतक की मदद से उसने अच्छी शुरुआत की। इसके बाद मूनी (79 गेंद पर 76 रन) और एनाबेल सदरलैंड (44 गेंद पर नाबाद 48 रन) ने चौथे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत सुनिश्चित की। भारत की उप कप्तान मंधाना ने मैच के बाद कहा, ''शुरू में ही दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करना आसान नहीं था लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन किया। विकेट वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था। हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और बहुत अधिक बदलाव करने की जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''हमें बल्लेबाजी में सामूहिक प्रदर्शन करना होगा लेकिन हम इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। अभी हमारे पास दो दिन का समय है। हम मजबूत वापसी करेंगे।'' हीली और



शार्ट खेलती ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी।

फोबे लिचफील्ड (32 गेंद पर 32 रन) ने सहजता से रन बटोरते हुए पहले विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत के घुटने में चोट लगने के कारण कप्तानी कर रही मंधाना ने बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (41 रन देकर दो विकेट) को 11वें ओवर में गेंद सौंपी। उन्होंने अपनी तीसरी गेंद पर ही लिचफील्ड को विकेट के पीछे कैच करा कर भारत को पहली सफलता दिलाई। श्री चरणी ने अगली गेंद पर नई बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल को कवर में मंधाना के हाथों कैच आउट कराया। हीली ने इसके बाद मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की।

अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही हीली ने 69 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके तुरंत बाद क्रांति गौड़ की गेंद पर स्क्वायर कट लगाकर बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़ी जेमिमा रोड्रिग्स को कैच दे बैठी। मूनी ने श्री चरणी पर छक्का जड़कर 58 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। अपनी इस पारी के दौरान मूनी ने वनडे में 3000 जबकि सदरलैंड ने 1000 रन पूरे किए। मूनी ने अंतिम क्षणों में आउट होने से पहले अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। सदरलैंड ने चार चौके और दीप्ति शर्मा पर विजयी छक्का लगाया।